सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-254 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 23 फरवरी 2024
12 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



गोरखपुर में आयकर विभाग के नवनिर्मित भवन का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया लोकार्पण

# हर जिला सीएम योगी के लिए हेडक्वार्टर : वित्त मंत्री

**विकास**

- केंद्रीय वित्त मंत्री ने की सीएम योगी की सराहना
- योगी जी बहुत ही डायनमिक सीएम

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। सीएम योगी के लिए उन्होंने डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।

आयकर विभाग के भवन लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने सीएम योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी जी साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले चीफ मिनिस्टर योगी जी हैं। वह इंजन की तरफ प्रदेश में घूमकर काम रहते हैं। हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा।

प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर श्रीमती सीतारमण ने कहा, फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था। वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.77 प्रतिशत बढ़ा है। इसके साथ ही अप्रैल 2023 से 10 जनवरी 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ-सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपये की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है। फेसलेस सिस्टम के चलते शिकायतों में 60 प्रतिशत कमी आई है। आयकर विभाग प्रतिदिन 1.66 करोड़ असेसमेंट कर लेता है जबकि एक सप्ताह में 3.43 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है। यह परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के 9 जनपदों के 6200 गांवों में रहने वाले 29 लाख किसानों को सिंचाई की सुविधा दे रही है। इस परियोजना के शुरू हो जाने से 14 लाख हैक्टेयर भूमि का सिंचन आसान हुआ है।



## मोदी सरकार में सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व की सरकार बार बार यह साबित कर रही है कि जिसका शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी होगा। सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी ही मोदी जी की गारंटी है। अपनी बात को और स्पष्ट करने के लिए उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश की चार प्रमुख परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने बताया कि गोरखपुर के खाद कारखाना और एम्स का शिलान्यास जुलाई 2016 में किया गया और दिसम्बर 2021 में इन सभी का लोकार्पण भी हुआ। गोरखपुर में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के रीजनल सेंटर का 2018 में शिलान्यास हुआ तो दिसंबर 2021 में उद्घाटन भी। 1978 से लंबित सरयू नहर परियोजना का उद्घाटन दिसंबर 2021 में पीएम मोदी ने किया।

## सात साल में यूपी की जीडीपी व प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत तेजी के साथ आगे बढ़ती नई अर्थव्यवस्था है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हम देश पर 200 वर्ष शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश के साथ ही उत्तर प्रदेश ने भी अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है। पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है।

# मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी की गारंटी : प्रधानमंत्री

- नवसारी में गरजे प्रधानमंत्री मोदी
- बच्चा-बच्चा कह रहा, मोदी ने जो कह दिया वो कर के दिखाता है



**नवसारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवसारी में काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित अन्य विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इससे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले वडोदरा, नवसारी, भरूच, सूरत और दूसरे क्षेत्रों को हजारों करोड़ रुपये के नए प्रोजेक्ट्स मिले हैं। टेक्सटाइल बिजली और शहरी विकास से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं के लिए सभी को बधाई। आजकल पूरे देश में एक चर्चा जोरो पर चल रही है। वह चर्चा है मोदी की गारंटी। देश का बच्चा-बच्चा कह रहा है मोदी ने जो कह दिया वे करके दिखाता है। मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां दूसरों से उम्मीद खत्म होती है। देश के गरीब को पहली बार ये भरोसा हुआ है कि उसे पक्का घर मिलेगा, क्योंकि मोदी की गारंटी है। गरीब को पहली बार ये

**भरोसा**

भरोसा हुआ है कि उसे कभी भूखा नहीं सोना पड़ेगा, उसे दर्द नहीं सहना पड़ेगा क्योंकि मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब मैं गुजरात में था तो 5एफ की बात करता था। इसका मतलब था- फॉर्म, फॉर्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन, फैशन टू फॉरेन। यानी किसान कपास उगाएगा, कपास फैक्ट्री में जाएगा, फैक्ट्री में बने धागे से परिधान बनेंगे, यही परिधान विदेशों के लिए निर्यात होंगे। पीएम मित्र पार्क भी इसी अभियान का हिस्सा है। नवसारी में जिस पीएम मित्र पार्क का काम शुरू हुआ है, वो टेक्स्टाइल सेक्टर के लिए देश का पहला ऐसा पार्क है।

# अबकी बार 400 पार : राजनाथ

**हमला**

- पीएम मोदी ने राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को किया समाप्त



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार शब्दों में नहीं काम में विश्वास करती है, और इस बात पर जोर दिया कि 2019 के चुनाव घोषणा पत्र में पार्टी द्वारा किए गए वादों और प्रतिबद्धता को कार्रवाई में तब्दील किया गया है। सिंह ने ओडिशा की एक दिवसीय यात्रा की, जिसके दौरान उन्होंने आगामी 2024 लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनावों से पहले दो सार्वजनिक बैठकों और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। नवरंगपुर में राजनाथ सिंह ने कहा कि बीजेपी भारत की एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो कहती है वो करती है। कांग्रेस चुनाव के समय जनता के बीच जाते हैं वादे करते हैं और चुनाव बीत जाने के बाद वादे को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता के संकट की इस चुनौती को पहली बार किसी ने स्वीकार किया है, तो वो हैं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने किया है। उन्होंने कहा कि ओडिशा के साथ मेरा एक भावनात्मक जुड़ाव है क्योंकि जब मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था तो 2006 में 'भारत सुरक्षा यात्रा' लेकर देश के अनेक राज्यों में जाना हुआ था।

## सीबीआई ने जांच को लेकर सीलबंद लिफाफे में सौंपी स्थिति रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को अदालत के समक्ष दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में आगे की जांच पर विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर दी। अदालत ने सीबीआई को आगे की जांच पर विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही अदालत ने सीबीआई मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि 12 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के वकीलों को रिपोर्ट देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान कुछ वकीलों ने सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल करने पर आपत्ति जताई।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की पुश्तैनी हवेली पर तीन घंटे चली कार्रवाई



**बागपत।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के पैतृक गांव हिसावदा में गुरुवार सुबह सीबीआई की टीम ने उनकी पुश्तैनी हवेली पर छापा मारा। इस दौरान टीम तीन घंटे तक रही और पुश्तैनी हवेली में सत्यपाल मलिक के हिस्से के चार कमरे खुलवाकर देखे गए। इसके अलावा परिवार के कई लोगों से पूछताछ की गई। बताया गया कि छापामारी के दौरान सीबीआई की टीम को पूर्व राज्यपाल की पुश्तैनी हवेली से कुछ नहीं मिल सका। इसके बाद टीम वापस लौट गई। गाजियाबाद से सीबीआई के इंस्पेक्टर ऋषभराज के नेतृत्व में सात सदस्यों की टीम जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक के पैतृक गांव हिसावदा में स्थानीय पुलिस के साथ पहुंची। वहां टीम सुबह करीब सवा नौ बजे सबसे पहले पुश्तैनी हवेली में पहुंची।

# किसान आंदोलन : 26 को देशभर में ट्रैक्टर मार्च

**आक्रोश**

- 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत
- 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग
- डब्ल्यूटीओ का पुतला फूकेंगे किसान



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक हुई। इसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। वहीं 26 फरवरी को देशभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला लिया है।

किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहां ने बताया कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूकेंगे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दुख जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। किसान नेताओं ने कहा कि किसान संगठन पूरे देश में रोष और काला दिन के रूप में प्रदर्शन करेंगे। किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक जांच की जाए। हरियाणा के सीएम व गृह मंत्री के खिलाफ भी केस दर्ज करने की मांग उन्होंने की। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग भी संयुक्त किसान मोर्चा ने की। 14 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत करेंगे। यह फैसला बैठक में लिया है। वहीं 26 फरवरी को किसानों ने ट्रैक्टर मार्च का एलान किया है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 26 फरवरी को देशभर में किसान हाइवे पर ट्रैक्टर मार्च करेंगे।

# दिल्ली में केजरीवाल-कांग्रेस का समझौता

**चुनाव**

- पांच लोकसभा सीट पर कांग्रेस, दो पर आप रही दूसरे नंबर पर थी
- गुजरात और हरियाणा में भी तालमेल के आसार

**नई दिल्ली।** कई राज्यों में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने के बाद अब उनके नेताओं में आपसी तालमेल कुछ बेहतर होती दिखाई पड़ रही है। एक दिन पूर्व यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच तालमेल बन जाने के बाद दिल्ली में भी आप और कांग्रेस के बीच समझौता हो सकता है।

समझौते में आम आदमी पार्टी को चार सीटें और कांग्रेस को तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है। इससे विपक्ष के नेताओं में काफी जोश दिखाई पड़ रहा है। भाजपा ने दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीट पर 2019 में 50 फीसदी या उससे अधिक मत प्रतिशत के साथ जीत दर्ज की थी। अब तक की जानकारी के अनुसार, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में 4-3 के फॉर्मूले पर समझौता हो सकता है। इसमें कांग्रेस को पूर्वी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक की सीट मिल सकती है।

## भाजपा को हराने में होंगे कामयाब

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नेता मुदित अग्रवाल ने कहा कि दोनों दलों में सीटों के मामले पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है। जो भी निर्णय होता है, जल्द ही लोगों के सामने आ जाएगा। कांग्रेस हर सीट पर मुकाबला करने के लिए तैयार है। लेकिन इतना तय है कि दोनों दलों के साथ आने से भाजपा को हर सीट पर कड़ी टक्कर मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि इस बार दिल्ली में कांग्रेस बेहतर सफलता दर्ज करेगी।

## 4-3 के फॉर्मूले पर आप और कांग्रेस में समझौता हो सकता है





अवधनामा



# जिलाधिकारी ने की कर करेत्तर की बैठक



## लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें: डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं रिव्यू करे।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्रास्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय।डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। जिन विभागों की प्रगति खराब है, लक्ष्य पूरा नहीं किया है, वह उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वह लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब प्रगति वाले विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कराए।डीएम ने परिवहन, स्टांप, राज्यकर, वन, विद्युत की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बेहतर ना होने पर नाराजगी जताई, कारण जाना। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। वही लक्ष्य के सापेक्ष बेहतर प्रगति पर डीएम ने एआरएम रोडवेज की सराहना करते हुए तालियां बजवाई।डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, डीईओ राजवीर सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, मां बेटे की मौत

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मां बेटे की सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र धौरहरा के गदियाना निवासी स्व0 लतीफ की 38 वर्षीय पत्नी मोसिमा अपने 3 वर्षीय पुत्र शरीफ की दवा लेने गांव से खरवहिया बाजार के लिए गांव के ही निवासी बाईक चालक पलुवा पुत्र शाफी के साथ जा रही थी कि गांव के बाहर सुखनी पुलिया के पास गदियाना निवासी शकील मुल्ला के अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाईक को टक्कर मार दी। जिससे मां बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने घायल पलुवा को सामुदायिक केन्द्र धौरहरा भेज दिया वहीं दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया।

## एक अदद देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढुआ पुलिस द्वारा एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद करके अभियुक्त सलमान उर्फ सलीम पुत्र युसुफ निवासी ग्राम सुथना बरसोला थाना तिकुनिया खीरी को मजरा पूरब रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 63/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

## ज्वाइन नही कर पाए हँस हंसाराम

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर के लोक निर्माण विभाग खण्ड -1 में तैनात रहे अधिशाषी अभियंता हंसाराम के तबादले को कोर्ट ने निरस्त कर लखीमपुर में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता खण्ड -1 के पद पर पुनः ज्वाइन करने का आदेश दिया है गुरुवार सुबह जब पदभार ग्रहण करने पहुंचे अभियंता तो मौजूद अभियंता ने कार्यालय में जड़ दिया ताला।

## जल्द ही शुरू होगी अस्पताल में थायरॉयड की जांच

**लखीमपुर खीरी।** थायरायड एक आम बीमारी है। यह तेजी से अपने पांव पसार रही है। खासकर महिलाओं में गर्भावस्थात के दौरान थायरॉयड की समस्या खूब देखने को मिलती है। इसकी समय रहते जांच और इलाज मिलने को अब मशीन आ गयी है।जल्दी ही इसको शुरू कर दिया जाएगा। सीएमएस डा. आईकेराम चंदानी ने बताया कि जिला अस्पताल एमसीएच विंग में थायरॉयड की मशीन आ गयी है। जल्द ही इसको शुरू कर दिया जाएगा। थायरॉयड तितली के आकार की एक ग्रंथि होती है। शरीर की कई जरूरी गतिविधियों को नियंत्रित करती है। विशेषज्ञ कहते हैं कि थायरॉयड दो प्रमुख हार्मोन पैदा करती है। ट्राईआयोडीनथायरोक्सिन यानी टी 3 और थायरॉक्सिन यानी टी 4 के नाम से जाना जाता है। जब शरीर अधिक या कम थायरॉयड हार्मोन बनाता है।

# उपश्रमायुक्त से प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान धन योजना की ली जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का एक शिष्टमंडल आज महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर महामंत्री स.सुरेन्द मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में उप श्रमायुक्त अनुपमा गुप्ता से मिले और श्रमिकों तथा व्यापारियों के बीच समन्वय बनाने के साथ केन्द्र सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए चलायी जा रही प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मान धन योजना की जानकारी ली। आज लेबर कॉलोनी स्थित उपश्रमायुक्त कार्यालय में व्यापारी प्रतिनिधि पहुंचे और उपश्रमायुक्त से भेंट की। उप श्रमायुक्त अनुपमा गुप्ता ने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना छोटे व्यवसाय मालिकों और खुदरा विक्रेताओं के लिए एक सेवानिवृत्ति कार्यक्रम है। 60 वर्ष की आयु के बाद, यह छोटे व्यवसाय मालिकों, खुदरा व्यापारियों और स्व-रोज़गार व्यक्तियों को न्यूनतम रुपये की मासिक पेंशन की गारंटी देता है। 3,000 प्रति माह. नामांकन के क्षण से 60 वर्ष की आयु तक, उन्हें पेंशन प्राप्त करने के लिए योजना में मासिक योगदान देना होगा। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ग्राहकों के खातों में एक समान योगदान जोड़ेगी। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के लिए ऑन लाईन प्रक्रिया है, जो व्यापारी इस योजना के अंतर्गत आते हैं, उन्हें ऑनलाईन आवेदन कर इस योजना का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका विभाग व वहस्वयं व्यापारियों के सहयोग प्रदान करेगी तथा उनकी मार्गदर्शन करेंगी। उन्होंने बताया कि ताया कि स्व-रोज़गार व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना, योजना नामक एक सरकारी कार्यक्रम, जिसे प्रधान मंत्री लघु व्यापारी मान-धन योजना कहा जाता है, व्यापारियों जैसे छोटे पैमाने के व्यापार मालिकों को बुढ़ापे के खिलाफ सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षा प्रदान करता है। . इस योजना में छोटे स्तर के व्यापारी, खुदरा विक्रेता और व्यापारी शामिल हैं।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा के सम्मेलन में एक जुटता का आह्वान



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाजपा पिछडा मोर्चा के आयोजित सामाजिक सम्मेलन में समाज को एकजुट कर लोस चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने का आह्वान किया गया। आज दिल्ली रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित सामाजिक सम्मेलन में कलाल समाज के कर्णवाल वालिया जायसवाल ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। कलाल क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक विनीत कर्णवाल ने कहा कि हमारा समाज कर्णवाल वालिया जायसवाल सभी भाजपा के साथ जुड़ा हुआ है। इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को विजयश्री दिलाएंगे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, पूर्व प्रथम महापौर संजीव वालिया, पूर्व विधायक नरेश सैनी, राहुल लखनपाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता शशि वालिया, सुखचैन वालिया, अल्पना तलवार, मंत्री सारिका वालिया, प्रमोद कर्णवाल, प्रधान अमित वालिया, प्रधान संजय वालिया, महामंत्री प्रवीण वालिया, जगन्नाथ यात्रा के अध्यक्ष भारत कर्णवाल, कलाल क्षत्रिय महासभा के मंडल महामंत्री संजीव कर्णवाल, बॉबी, राजीव भरतरी, विराट जायसवाल, गगन कर्णवाल, अमित कंवल, सत्य प्रकाश कंवल, शरद जायसवाल, नरेश जायसवाल, दिनेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, डॉक्टर अजय वालिया, कुकू वालिया, विनोद वालिया, प्रमोद वालिया, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुनील पंवार भी मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने दिए 56 स्वर्ण पदक एवं 12755 उपाधि

## कुलपति ने दिलाई उपाधि प्राप्तकर्ताओं को शपथ, दिया दीक्षोपदेश

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** कुलाधिपति व राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय किसी भी राष्ट्र को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इनके द्वारा दी गयी शिक्षा-दिक्षा से ही युवा देश की प्रगति में अपना सकारात्मक योगदान देते हैं। 20 वीं सदी के प्रारम्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं.मदन मोहन मालवीय सहित अनेक विद्वान लोगों ने विश्वविद्यालय प्रारम्भ किए। यह विश्वविद्यालय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रवाद के केन्द्र थे। विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने के केन्द्र न बनते हुए स्थानीय जरूरतों के अनुसार शोध एवं विकास में योगदान दें तथा क्षेत्र की समस्याओं का सरल समाधान उपलब्ध कराएं।

कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती आनंदीबेन पटेल जनमंच सभागार में मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं पदम श्री योगाचार्य भारत भूषण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा 06 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 49 कुलपति स्वर्ण पदक एवं एक छात्रा को शत-प्रतिशत अंक के लिए प्रायोजित स्वर्ण पदक दिया गया। यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में कुल 12755 छात्रों को उपाधियां दी गयी। इसमें 4077 छात्र एवं 8677 छात्राएं शामिल है। आंगनबाडी को पांच किट देने के साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय सरकडी शेख, आसनवाली, पुंवारका के 30 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए। राज्यपाल द्वारा इन छात्र-छात्राओं को 200 पुस्तकें भी दी गयी। इसी के साथ 12755 उपाधियों की सूची पर हस्ताक्षर किए एवं उपाधियों को डिजीलॉकर पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया। राज्यपाल ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय रिकार्ड संख्या में वैश्विक रैंकिंग में प्रवेश कर रहे है। उत्तर प्रदेश के अनेक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहे है।

# 24 फरवरी को मुरादाबाद पहुंचेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

## यात्रा को सफल बनाने के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे मुरादाबाद: मुजफ्फर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौ.मुजफ्फर अली ने कहा कि आगामी




24 फरवरी को सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुरादाबाद पहुंच रही है, जिसमें सभी कार्यकर्ता वहां पहुंचकर यात्रा को सफल बनाने का काम करें। आज कांग्रेस कार्यालय पर आज देश के प्रथम शिक्षा मंत्री डॉ.अब्दुल कलाम आजाद की पुण्य तिथि पर उनका भाव पूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा एवं पूर्व एमएलसी चौधरी गजे सिंह के साथ समस्त कांग्रेसजनों ने आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री डॉ अब्दुल कलाम आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बैठक में डॉ अब्दुल कलाम आजाद को नमन करके चौधरी मुजफ्फर अली ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की षभारत जोड़ो न्याय यात्राष् के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के यात्रा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। चौधरी मुजफ्फर ने बताया की सहारनपुर जनपद से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता 24 फरवरी को मुरादाबाद पहुंचकर यात्रा में शामिल होंगे। चौ. मुजफ्फर ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगामी 24 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से शुरू होकर संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा जनपदों से गुजरेगी। चौ. मुजफ्फर ने कहा कि राहुल गांधी देश के सभी वर्गों के नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा हर कार्यकर्ता राहुल की इस मुहिम की सफलता के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगा। मुजफ्फर अली ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरूद्ध संघर्ष का बिगुल फूंक चूका है और आगामी चुनावों में जनता का विश्वास जीतकर भाजपा को हराएगा। पूर्व एमएलसी चौधरी गजे सिंह एवं महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में समस्त कांग्रेसजनों से मुरादाबाद पहुंचकर यात्रा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि उनका हर कदम राहुल को ताकत देते हुए, देश को मजबूती और सभी नागरिकों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगा। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने बताया की महानगर महानगर कांग्रेस सैकड़ो कार्यकर्ता 24 तारीख को मुरादाबाद पहुंचकर इस ऐतिहासिक यात्रा के गवाह बनेंगे। बैठक में वरिष्ठ नेता काज़ी शौकत हुसैन, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी मनीष त्यागी, उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव सोनू पठान, सेवादल जिलाध्यक्ष इमरान कुरेशी, सेवादल महानगर अध्यक्ष अमरदीप जैन, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, दुष्यंत राणा, चेतन लाल, वीर सेन उपाध्याय, गुलफाम अन्सारी, मधु सहगल, मुख्तियार अंसारी, असगर आलम, शाजिया नाज़, नसीब ख़ान, नीरज कपिल, इकराम खान, विक्रम चंदेल, सौरभ भारद्वाज, धनश्याम पन्त, पंडित सुमन शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, मोहम्मद आजम, बरकत अंसारी, अमरीश गौतम, सचिन कुमार, कौसर अब्बास, इकराम अंसारी, सतपाल बर्मन, जमशेद अहमद, शकील अहमद, मुंतज़िर अहमद, मोहम्मद इसरार अहमद, रवि कुमार, अश्वनी कुमार, अजीम, मोहम्मद यूनुस, जिया अब्बास जैदी, इरशाद प्रधान, प्रभजीत सिंह, बड़ी संख्या में साथी मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय धनेश्वरपुर में स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

*अवधनामा संवाददाता*




**गोंडा।** वजीरगंज ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय धनेश्वरपुर में स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र कौशल के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा,विशिष्ठ अतिथि वीरेंद्र नाथ सिंह, ए आर पी धीरेन्द्र प्रताप सिंह,संजय कुमार, घनश्याम मौर्य, अशोक कुमार मौर्य एवम गंगेश्वर प्रसाद, अनुराग तिवारी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवम माल्यार्पण के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक नरेंद्र कौशल के द्वारा किया गया। स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना ,स्वागत गीत एवम विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिला प्रशिक्षक तुफैल अहमद के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तुफैल अहमद ने बताया कि कुल 75 बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिसमे टेंट निर्माण, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा भावना आदि पर बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया है, कुल 8 टेंट का निर्माण बच्चों के द्वारा किया गया है । कार्यक्रम को संबंधित करते हुए ए आर पी संजय कुमार ने स्काउट गाइड के गठन एवम उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विपरीत परिस्थितियों एवम प्राकृतिक आपदाओं में कैसे स्काउट गाइड कार्य करते है। कार्यक्रम को ए आर पी धीरेंद्र प्रताप सिंह अशोक कुमार मौर्य, घनश्याम मौर्य, गंगेश्वर प्रसाद के द्वारा संबोधित किया गया। प्रधानाध्यापक ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय विद्यालय के समस्त स्टाफ सहायक अध्यापक राजू गुप्ता, नेहा सिंह शिक्षा मित्र नरेंद्र बहादुर सिंह, सारिका सिंह, मालती देवी एवम रसोइया प्रेमा देवी, रजकला, एवम सावित्री देवी आदि को दिया। कार्यक्रम की सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स के कार्यकर्ता विनीत सिंह,राजेंद्र वर्मा के द्वारा भी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों द्वारा निर्मित टेंट एवम अन्य गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

सभी अतिथियों ने बच्चो द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण की सराहना की। अंत में अतिथियों द्वारा बच्चों को एवम प्रधानाध्यापक द्वारा सभी अतिथियों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## फूस के मकान में लगी आग, महिला समेत दो झुलसे

**मोतीगंज, गोण्डा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत सूर्यबली बनकटी गांव में आग लगने से एक महिला व वृद्ध झुलस गए और उसकी 6 बकरियों समेत पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित गरीब अहमद ने बताया कि अग्निकांड में 6 बकरियां, बर्तन, कपड़ा, राशन, जलकर राख हो गया। पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर आग लगाने की आशंका जताते हुए थानाध्यक्ष से शिकायत की है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंची और घटना के बारे में परिजनों से जानकारी हासिल की। थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए आर्थिक मदद की। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्रीय लेखपाल केशव चरन ने बताया कि अग्निकांड में 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट तहसील सदर प्रशासन को भेजी जा रही है।

# प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर राजनीतिक हल्कों में चर्चाओं का बाजार है गर्म



वैभव सिंह



कीर्तिवर्धन सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

गोण्डा। गोंडा लोकसभा को लेकर सपा के द्वारा पिछडे वर्ग से घोषित प्रत्याशी श्रेया वर्मा से वर्तमान परिदृश्य मे भाजपा के पिछड़े वर्ग से टिकट देने की अटकलों को विराम मिला वही भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 का चुनाव जीतकर संसद में पहुंचने वाले मनकापुर रियासत के कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर राजनीतिक हल्कों में पिछले कुछ महीनों से चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। भाजपा के कभी कद्दावर नेता रहे सत्यदेव सिंह के पुत्र वैभव सिंह की टिकट मिलने को लेकर चर्चा है वैसे इस बार भाजपा नेतृत्व गौरा से विधायक प्रभात वर्मा को गोण्डा लोकसभा सीट पर उतारकर समाजवादी पार्टी के पिछड़ा कार्ड की हवा निकाल सकती थी पर सपा ने भाजपा के पिछडे कार्ड पर चौका लगा दिया । वहीं दूसरी तरफ युवा भाजपा नेता महेश नरायन तिवारी भी ब्राह्मणों के जाने पहचाने चेहरा है वह भी टिकट मांग रहे हैं जनपद के राजनीतिक गलियारों मे पिछले कुछ महीनों से गोण्डा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया मीडिया की सुर्खियों में छाये रहे हैं। अपने गृह कस्बे मनकापुर में स्थित मकान व भूमि पर कब्जा करने के सनसनीखेज आरोप जहा लगे वही इस मामले में सांसद समेत 12 नामजद व 50-60 अज्ञात के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट आदेश पर डकैती समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया हुआ है। वहीं, 13 फरवरी को पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर मुकुंद गुप्ता की सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह के दामाद द्वारा पिटाई करने का मामला सुर्खियों में छाया रहा इससे राजा भैया के इमेज को लेकर लोग चर्चा करते नजर आये जिससे सांसद के साथ ही सरकार और पार्टी की भी अच्छी खासी किरकिरी हुई। मामला तूल पकड़ता देखकर आनन-फानन में मामले को मैनेज किया गया। इन घटनाओं से पहले भी सांसद के करीबियों द्वारा किए गए कई हाई-प्रोफाइल मामले जिले की राजनीति में चर्चा का केंद्र रहे। इन घटनाओं से न सिर्फ सांसद की स्वच्छ छवि पर आंच आई, बल्कि सरकार के भ्रष्टाचार और क्राइम पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर भी सवाल खड़े किए गए। हालांकि, आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कीर्तिवर्धन सिंह ने डैमेज कंट्रोल करने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन इसी बीच गोण्डा सीट पर चुनाव लड़ने का मंसूबा पालने वाले भी तेजी से सक्रिय हो गए और सांसद के करीबियों द्वारा की गई घटनाओं को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाकर यह साबित करने में जुट गए कि कारिंदों की कारस्तानियों तथा आमजन के लिए उपलब्ध न रहने के कारण राजा भैया का रसूख कम हो रहा है। ऐसे में पिछले कई महीने से जिले के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा खूब गर्म है कि इसी बीच गोण्डा सीट पर समाजवादी पार्टी के पिछड़ा कार्ड के रुप मे केन्द्रीय मंत्री रहे स्व बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा के मैदान मे आने से राजनीतिक गलियारों मे हलचल मच गया है भाजपा के पिछडे वर्ग के नेता के रुप मे गौरा सीट से पार्टी के विधायक प्रभात वर्मा को उतारने को लेकर वर्मा के लोग चर्चा करते नजर आये। हालांकि, अभी ऐसे किसी भी कयास या चर्चा पर पार्टी के जिम्मेदार कुछ भी कमेंट करने से बच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, भाजपा युवा नेता महेश नरायन तिवारी भी राजनीतिक विरासत के फैलाव और दमदार छवि को लेकर ब्राह्मणों के पहली पसंद बनकर उभर रहे हैं और वह भी मोदी सरकार की नितियो को जन जन तक पहुचाने के लिए लगातार लगे है और टिकट के लिए प्रयासरत है वही भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व पूर्व सांसद स्वर्गीय सत्यदेव सिंह के पुत्र वैभव सिंह के नाम की भी चर्चा जोरों पर है।

## श्रेया वर्मा के जरिए कुर्मी वोटों को साधने की समाजवादी चाल से भाजपा के लिए चुनौती होगी

समाजवादी पार्टी ने इस बार गोण्डा सीट पर स्व बेनी प्रसाद वर्मा की पोती व पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की पुत्री श्रेया वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर पिछड़ा कार्ड खेला है। दरअसल, इस सीट के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुर्मी वोटरों की संख्या मुस्लिम व ब्राह्मण मतदाताओं के बाद सर्वाधिक है। ऐसे में माना जाता है कि यदि श्रेया वर्मा सजातीय मतदाताओं को अपने पाले में लाकर उसे वोट के रूप में परिवर्तित करने में कामयाब रहीं तो नतीजा चौंकाने वाला हो सकता है। सपा की इस चाल से भाजपा पशोपेश में पड़ गयी है और प्रत्याशी को लेकर लगातार मंथन किया जा रहा है। फिलहाल महेश नरायन तिवारी प्रभात वर्मा भी टिकट के लिए प्रयासरत है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक के बाहर लगा एटीएम बीते एक महीने से लोगों को निराश कर रहा

*अवधनामा संवाददाता*




**महराजगंज रायबरेली।** बैंक उपभोक्ताओं को आपातकाल में भी पैसे आसानी से मिल सके इसके लिए बैंको की ओर से एटीएम लगाए गए है। लेकिन खराब पड़े एटीएम पर जिम्मेदारों की नजर ही नहीं पड़ रही। कस्बा स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक के बाहर लगा एटीएम बीते एक महीने से लोगों को निराश कर रहा है। एटीएम से पैसे ना निकलने पर आए दिन लोगों के लिए समस्या बनी हुई है जिसके चलते लोगों को अपनी छोटी-छोटी जरूरत के लिए बैंक में घंटो लाइन लगाकर पैसा निकालना पड़ रहा है। वही व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्वनी सिंह उर्फ पिंटू ने बताया की महाराजगंज का यह एटीएम आए दिन खराब रहता है या फिर पैसे ना होने की वजह से लोग एटीएम की सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।यह एटीएम बीते लगभग एक महीने से खराब पड़ा हुआ है कोई अधिकारी या कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे उपभोक्ताओं में पैसा ना निकलने को लेकर आए दिन समस्या बनी रहती है।जिससे उपभोक्ता परेशान होकर एक एटीएम से दूसरे एटीएम पर दौड़ते नजर आते है।कस्बे के अंकुर गुप्ता,बब्बू वर्मा, कृष्ण कुमार कसेरा, प्रिंसू वैश्य,विमलेश वैश्य, प्रेमनाथ वैश्य व फिरोज अहमद सहित कई व्यापारियों ने एटीएम व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।वही इस मामले में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक राम विनय सिंह ने बताया की आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है जल्द ही इस समस्या को खत्म कर एटीएम को सुचारू रूप से चालू कराया जायेगा।

## सीएम ने किया 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

# विकसित देश-प्रदेश के लिए औद्योगिक निवेश आवश्यक

**अवधनामा संवाददाता**



- अच्छी सरकार और बेहतर कानून व्यवस्था का परिणाम है औद्योगिक विकास : मुख्यमंत्री
- जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।

सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं। गीड में वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरीज, सीपी मिल्क, तत्वा प्लास्टिक, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, इंडिया ऑटोव्हील्स, बालाजी प्रोसेसर्स, रूंगटा इंडस्ट्रीज, कपिला कृषि उद्योग, सिंह पेपर प्रोजेक्ट के निवेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ इन्हीं निवेश परियोजनाओं से करीब 5000 युवाओं को यही नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा। सीएम ने कहा कि गीडा क्षेत्र में ढेर सारे अन्य उद्योग लग रहे हैं। यहां 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है तो 34 करोड रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार मेंऔद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल में ही नई सीमेंट फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है। इसके लिए निवेशक को भूमि दिखा दी गई है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2014 के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी जी ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवास की घोषणा की थी। देश में अब तक चार करोड़ गरीबों को सिर ढकने के लिए पक्के छत की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों को मकान दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपना पैसा देकर जो लोग आवास पाने के इच्छुक हैं, उनके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण के साथ ही गीडा ने भी आगे कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने बताया कि गीडा की कालेसर आवासीय परियोजना में हर श्रेणी के लोगों के लिए आवास उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है। कोई उत्पाद कितना भी अच्छा हो, अगर उसका बाहरी आवरण ठीक नहीं है तो वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। किसी उपभोक्ता की पहली नजर उत्पाद के पैकेज पर पड़ती है। अगर उत्पाद सजा हुआ है तो लोग उसे देखते हैं। उत्पाद की कीमत बढ़ाने के साथ बड़ा बाजार उपलब्ध कराने में भी पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। उन्होंने पैकेजिंग के क्षेत्र में नई यूनिट डालने के लिए एसडी इंटरनेशनल के निदेशकों को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर एक नया गोरखपुर बन रहा है। कालेसर से जंगल कौड़िया बाईपास पहले सपना था, आज हकीकत है। गोरखपुर में एम्स बन चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज का उन्नयन हो चुका है। खाद कारखाना शुरू हो चुका है।



ललित कला अकादमी अलीगंज में मृगनयनी हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ श्रीमती बी. चंद्रकला सचिव, महिला कल्याण ने किया।

## महाराजगंज पहुंची वित मंत्री निर्मला सीतारमण



**महाराजगंज अवधनामा संवाददाता।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के महाराजगंज प्रथम आगमन को लेकर कई दिनों से जिले में तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला और आज जब वित्त मंत्री जिले में पहुंची तो शिकारपुर चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री का जोरदार स्वागत किया। जिसका वित्त मंत्री ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी दिया वही जब वित्तमंत्री पीडीब्लूड गेस्ट पहुंची तो जिलाधिकारी अनुनय झा,अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, एसपी सोमेंद्र मीना के साथ जिले के तमाम अधिकारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। आपको बता दे कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल नवीन मंडी स्थल से महाराजगंज वासियों को सौगात देने वाली है।

## दुकान के बाहर खड़ा ट्रैक्टर ट्राली ले उड़े चोर

**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** काकोरी के अन्तर्गत घुरघुरी



तालाब से चंद कदमो की दूरी पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली पर किया चोरों ने हाथ साफ। मंगलवार देर रात राजपूत ट्रेडर्स दुकान के बाहर खड़े ट्रैक्टर ट्राली को चोरों ने बनाया अपना निशाना ट्रैक्टर ट्राली लेकर चोर हुए फरार पीड़ित बब्लू राजपूत ने बताया मेरी कई सालो से तालाब चौराहे पर गिट्टी मौरंग की दुकान है हर रोज की तरह मंगलवार के दिन अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली को दुकान के बाहर खड़ा कर दिया था जिसे देर रात अज्ञात चोरों ने चुरा लिया जब सुबह देखा तो ट्रैक्टर ट्रॉली गायब था इधर बहुत धुना पर कोई जानकारी नहीं मिली काकोरी कोतवाली में तहरीर दी है जहां पुलिस ने आश्वासन दिया की जल्द ही करवाही की जायेगी।

## हरिद्वार में 25 को जुटेंगे देश के होम्योपैथिक विशेषज्ञ

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आगामी 25 फरवरी को होमियोपैथिक चिकित्सा जगत से जुड़े देश भर के वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, छात्रों का जमावड़ा होगा। होम्योफ्रेंड्स 19वें होमियोपैथिक साइंटिफिक सेमिनार एंड अवॉर्ड सेरिमनी का आयोजन उत्तराखंड के हरिद्वार में वानप्रस्थ आश्रम में होने जा रहे होमियोपैथिक साइंटिफिक सेमिनार में उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार व मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, मुंबई व दूसरे प्रदेश से हजारों होमियोपैथिक चिकित्सक व इसमें रुचि रखने वाले छात्र भाग लेंगे। यह जानकारी रविवार को सेमिनार को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कॉन्फ्रेंस आयोजन समिति सदस्य तथा विशेष आमंत्रित अतिथि सिद्धार्थनगर के डा. भास्कर शर्मा ने दी। कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉक्टर एमपी सिंह कन्वेनर पूर्व संयुक्त निदेशक होम्योपैथी डॉ बीआर धनकड़ आयोजक चेयरमैन डॉ पवन सिंह आयोजक सेक्रेटरी डॉक्टर सुधीर अग्रवाल को बनाया गया हैद्य कान्फ्रेंस में ग्वालियर से डॉ राजेश गुप्ता, पंजाब से डॉ सुप्रिया सिंह राजस्थान से डॉ अमर सिंह शेखावत, दिल्ली से डॉ एके गुप्ता, बिहार से डॉक्टर चंद्रशेखर वर्मा डॉ दीपक शर्मा, कुशीनगर से डॉ अरुण गौतम, चंदौली से डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा,लखनउ से प्रो बीएन सिंह, डॉ गिरीश गुप्ता, डॉ ममता पंकज, डॉ निशांत कुमार श्रीवास्तव, बनारस से डॉ पीके मुखर्जी, मुरादाबाद से डॉ एमपी सिंह, सिद्धार्थनगर से डॉ भास्कर शर्मा, गाजीपुर से डॉ विजेंद्र सिंह आदि विशेषज्ञ शामिल होंगे। डॉ भास्कर शर्मा ने यह भी बताया कि कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य होम्योपैथी से जुड़े चिकित्सकों शोधकर्ताओं वैज्ञानिकों छात्रों को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति में हो रहे नवीनतम शोध एवं विकास के बारे में जानकारी उपलब्ध कराकर उसे ज्ञान को अद्यतन करते हुए होम्योपैथी को जन स्वास्थ्य के रूप में स्थापित करना है।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी घायलावस्था में गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**गाजीपुर।** बालक की हत्या कर उसके शव को अपने घर के बक्से भीतर बन्द कर फरार हत्यारे की टोह में लगी पुलिस ने मुठभेड़ में घायलावस्था में धर दबोचा। गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव में गत 19 फरवरी को शाम लगभग तीन बजे एक नौ वर्षीय नाबालिग बच्चा गायब हो गया था। परिजनों द्वारा उसकी काफी तलाश की। न मिलने पर उसके पिता की तहरीर पर थाना गहमर अज्ञात के विरुद्ध बच्चे के अपहरण का अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस द्वारा बच्चे की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर गुमशुदा बच्चे के पड़ोसी संजय नट पुत्र लतीफ नट के घर की तलाशी लेने पर घर मे रखे बक्से में गुमशुदा बच्चे का शव बरामद हुआ था। विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस फरार संजय नट की खोज में लगी थी। बुधवार की रात समय लगभग बारह बजे चौकी प्रभारी देवल को बजरिए मुखबीर सूचना मिली कि अपहरण/हत्या का आरोपी संजय नट अपने गांव से निकलकर मोटरसाइकिल से भदौरा की तरफ जा रहा है।

## सामूहिक विवाह समारोह 25 फरवरी को, 121 वर-वधू होंगे एक दूजे के लिए

**अवधनामा संवाददाता**



- राज बब्बर गेस्ट हाउस, सरोजनी नगर में 25 फरवरी को होगा आयोजन

**लखनऊ।** मानव एकता एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 25 फरवरी को राज बब्बर गेस्ट हाउस, सरोजनी नगर में होने जा रहे पन्द्रहवें सामूहिक विवाह समारोह में अब तक की सर्वाधिक 121 वर-वधुओं की जोड़ियां एक-दूजे के लिए हो जायेगी। इस आयोजन की जानकारी आज यहां सरोजनी नगर स्थित एसोसिएशन के कार्यालय में अध्यक्ष एल. पी. सिंह ने दी।

इस मौके पर महन्त अवैद्यनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी गौरव वर्मा, आयोजन के मीडिया प्रभारी मोहित मिश्रा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिंह ने बताया कि समारोह से पहले विवाह से संबंधित संबंधित होने वाले हल्दी आदि प्रमुख कार्यक्रम विधिवत शुरू हो चुके हैं, और 25 फरवरी को सभी 121 जोड़े अग्नि को साक्षी मानकर वैवाहिक बंधन में बंध जाएंगे। इस दौरान वर वधू की ओर से रिश्ते नातेदारों में 25-25 लोग शामिल होंगे। श्री सिंह ने बताया कि विदाई के साथ ही वर-वधुओं को घर-गृहस्थी से जुड़ी वस्तुएं प्रदान की जायेगी। राज बब्बर गेस्ट हाउस में इस सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधुओं की ओर से आने वाले अतिथियों का भी पूरा सम्मान रखा जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि एसोसिएशन ने पहले भी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कर कई लड़कियों का घर बसाने का काम किया है। इस पुण्य कार्य में सहयोग करने वाले विभिन्न संगठनों और समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इसी तरह के सहयोग से इस बार भी सामूहिक विवाह समारोह न सिर्फ सफल होगा बल्कि 121 कन्याओं के जीवन की नई पारी शुरू होगी।

## 400 केवी ट्रांसफॉर्मर फूंकने से आधे गांव में अंधेरा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ग्राम डकोर में विकासखंड कार्यालय से सटे 400 केवी ट्रांसफॉर्मर गत दिवस फुंक गया है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने 11000 की फ्यूज जोड़े पर ट्रांसफॉर्म मे सप्लाई चालू नहीं हुई तब बिजली घर कुसमीलिया के कर्मचारियों ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर फुक गया है। इस समय हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा चल रही हैं। बालक बालिकाएं पढ़ नहीं पा रहे हैं ।ग्राम डकोर में आधे गांव में इससे सप्लाई होती है और इसी से विकासखंड कार्यालय में सप्लाई होती है जो अब ठप है।ग्रामीणों का कहना है इस समय बालकों की पढ़ाई की परेशानी के दृष्टिगत अति शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाया जाये।

## गुणवत्तापूर्ण शिकायतों को निस्तारण किया जाए

**गाजियाबाद रामकिशोर अवस्थी।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा



अपने कार्यालय पर जन शिकायतें सुनी गयी। जिसके मद्देनज़र अनेक लोगों द्वारा अपनी शिकायतें लिखित रूप में जिलाधिकारी को प्रेषित की गयी। जिसमें मुख्यतः भूमि, अवैध कब्जा, पारिवारिक विवाद, सफाई व्यवस्था, विकास कार्य आदि शिकायतें थी।जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही शिकायतों का नियमानुसार, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त शिकायती पत्र भेजते हुए निर्देशित किया कि समयान्तराल, नियमानुसार व गुणवत्तापूर्ण शिकायतों को निस्तारण किया। जनसुनवाई के दौरान डे ऑफिसर एडीएम एफआर श्री सौरभ भट्ट ने भी जन शिकायतें सुनी।

## वैवाहिक कार्यक्रमों में फिजूल खर्ची बंद करें



**जालौन अवधनामा संवाददाता।** वैश्य समाज उत्तर प्रदेश में 16 प्रतिशत जनसंख्या वाला, सर्वाधिक राजस्व देने वाला साथ ही लाखों लोगों को रोजगार के साधन मुहैया कराने वाला समाज है। प्रदेश में 12 लोकसभा क्षेत्र वैश्य बाहुल्य हैं इसके बावजूद वर्तमान में लोकसभा में उत्तर प्रदेश से मात्र दो ही सांसद हैं। वैश्य समाज को भागीदारी बढ़ाने के लिए, सामाजिक चेतना एवं राजनीतिक चेतना जागृत कर समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उपरोक्त विचार वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमन्त गुप्ता ने स्थानीय नटराज परिसर में प्रेस को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। डॉ गुप्ता आगामी 3 मार्च को कानपुर में आयोजित विशाल राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी के सिलसिले में जनपद में भ्रमण पर आए थे। डॉक्टर सुमन्त गुप्ता ने समाज के लोगों से अपील की वैवाहिक कार्यक्रमों में फिजूल खर्ची बंद करें उन्होंने प्रि वेडिंग मैरिज फोटोसूट व रात्रि विवाह पर भी समाज से पुनर्विचार करने की अपील की। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की लिव इन रिलेशनशिप को पूर्ण तया प्रतिबंधित कर दिया जाए। डॉ सुमन्त गुप्ता ने जीएसटी प्रणाली में भी विसंगतियों को दूर करने की सरकार से अपील की। उन्होंने कहा छोटे ,मध्यम व मंझले व्यापारियों को सर्वे, छापेसे मुक्त रखा जाए। डॉक्टर सुमन्त गुप्ता ने व्यापारी वृद्धावस्था पेंशन व्यापारियों को 65 वर्ष की आयु में देने की मांग की। उन्होंने रिटेल व्यापार में विदेशी कंपनियों के हस्तक्षेप को भी रोकने की मांग की। डॉ गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में घरेलू रिटेल व्यापार का 70 प्रतिशत योगदान है।

## प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को किस्तें जारी



**अवधनामा संवाददाता**

**बलरामपुर।** सरकार की अति महत्वूपर्ण प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को किस्तें जारी कर दी गई हैं। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह ने बताया कि नगर निकायों में निवास करने वाले आवासविहीन पात्र परिवारों को अपना पक्का मकान बनाने के लिए भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत सरकार द्वारा तीन किस्तों में पचास हजार रूपए, डेढ़ लाख एवं पचास हजार रूपए की धनराशि उनके व्यक्गित बैक खाते में सीधे भेजी जाती है, जिससे लाभार्थी तय मानकों के आधार पर अपने मकान का स्वयं निर्माण कराता है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुछ दिनों से प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्तों का भुगतान न होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं जिसका संज्ञान लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। तत्क्रम में प्रभारी अधिकारी डूडा/अपर उप जिलाधिकारी संतोष ओझा के नेतृत्व में लाभार्थियों की पात्रता का परीक्षण कराते हुए विभाग द्वारा वर्तमान सप्ताह में 92 लाभार्थीयों को प्रथम किस्त, 134 लाभार्थियों को दूसरी किस्त तथा तृतीय किस्त के 108 लाभार्थीयों सहित कुल 334 लाभार्थियों को धनराशि प्रेषित की गयी है।

## महाराणा प्रताप मूर्ति का लोकार्पण करेंगे पर्यटन मंत्री



**फिरोजाबाद अवधनामा संवाददाता।** क्षत्रिय समाज द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा लोकार्पण के संबंध में अमरदीप स्कूल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे क्षत्रीय समाज के लोगो द्वारा बताया गया कुछ समय पूर्व उत्तर प्रदेश पर्यटन एव संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए एक ज्ञापन दिया गया जिसका संज्ञान लेते हुए मंत्री ठा जयवीर सिंह ने फिरोजाबाद स्तिथ राजा का ताल तिराहे पर वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित कराई गई है जिसका लोकार्पण दिनांक 25 फरवरी को 1 बजे कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह द्वारा किया जायेगा आयोजन में फिरोजाबाद सांसद चंद्रसेन जादौन, विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर , जिलाध्यक्ष भाजपा उदय प्रताप सिंह की भी उपस्थति रहेगी प्रेस वार्ता में विश्वदीप तोमर, राष्ट्रदीप तोमर, शिवप्रताप सिंह सिकरवार, रंजीत चौहान आदि कई क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

### सूचना

न्यायालय मा. प्रथम अपर सिविल जज (सी0डी0) सहारनपुर मूलवाद स.611 सन 2022 शारिक खां बनाम श्री राजीव जैन आदि 1.शारिक खां पुत्र स्व. मो0आकिल खाँ नि0मौ0 पठानपुरा तह.व जि.सहारनपुर आ. सं0-6698 1452 1432 2. मौ0 वासिल खाँ 3.मौ0 तारिक खाँ 4.मौ0 तारीफ खाँ 5.मौ0 ताहिर खाँ 6.मौ0 खालिद खाँ पुत्रगण स्व0 मो0आकिल खाँ सभी नि.गण मौ.पठानपुरा,सहारनपुर द्वारा मुख्तयारे आम श्री शारिक खों पुत्र स्व.मो0आकिल खाँ नि. मौ0 पठानपुरा शहर सहारनपुर (वादीगण)। बनाम....1.राजीव जैन पुत्र सतेन्द्र जैन निवासी महावीर कालोनी,तह0व जि. सहारनपुर 2.प्रवीन कुमार पुत्र स्व.प्रद्युमन कुमार नि0गिल कालोनी, कोर्ट रोड, तह0 व जि. सहारनपुर 3.श्रीमति मधु रानी पत्नि अशोक कुमार नि0गिल कालोनी,कोर्ट रोड,तहश सहारनपुर 4.अभिषेक गोयल पुत्र श्री अशोक कुमार नि0गिल कालोनी कोर्ट रोड, सहारनपुर 5.रामकुमार पुत्र श्री लालचन्द नि0 गिल कालोनी,कोर्ट रोड,सहारनपुर 6.सतेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री सग्गूमल जैन नि0 सर्राफा बाजार मौहल्ला रामानन्दी,सहारनपुर। 7.विजय कुमार मेहता पुत्र ठाकुर दास नि0 मीरकोट, सहारनपुर 8.अमित सैठी पुत्र बलराज सैठी नि.चन्द्र नगर, इम्प्रेशन गेलरी कोर्ट रोड,सहारनपुर 9.संजय जैन पुत्र राजीव जैन नि0 महावीर कालोनी,चिलकाना रोड,तह.सहारनपुर 10.हिमांशु मेहता पुत्र विजय मेहता नि0राधा स्वामी कालोनी नुमाईश कैम्प,सहारनपुर 11.श्रीमति हीरामणी जैन पत्नी सतेन्द्र जैन नि0 रामानन्दी सर्राफा बाजार, त0 ज़ि.सहारनपुर 12.रजत कुमार जैन पुत्र राजीव जैन नि0 महावीर कालोनी, जि0सहारनपुर 13.संदीप जैन पुत्र श्री सतेन्द्र जैन नि. महातीर कालोनी,जि. सहारनपुर 14.श्रीमति नीरू मेहता पत्नी विजय मेहता नि0राधा स्वामी कालोनी नुमाईश कैम्प ,सहारनपुर15.श्रीमति शिखा जैन पत्नी संजीव जैन नि0महावीर कालोनी,सहारनपुर 16. सन्नी मेहता पुत्र श्री विजय मेहता नि0राधा स्वामी कालोनी नुमाईश कैम्प,सहारनपुर17.संजीव कुमार जैन पुत्र सतेन्द्र कुमार जैन निवासी महावीर कालोनी ,सहारनपुर 18.अरिहन्त कुमार जैन पुत्र सतेन्द्र कुमार जैन नि0महावीर कालोनी त0 व जि.सहारनपुर 19.श्रीमति आराधना पत्नी राकेश कुमार नि0 राघव पुरम,जि0 सहारनपुर(विपक्षीगण) हरगाह वादीगण ने इस न्याया.में एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप दि.5.3.2024 को सुबह 10 बजे स्वयं या अधिवक्ता द्वारा अदालत हाजा में हाज़िर होकर जवाब/उजर अपना पेश करें यदि आप तारीख़ पर हाज़िर ना होंगें तो वाद बगैर हाज़िरी आपके समात वा फ़ैसला होगा।

**आज्ञा से श्रीमति द्रौपदी चौहान (मुंसरिम)**
**प्रथम अपर सिविल जज SD सहारनपुर**

### सूचना

मा.उप जिलाधिकारी, सदर, सहारनपुर। संख्या.1137/राजस्व अहलमद दि.12.2.24,वाद सं.13250/2023 कंप्यूटरीकृत वाद सं. टी 202309600113250 राजकुमार बनाम राजबीर सिंह आदि, राजकुमार पुत्र जोती प्रसाद नि. ग्राम तिवाया पर. हरीडा तह. व जिला सहारनपुर। बनाम 1 राजबीर सिंह 2 नरेश 3 ऋषिपाल पुत्रगण तेल्लूराम 4. रोहित कुमार 5 अनुज कुमार पुत्रगण राजबीर सिहं 6. हिमांशु यादव पुत्र नरेश कुमार 7. आशीष यादव 8 विवेक यादव पुत्रगण ऋषिपाल 9 ग्राम सभा पंचायत तिवाया प. हरौडा तह. व जिला सहारनपुर द्वारा उसके प्रधान मजकूर (प्रतिवादीगण) वाद अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 स्थित ग्राम तिवामा प. हरोड़ा त. व जि.सहारनपुर। एतद?द्वारा आप सभी प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वाद उपरोक्त राजकुमार पुत्र जोती प्रसाद निवासी ग्राम तिवाया पर. हरौड़ा तह. ज़िला सहारनपुर द्वारा योजित किया गया है. जिसमें आपको प्रतिवादी बनाया गया है. वाद में दिनाक 26.02.2024 नियत है। अतः आप उक्त तारीख़ में सुबह 11 बजे स्वंय या अपने पैरोकार के माध्यम से अधोहस्त. के न्याया. में उपस्थित होकर वाद की पैरवी करें। यदि तारीख़ पर उपस्थित नहीं होंगें तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त वाद में कुछ नहीं कहना है और वाद में न्याय. द्वारा समुचित आदेश पारित किया जायेगा।

**आज्ञा से उप ज़िलाधिकारी, सदर सहारनपुर**

## अधेड़ का शव बरामद

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम परतापुर कला में 10 वर्षो से रह रहा अधेड़ बुलाकी 50 पुत्र कालिका निवासी बेलसर हिलन थाना पचदेवरा जिला हरदोई 17 फरवरी 2024 को मछली पकड़ने सोता नाला में गया था जहां वह गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना मृतक के भाई नन्हे भैया को दी गई। 19 फरवरी की सुबह अमृतपुर थाने पहुंच सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी नायब तहसीलदार अतुल कुमार गोताखोरों को लेकर सोता नाला में सब को खोजते रहे।

### सूचना

दीवानी कोर्ट परिसर स्थित 01 कैन्टीन (नाश्ता चाय), साईकिल स्टैंड,फोटोस्टेट शाप नं. 01 और शाप नं.2 वा पान की शाप नं.01 और नं. 02 एवं 1 रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024/2025 की शेष बची अवधि हेतु दि. 27.2.2024 सांय 04:30 बजे न्यायालय स्थित ए.डी.आर.भवन मे होगी इच्छुक बोलीदाता नियम, शर्ते, स्थान ओर समय आदि की जानकारी नज़ारत विभाग सहारनपुर से ले सकते हैं (आलोक शर्मा) सदस्य/कार्यकारी अध्यक्ष/ नीलाम समिति.अपर ज़िला न्यायाधीश रूम न.11, सहारनपुर।

## गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 403वाँ युगऋषि ऋषि वाङ्मय की स्थापना



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'वीर बहादुर सिंह महिला महाविद्यालय, संजयगाँधीपुरम फैजाबाद रोड, लखनऊ' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डो का 403वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री श्रीमती सरोज श्रीवास्तव जी ने अपने सम्मानित पूर्वज पूज्य माता स्व. चन्द्रावती, एवं पूज्य विद्यावती देवी की स्मृति में भेंट किया तथा उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी उन्होंने अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि 'ऋषि साहित्य छात्र-छात्राओं में नैतिक शिक्षा का विकास करता है।' डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. बीना दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, डॉ. नीलम गुप्ता, श्री अनिल भटनागर, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव, संस्थान के अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह, प्रबन्ध श्रीमती अंजू सिंह, विभागाध्यक्ष बी.एड. डॉ. पंकज तिवारी, प्राचार्या डॉ. बीना दुबे, कार्यालय अधीक्षक श्रीमती माधुरी श्रीवास्तव, संकाय सदस्य डॉ. श्रुति तिवारी, सहित संकाय सदस्य एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।

## बोर्ड परीक्षा की पहली पाली की परीक्षा हुई संपन्न



**फिरोजाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में 115 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 78597 परीक्षार्थी नकल विहीन परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने। पहली पाली में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा संपन्न कराई। यूपी बोर्ड के हाई स्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गई है जनपद में कुल 115 परीक्षा केंद्र बनाए गए है हाई स्कूल में 41182 व इंटरमीडिएट में 37415 परीक्षार्थी शामिल है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में यूपी बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हो चुकी है तो वही परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है जनपद को पांच जोनल एवं 24 सेक्टर में बांटा गया है वहीं प्रत्येक कक्षा की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से किया गया है। नकल रोकने के लिए पांच उड़न दस्तों का गठन किया गया है डीएम डॉ.उज्जवल कुमार ने जनपद के सभी छात्र व छात्राओ को बधाई देते हुए नकल विहीन परीक्षा कराने के सख्त निर्देश दिए हैं केंद्रो पर नकल विहीन परीक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात किया गया है।

# हम भाग्यशाली हैं, जो हमें रामलला का दर्शन मिलाः केएस ईश्वरप्पा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम केएस ईश्वरप्पा गुरुवार को भाजपा की 18 लोगों की टीम संग अयोध्या पहुंचे। यहां सभी ने अपने परिवारीजनों के साथ रामलला का दर्शन-पूजन किया। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उन्होंने कहा, ÷हनुमान के जन्म स्थान से भगवान प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर आया हूं। हम सभी भाग्यशाली हैं, जो हमें भगवान रामलला का दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते पूर्व डिप्टी सीएम केएस ईश्वरप्पा ने कहा,÷ नए मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, इस बात की हम लोगों को बहुत खुशी है। पहले अयोध्या में कुछ भी नहीं था, लेकिन अब यहां बहुत कुछ है। एयरपोर्ट देखने से ही मालूम पड़ता है कि अयोध्या बहुत बदल गई है। हमारे जीवित रहते भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचने पर कर्नाटक से आए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही आना चाहता था। अयोध्या में बहुत भीड़ थी, इसलिए नहीं आ पाया और अब भगवान राम लला दर्शन करने आया हूं।

### एयरपोर्ट पर किया गया भव्य स्वागत

पूर्व डिप्टी सीएम केएस ईश्वरप्पा 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका और उनके साथ आए 18 सदस्यों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। यहां से वे राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए। राम जन्मभूमि पहुंचकर सभी ने राम लला का दर्शन पूजन किया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कर्नाटक से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

# पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के शहर वाले हिस्से का निर्माण कार्य आगामी रामनवमी से पूर्व कर लिया जायः मण्डलायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या में प्रस्तावित विकास कार्यो एवं चल रहे पुराने सौन्दर्यीकरण के कार्यो के प्रगति की समीक्षा एवं अयोध्या संरक्षण विकास निधि एवं विकास निधि से कराये जाने वाले कार्यो के सम्बंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण विशाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी विभागों के अधिकारियों से कहा कि अयोध्या के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यो से सम्बंधित प्रस्तावित कार्य जो शासन में स्वीकृत हेतु लंबित है,उनकी सूची बनाकर प्रस्तुत की जाय, जिससे कि शासन में पैरवी कर जल्द स्वीकृत करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन प्रमुख पथों यथा-अवध आगमन पर क्षीरसागर पथ तथा निर्माणाधीन 14 कोसी एवं



पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के कार्यो में तेजी लायी जाय और जो भी बाधायें आ रही हो उनका तत्काल निराकरण कराया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के सभी लिंक मार्गो एवं अन्य प्रमुख मार्ग जिनका सौन्दर्यीकरण कराया जाना शेष है सभी का जिलाधिकारी व नगर आयुक्त ज्वाइंट सर्वे कर लें और अयोध्या में आगामी भीड़ के दृष्टिगत सुगम यातायात हेतु उनकी चौड़ाई निर्धारित कर लें। चौक को जोड़ने वाले सभी मार्गो के सौन्दर्यीकरण के सम्बंध में अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को प्रस्तुतीकरण बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये, इसके साथ ही चौक से फतेहगंज होते हुये मकबरा तक के मार्ग में कबल स्टोन लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 14 कोसी परिक्रमा एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग सहित अन्य प्रमुख स्थानों मार्गो में जहां भी स्ट्रीट लाइट का प्रावधान है उसकी डिजाइन बिना स्वीकृतकराये बिना न लगाई जाय। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण में जो भी बाधायें आ रही हों उसके सम्बंध में अवगत कराया जाय, जिस पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण में कोई बाधा नही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के शहर वाले हिस्से का निर्माण कार्य आगामी रामनवमी से पूर्व कर लिया जाय, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होंने पाये। बैठक में सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण सत्येन्द्र सिंह, संयुक्त कार्यपालक अयोध्या तीर्थ विकास क्षेत्र परिषद श्री धीरज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्तगण, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्तागण सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डाक विभाग के दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजनाके विजेता किए गए पुरस्कृत

**अयोध्याधाम।** डाक विभाग ने दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना के विजेताओं को बृहस्पतिवार को समारोह पूर्वक गाँधी सभागार में सम्मानित किया अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव ने बच्चों को पुरस्कृत किया। उत्तर प्रदेश में कुल 40 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जिसमे 7 विद्यार्थी अयोध्या जनपद के हैं । अयोध्या मण्डल के कनौसा, आर्मी पब्लिक स्कूल तथा सनबीम स्कूल के विद्यार्थियों सहित कुल 160 प्रतियोगी ने प्रतिभाग किए थे । अयोध्या प्रधान डाकघर में समारोह पूर्वक आर्मी पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थी वर्तिका मिश्रा, सैय्यद रेयान असरफ, कनौसा स्कूल की पांच छात्राओं आँचल शुक्ला, रश्मि सिंह, आराध्य जायसवाल, अपूर्वा जायसवाल, पर्णिका सिंह को दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना रुपया 6000 का चेक पत्र देकर सम्मानित किया । यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में फिलेटली को बढ़ावा देना है क्योंकि हर डाक टिकट के पीछे एक कहानी छिपी है और इससे युवा पीढ़ी को रूबरू कराने की जरूरत है।

## संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्य रामलीला कार्यक्रम का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा व हेल्प सेफ्टी एंड केयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य और दिव्य रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुरूआत आर्य संत वरूण दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर राम लीला का शुभारंभ किया। हेल्प सेफ्टी एंड केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष वेद व्यास पाण्डेय जी ने बताया यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से करवाया जा रहा है। और संस्था हमेशा उत्कृष्ट कार्य करती रहती है। इसके लिए रामलीला पिछली बार भी रामलीला का सहयोग संस्था को मिला था। संस्था ने भव्य और दिव्या रामलीला करवाया था उसको देखते हुए संस्कृति मंत्रालय ने इस साल भी कार्यक्रम करवाने के लिए फंड जारी किया है। और हम लोग यहां पर एक अच्छी से अच्छी रामलीला दिखाने का प्रयास करेंगे लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे पूरे अयोध्या में इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है। और लोगों को इनवाइट करके भी बुलाया जा रहा है। कार्यक्रम का स्थान अवध बस स्टैंड के परिषद में स्थित जिओ स्पार्क श्री राम ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ नक्षत्र ने राम के भजनों से कि किया। और इस कार्यक्रम में विकास जी संस्था के अध्यक्ष वेदव्यास पांडे जी कोषाध्यक्ष पूजा पांडे जी और अंजलि तिवारी संस्था के सचिव व सपना और अन्य गणमान्य लोगों मौजूद रहे। सभी ने बेहतरीन रामलीला का आनंद लेते हुए और खूब सारी तालिया के साथ सराहना की और अध्यक्ष जी ने मौजूद लोगों का धन्यवाद किया। इस मौके पर जिओ स्पार्क के डायरेक्टर तुषार गोयल, एलोजोन के प्रभारी प्रदीप सिंह, जल पुलिस के प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य, जल पुलिस के आरक्षी नित्यानंद यादव व आदि लोक उपस्थित रहें।

# वित्तमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन कि तैयारियां पूर्ण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** वित्त मंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमण के जनपद आगमन के संदर्भ में जिलाधिकारी



अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा मजिस्ट्रेट,पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारियों को निर्देश दिया निर्धारित कार्यक्रम से 03 घंटा पूर्व अधिकारी ड्यूटी स्थल पर पहुंच जाएं। उन्होंने नगर पालिका और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित रूट को अतिक्रमण मुक्त रखें। उन्होंने मंच प्रभारी एसडीएम निचलौल को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों से सुरक्षा संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने पंडाल में विभिन्न ब्लाकों में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपनेङ्कअपने ब्लॉक में व्यवस्था और साफङ्कसफाई सुनिश्चित करें। पार्किंग और गाड़ियों के आगमन और रवानगी को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सक्रिय और सतर्क रहें। जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कहा कि पुलिस अधिकारी निर्धारित रूट को खाली रखें। निर्धारित सीमा के अंदर केवल अनुमति प्राप्त लोगों को ही जाने दें। सभी पुलिस अधिकारी ससमय ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहें और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखें।

इससे पूर्व अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को उनके ड्यूटी प्वाइंट और आवश्यक निर्देशों से अवगत कराया। बैठक में एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी, सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### आरोपियों पर शीघ्र कार्यवाही को लेकर एसडीएम रुदौली को दिया शिकायती पत्र

**भेलसर-अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत सरैठा में लगभग एक सप्ताह पूर्व गांव की सुरक्षित भूमि पर बाबा ख़र्चन देव स्थान पर तालाब के किनारे लगे कई हरे फलदार पेड़ो को चोरी से कटवाकर बेचने के आरोपी ग्राम प्रधान सरैठा प्रधान अमरेश कुमार व ननकू ठेकेदार पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से नाराज दर्जनों की संख्या में रूदौली तहसील पहुंचकर ग्रामीणों ने एसडीएम रुदौली को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।बुधवार को रूदौली तहसील पहुंचकर एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने एक सप्ताह पूर्व ग्राम पंचायत सरैठा की सुरक्षित भूमि बाबा ख़र्चन दास देव के स्थान पर पांच पेड़ आम के एक पेड़ महुआ एक पेड़ शीशम व एक आधा कटा हुआ आम का पेड़ खड़ा हुआ है।

## ससुराल से मायके को निकली विवाहिता गायब, पिता ने ससुराल वालों पर जड़े आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** सुबेहा थाना क्षेत्र में मायके जाने के लिए घर से निकली विवाहिता संदिग्ध रूप से गायब हो गई। विवाहिता के पिता ने ससुराल वालों के खिलाफ सुबेहा थाने में तहरीर देकर अनहोनी की आशंका जताई। वहीं दहेज के लिए प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोइना गांव निवासी मनीराम अपनी पुत्री किरन का विवाह दो वर्ष पूर्व जिला अमेठी जनपद के थाना मोहनगंज के किशुनपुर रामनगर निवासी जयकरन के पुत्र नागेन्द्र के साथ किया था। पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति, सास-ससुर द्वारा बाइक की मां करते चले आ रहे थे। मांग पूरी न होने पर पुत्री को मारा-पीटा भी जाता रहा है। बीती 16 फरवरी शुक्रवार के दिन पुत्री किरन ने फोन पर बताया कि दहेज के लिए हमें बहुत मारा-पीटा गया। जिसके बाद से पुत्री ससुराल से लापता हो गई है। पति नागेन्द्र ने ससुर को बताया कि किरन मायके जाने के लिए घर से निकली थी। लेकिन वह मायके नहीं पहुंची। सूचना पाकर गांव पहुंचे पिता ने सुबेहा पुलिस को तहरीर देकर दहेज के प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने पुत्री के साथ किसी अनहोनी घटना की आंशका व्यक्त की है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। पुलिस ने कहा युवती की काल डिटेल व लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

### पुलिया के नीचे पानी मे मिला अज्ञात युवक का शव, अनहोनी की आशंका तेज

**बाराबंकी।** मसौली थाना क्षेत्र में एक पुलिया के नीचे पानी में युवक का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची ने शव को बाहर निकाला। काफी कोशिश के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो पाई। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। पुलिस शव के शिनाख्त के प्रयास में लगी है। जानकारी के अनुसार मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा मसौली से मुजापुर को जाने वाले मार्ग से गुरुवार की सुबह ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर आम की बाग के निकट खरजा की पुलिया के नीचे पड़ी तो देखा किसी का शव पानी में मुंह के बल पड़ा हुआ है। सूचना फ़ैलते ही भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मसौली पुलिस ने पहुंचकर शव को खरजा में भरे पानी से निकाला। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाया मगर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक की आयु 35 के करीब है। शरीर पर मिले कपड़ों को देख वह सामान्य परिवार का लग रहा है। शव के करीब में ही देशी शराब की दो शीशी भी पड़ी थी। पुलिस ने बताया कि शव के शिनाख्त के लिए जिले के थानो पर फोटो भेजी गई है। सोशल मिडिया पर भी फोटो वायरल की जा रही है। 72 घंटे तक शव को पोस्टमार्टम हॉउस में रखा जाएगा।

## एक साथ बैठे कांग्रेस सपा कार्यकर्ता, सीट के समझौते पर जताई खुशी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** इस देश का अन्नदाता सरकार से आसमान के तारे नही मांग रहा हैं बल्कि अपनी मेहनत से उगायी गयी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य



मांग रहा हैं लेकिन किसान विरोधी मोदी सरकार उनके लिये रास्ते में लोहे की कीले गड़वा रही हैं। काटेदार बाड़ लगवा रही हैं, आसूं गैस के गोले बरसा रही हैं और उनके सीने पर गोली चला रही हैं। 2024 के आम चुनाव के बाद अगर देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनी तो हम देश के अन्नदाता को एम.एस.पी. देंगे।

उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज इण्डिया गठबन्धन द्वारा बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस पार्टी के लिये छोड़ने के पश्चात् अपने ओबरी आवास पर कांग्रेसजनो के बीच व्यक्त किये। उक्त अवसर पर समाजवादी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव तरन्नुम निशां, नगर अध्यक्ष शादाब खानम, शबाना खातून, सभासद एवं अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष रविशंकर उर्फ लल्ला यादव सहित दर्जनो समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी और एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने और कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से जितवाने का विश्वास दिलाया। बैठक में 53 लोकसभा बाराबंकी के संभावित कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया, जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन मौजूद थें।

संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि मेरा और मेरे परिवार का एक ही ध्येय हैं कि लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी का चैमुखी विकास हो, मेरे पिता के संसदीय कार्यकाल में विकास का किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम उन्होंने किया, 4 हजार गांवो में विद्युतीकरण, देवां रोड़ पर ओवरब्रिज, जिलाअस्पताल, ट्रामा सेंटर, पॉलीटेक्निक के निर्माण के साथ लगभग 1 हजार करोड़ रूपये की लागत से लोकसभा क्षेत्र का विकास करने में उन्होंने कोई कसर नही छोड़ी। आज विकास का रथ रूक सा गया हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 26 फ़रवरी को दिल्ली जाने की तैयारी में NH पर दिल्ली की तरफ ट्रैक्टर का मुंह करके खड़ा करेंगे

**अयोध्या।** दिल्ली किसान आंदोलन के समर्थन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून बनाने, C2+50 के आधार पर फसलों के दाम तय करने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 का पालन करने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने, लखीमपुर खीरी के घटना के दोषियों को सजा दिलाने, मनरेगा मजदूरों को वर्ष में दोसौ दिन काम दिलाने आदि समस्याओं को लेकर 26 फरवरी को दिल्ली जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिल्ली जाने की तैयारी में दिल्ली की तरफ अपने-अपने ट्रैक्टरों का मुंह करके खड़ा करेंगे और 24 घंटे तक सरकार तथा भारतीय किसान यूनियन के नेताओं का आदेश का इंतजार करेंगें परिस्थिति अनुसार दिल्ली कूच करेंगे।

# फांसी के फंदे से लटक विवाहित युवक ने दी जान, बेटे को खोकर हलकान हुई मां

*अवधनामा संवाददाता*

**सुबेहा (बाराबंकी)।** थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात घरेलू कलह के चलते युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलने पर घर में हाहाकार मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों द्वारा इसे लेकर कोई आरोप नहीं लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सुबेहा भिटारी मोहल्ले में बुधवार देर रात एक 25 वर्षीय संतोष यादव का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने शव देखा तो चीख पड़े। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया की मृतक का पत्नी से विवाद था। जिसके कारण पत्नी अपने मायके में रह रही थी। दम्पति जीवन में तालमेल न होने के चलते वह काफी दिनो से गुमशुम रहता था। पिता की मृत्यु के बाद मां बेटे एक साथ घर पर रह रहे थे। युवक के दो छोटे छोटे बच्चे भी हैं। उसकी मां ने बताया कि बुधवार देर रात संतोष कुमार अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक संतोष जब कमरे से बाहर नहीं आया तो मां उसे बुलाने चली गई। उसका दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर भी कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद मां चीखने चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने दरवाजे को तोड़ा तो अंदर का नजारा देख सभी दंग रह गए। कमरे के अंदर संतोष का शव पंखे के कुंडे से तार के बने फांसी के फंदे में लटक रहा था। मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है।

### दो वाहन आपस में टकराए, दो की घटना-स्थल पर मौत

**बीकापुर-अयोध्या।** अयोध्या प्रयागराज हाईवे मार्ग चौरे बाजार चौकी अंतर्गत पारोमा गांव के निकट 21/22 फरवरी की बीती रात सुल्तानपुर की तरफ से आ रही चार पहिया वाहन अयोध्या की तरफ से आ रहे ट्रक आपस में टकराने से थार में बैठे दोनों व्यक्तियों की मौके पर मृत्यु हो गई। स्थानीय पुलिस की कड़ी मेहनत एवं जेसीबी की सहायता से वाहन में फंसे दोनों व्यक्तियों को निकाला गया जिनकी मौके पर मौत हो गई थी। मृतक अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर एंबुलेंस के माध्यम से लाया गया जहां जामा तलाशी के दौरान वाहन के अंदर रखे रजिस्ट्रेशन पेपर से दोनों व्यक्तियों की पहचान क्रमशः अग्निवेश सिंह उम्र 28 वर्ष पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी रमाकांत नगर पिचास मोचन छित्तूपुर वाराणसी, तथा प्रदीप कुमार उम्र 36 वर्ष पुत्र मनोज कुमार निवासी 447 हरजिंदर नगर प्रथम नगर निगम कानपुर के रूप में हुई। अग्निवेश के अयोध्या स्थित मकान लक्ष्मणपुर कॉलोनी अमानीगंज के पते पर रह रहे उनके परिजन को घटना की सूचना दी गई।

## लापरवाही पर मान्यता प्रत्याहरण की लटकी तलवार

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट मॉड्यूल पर विद्यार्थियों के विवरण को भरने का कार्य न करने वाले 275 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को जिलाधिकारी अनुनय झा के आदेश पर नोटिस जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि तीन दिन में कार्य पूरा न किए जाने की दशा में विद्यालय के मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन के इस कार्यवाही से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में संचालित व बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट मॉड्यूल में विद्यार्थियों के विवरण को भरना है। जिले के 275 विद्यालयों ने इस कार्य को अब तक पूरा नहीं किया इस वजह से विद्यालयों के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य को नोटिस जारी हुई है जनपद के जिन 275 विद्यालयों को नोटिस जारी की गई है। उसमें परतावल के सर्वाधिक 38, नौतनवां के 34, मिठौरा के 29, बृजमनगंज, लक्ष्मीपुर व फरेंदा के 28-28, सिसवा के 24, निचलौल के 21, घुघली के 18, सदर के 12, पनियरा के 11 व धानी के चार विद्यालय सम्मलित हैं।

### तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर कार्यशाला

**बाराबंकी।** अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में एएसपी ने तम्बाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के साथ ही इस नशे के चपेट में आने से शरीर में लगने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि इस लत से जितनी जल्दी छुटकारा पा लिया जाए तो उतना ही अच्छा। तम्बाकू, इससे बने पदार्थो के सेवन के दुष्प्रभाव व होने वाली मौतों ने सतर्क करने का काम किया है। एसीएमओ डॉ डीके श्रीवास्तव ने भी अपनी बात रखी और जनसमुदाय को तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने की सलाह दी।

# कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता के लिए बनाई रणनीति




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व में तय कार्यक्रमानुसार स्थानीय कांग्रेसियों द्वारा एक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह तथा नगराध्यक्ष असरार अहमद की अध्यक्षता में किया गया। कांग्रेसियों द्वारा बैठक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश सचिव जितेंद कश्यप व विशिष्ट अतिथि रजनी सिंह मौजूद रहीं। बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री कश्यप एवं रजनी सिंह द्वारा भाजपा पर आरोप लगाते हुए किसानों पर अत्याचार करने की बात कही।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा देश में कांग्रेस ही विकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए स्थानीय स्तर से 21 गाड़ियों द्वारा कार्यकर्ता यात्रा को सफल बनाने हेतु पहुँचेगे।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा गठबंधन का हम स्वागत करते है,गठबंधन का जो भी प्रत्याशी होगा उसको कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती से जिताने का कार्य करेगा।नगराध्यक्ष असरार अहमद ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आगामी 24 फरवरी को मुरादाबाद से होकर सम्भल और फिर बदायूँ लोकसभा के ग्राम कमलापुर पहुंचेगी,इसमें बड़ी संख्या में जिले से कांग्रेसी शामिल होंगे व राहुल गांधी का भव्य स्वागत करेंगे।

## 29 को होगा प्रदेश सरकार की योजनांतर्गत, सामूहिक विवाह का आयोजन

**बदायूं।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह' योजनान्तर्गत जनपद् में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निर्धन/गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों के सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 29 फरवरी, को जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में मेगा इवेण्ट के रुप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से योजनान्तर्गत अनुमन्य लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र आवेदकों से अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

## डीएम ने किया परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण, दिए जरुरी निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, द्वारा प्रारंभ हुई हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी मनोज कुमार ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए।डीएम ने शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इण्टर कॉलेज नगला पूर्वी, राजकीय इण्टर कॉलेज एवं हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इण्टर कॉलेज के परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने सीसीटीवी, स्ट्रांग रूम आदि व्यवस्थाओं को देखा। राजकीय इंटर कॉलेज में जनपदीय मॉनिटरिंग सैल में तहसील वार की जा रही निगरानी को भी देखा। डीएम ने कहा कि परीक्षा नकल विहीन सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। परीक्षा केन्द्रों के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है, इसका पूर्णतः ध्यान रखा जाए। सभी केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए। उन्होने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा के समय निरन्तर भ्रमणशील रहकर शान्ति एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराएं। उन्होने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को माफ नहीं किया जाएगा।

## कल्पनाथ सिंह कन्या इण्टर कॉलेज में चल रहे 14 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड के परीक्षा में प्रथम दिन बृहस्पतिवार को कल्पनाथ सिंह कन्या इंटर कालेज में अन्दर प्रवेश कर रहे छात्र एवं छात्राओं को गेट पर चेकिंग करने के बाद ही कमरे में परीक्षा में बैठाने को कहा गया। प्रधानाचार्य नन्द कुमार ने छात्र एवं छात्राओं से कहा कि किसी भी छात्र एवं छात्राओं के पास नकल करने से सम्बंधित सामग्री मिली तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

परीक्षा के प्रथम दिन 14 परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ दिया है। साधु शरन सिंह इण्टर मिडिएट कालेज परसौना व जनता इण्टर कालेज बनियाडीह के हाई स्कूल एवं इण्टर का हिन्दी का पेपर था। हाई स्कूल में कुल 303 छात्र पंजिकृत में 10 बच्चो ने परीक्षा छोड दिया। वहीं इंटरमीडिएट की दुसरी पाली परीक्षा में कुल 302 पंजीकृत में 4 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ दिया। केंद्र व्यवस्थापक नंद कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में नौ व द्वितीय पाली दस कमरों में परीक्षा चल रही है। हर कमरे में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है परीक्षा की देख रेख के लिए स्टेटीक मजिस्ट्रेट राम लोचन शर्मा सहायक व्यवस्थापक शिवकुमार मौजूद रहे। परीक्षा केंद्र पर छात्र एवं छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस फोर्स मौजूद रही।ताकी परीक्षा खत्म होने पर कोई अफरातफरी न हो सके।

# हत्या की घटना का सफल अनावरण व दो अभियुक्त 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** थाना जोगिया उदयपुर क्षेत्रान्तर्गत बीते बुधवार को ग्राम सजनी पकड़ी मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव एक बोरे में बधा मिला था। जिसकी शिनाख्त प्रशांत कुमार गुप्ता पुत्र वासुदेव गुप्ता निवासी साड़ी पोस्ट मधुकरपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 35 वर्ष के रुप में हुई जिसके सम्बन्ध में थाना उसका बाजार पर विगत 18 फ़रवरी को गुमशुदगी संख्या 01/2024 दर्ज थी। मृतक प्रशांत कुमार गुप्ता का शव मिलने पर उपरोक्त गुमशुदगी को मु0अ0सं0 27/2024 धारा 302,201 भादवि बनाम अज्ञात में तरमीम करते हुए पंजीकृत किया गया।

गुरुवार को थाना उसका बाजार पुलिस, एस.ओ.जी. व सर्विलांस सेल टीम द्वारा उक्त हत्या की घटना कारित करने वाले अभियुक्तो शिखा चौरसिया पुत्री राजकुमार उर्फ बजरंगी चौरसिया निवासी बदौली खुर्द थाना बांसी हाल पता- करौंदा मसीना थाना जोगिया उदयपुर, विजय गुप्ता पुत्र स्व0 रामलखन गुप्ता निवासी रानीजोत पोस्ट मस्कनवा थाना छपिया जनपद गोण्डा को सनई तिराहा थाना सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि मृतक प्रशांत कुमार गुप्ता का अभियुक्त शिखा चौरसिया के साथ अवैध संबंध था तथा वह शिखा चौरसिया को यह कह कर ब्लैकमेल करता था कि उसके पास शिखा का वीडियो है। शिखा चौरसिया विजय गुप्ता के साथ लिव इन में रहती थी और प्रशांत के ब्लैकमेल से परेशान हो गई थी। आयुष उर्फ संगम मिश्रा को यह शक था कि मृतक प्रशांत कुमार गुप्ता का उसकी मां के साथ भी अवैध संबंध है, इसलिए शिखा, शिखा के लिव इन पार्टनर विजय गुप्ता व आयुष के साथ मिलकर मर्डर की योजना बनाई। विगत 17 फरवरी को शिखा चौरसिया ने प्रशांत कुमार गुप्ता को अपने किराये के कमरे पर करौंदा मसीना बुलाया और कहा कि कुछ बात करनी है। अभियुक्त विजय गुप्ता और आयुष उर्फ संगम मिश्रा बाहर छिपकर प्रशांत का इंतजार कर रहे थे। प्रशांत के आने पर गमछे से उसका मुंह बंद कर दिए और लोहे की रॉड से उसके सिर पर कई वार किया तथा गमछे से उसका गला दबाकर तब तक खींचेते रहे जब तक की उसकी मृत्यु नहीं हो गई। शिखा मृतक के पैर पकड़ कर स्थिर रखी थी। रात में ही तीनों ने मोटरसाइकिल से ले जाकर उसकी लाश को सड़क के किनारे जोगिया-उसका मार्ग पर फेंक दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय,थाना उसका बाजार, उनि0 शेषनाथ यादव, प्रभारी एस.ओ.जी, उनि0 सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी सर्विलान्स सेल, उ.नि. उपेन्द्र कुमार राव, मआ पूनम पाल आ विद्यासगर यादव,अमित पाल, अभिषेक गुप्ता, थाना उसका बाजार, हेका0 राजीव शुक्ला, आशुतोषधर द्विवेदी, का0 छविराज यादव,का0 सत्येन्द्र,का. विरेन्द्र त्रिपाठी एसओजी टीम, हेका0 जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद, विवेक, सर्विलान्स सेल, जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

## छात्रों के भविष्य के साथ किया जा रहा है खिलवाड़ : अजय चौरसिया



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्टीय अध्यक्ष डॉक्टर इमरान के निर्देश पर गुरुवार को सपा छात्र सभा के कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्टपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्टीय सचिव अजय चौरसिया ने कहा कि पिछ्ले कुछ वर्षो से यूपी में छात्रों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं मे डेढ़ दर्जन से ज्यादा पेपर लीक होने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं। 17 फरवरी को दूसरी शिफ्ट में आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया पर यूजर्स पेपर लीक होने का दावा कर रहे हैं। जो यह दर्शाता है की छात्रों के भविष्य के साथ सरासर अन्याय हो रहा है। महामहिम राष्टपति को सम्बोधित ज्ञापन में समाजवादी छात्र सभा ने इस पर ध्यान आकृष्ट कराकर तुरंत जांच/ प्रभावी कदम उठाने के उठाने की मांग की है। कहा है कि अन्यथा छात्र मजबूर होकर गलत कदम उठाने को मजबूर होगा। राष्टीय कार्यकरिणी सदस्य अभिषेक सिंह ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर का बच्चा विपरीत परिस्थितियों में किसी तरह तैयारी कर प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेता है और उसे पेपर लीक और निरस्त होने की सूचना मिलती है जो कि अत्यंत दुर्गभाग्य पूर्ण है। इस दौरान अभिषेक सिंह, ऋषि वर्मा, राम स्वरूप पाण्डेय, अखिलेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

## बच्चों के अंदर जागृति व निर्भीकता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आवश्यक : मनोज

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** संस्कार युक्त शिक्षा के साथ साथ बच्चों के अंदर जागृति और निर्भीक होने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का होना आवश्यक है, ऐसे में सिटी पब्लिक स्कूल की भूमिका सरहनीय है। उपरोक्त बातें विद्यालय के प्रबंधक मनोज श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय का यह 22वां वार्षिकोत्सव है, निरंतर प्रयास रहता है कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के निर्भीकता आये। जिला मुख्यालय स्थित सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के निदेशक मनोज श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना व स्वागत से मंचीय कार्यक्रम को गति मिली। इसके बाद रिकार्ड डांस सलाम उन शहीदों की प्रस्तुति प्रगति एवं सौम्या की प्रस्तुति से लोगों की आखें नम हो गई। इस प्रस्तुति के बाद पुलवामा हमले में शहीद हुए उन जवानों के लिए मौन रखकर श्रोताओं द्वारा श्रद्धांजलि भी दी गयी। इसके अलावा राजस्थानी गीत, पंजाबी गीत देश भक्ति गीत कृष्ण गीत होली गीत आदि की प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सौम्या, सानवी, प्रगति, रागिनी सगुन, चाँदनी,जानवी वर्मा असद हुसैन, श्रेष्ठ, कार्तिक, दिव्यान्शी, स्नेहा, नेहा, निकहत, रिसिका, परिधी, नौसीन, सौम्या, साक्षी, करिष्मा, कार्तिक,आदि बच्चों की भूमिका अहम रही। इस दौरान सभी शिक्षकों समेत अन्य कर्मियों को निदेशक मनोज श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। विद्यालय के कार्य वाहक प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय के अध्यापक राजेन्द्र, श्रीमती अनीता, प्रियंका, रिया श्रीवास्तव पूजा, प्रान्सू, शबा, शिल्पी, चन्द्रकांत आदि के अथक प्रयास से बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## विधायक ने भूमिपूजन/शिलान्यास व लोकार्पण की सूचना न देने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर उनसे पीडब्ल्यूडी द्वारा उन्हें भूमिपूजन/शिलान्यास व लोकार्पण की सूचना न देने का आरोप लगाया था। इसके अलावा उन्होंने विभाग द्वारा भूमिपूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में बिना उनकी मौजूदगी के उनके नाम का शिलापट्ट लगवाने का भी आरोप लगाया था। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विभाग के प्रमुख सचिव को 15 दिन के अंदर कार्यवाई कर साक्ष्य सहित अवगत करवाने का निर्देश दिया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड एक के अधिशासी अभियंता आशीष भारद्वाज ने शासन को भेजे आख्या में



सांसद जगदंबिका पाल के स्वीकृति पर उनके द्वारा दिए गए समय पर शिलान्यास हेतु शिलापट्ट स्थापित करवाया गया था लेकिन सांसद के व्यस्त कार्यक्रम के कारण शिलान्यास न हो सका। जिसके बाद सांसद जगदंबिका पाल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को पत्र लिखकर पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता की बात को असत्य बताते हुए बताया कि उनके द्वारा शिलान्यास के लिए कोई स्वीकृति नहीं दिया गया था। उनके द्वारा झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत कर शासन को गुमराह किया जा रहा है। सांसद ने विधानसभा अध्यक्ष से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रभावी कार्रवाई करने का अपील भी किया।

## सहायक उपकरण दिव्यांगजन को मुख्य धारा से जोड़ने में सहायकः सैय्यदा खातून



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लाक परिसर में गुरुवार को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांग जनों में सहायक उपकरण का वितरण किया गया। ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट कैन सहित अन्य सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनो के चेहरे खुशी से चमक उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं है। दिव्यांगता को अपनी कमजोरी न समझें।

सहायक उपकरण इस अक्षम्ता को समाप्त तो नहीं कर पाएंगे लेकिन उसमें कमी जरूर लाएंगे। इस योजना से लाभार्थियों को स्वावलंबी व सशक्त करने व उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार दिव्यांग जनों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून ने कहा कि यह उपकरण दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन में सहायक सिद्ध होंगे। आज शिक्षा, खेल, राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में वह अपना परचम लहरा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों को 30 ट्राईसाइकिल, 3 कान की मशीन, 6 व्हीलचेयर, 2 स्मार्ट कैन वितरित किया गया। पूर्व नपं अध्यक्ष नौगढ़ एसपी अग्रवाल, एडीओ महिला मानसी पटेल, जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी संदीप मौर्य, राजेश द्विवेदी, कुलदीप द्विवेदी, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, बच्चाराम बौद्ध, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, केशव सिंह, अनुराग उपाध्याय, मनीष सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ आरंभ



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा स्थित राम जानकी मंदिर पर कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ आरम्भ हुआ। महायज्ञ के आरंभ से पहले कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव के महिलाओं व छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा राप्ती नदी के तट से जल भरकर राम जानकी मंदिर में लाकर उसकी विधिवत पूजा अर्चना किया गया। बुधवार के सांय पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलितकर विष्णु महायज्ञ तथा राम कथा शुभारंभ किया, श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि धार्मिक संस्कारों को कभी भी भूलना नहीं चाहिए, उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सबसे पुराना धर्म है, लोगों को अपने धर्म से अलग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत को अपना गुरु मान रहा है, जिसके पीछे सनातन धर्म का ही महत्व है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम हर जगह होने चाहिए। कार्यक्रम में आयोजक कथा व्यास बलराम दास ने सभी लोगों का स्वागत करते हुए उन्हें माला तथा चुनरी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शत्रुहन सोनी, अमन, राकेश, मंटू गुप्ता, गौकरण पांडे, राजमणि पाण्डेय, कुंज सिंह, सुधीर गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रेडियन्ट टैलेंट बुक ऑफ रेकार्ड्स से नवाज़ा गया

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** प्रधानाचार्य, शिवपुर (गयासपुर) के मूल निवासी स्वर्गीय रामेश्वर लाल श्रीवास्तव तथा श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव के लाल सुरेश लाल श्रीवास्तव को जहाँ रेडिएंट टैलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्राइड ऑफ भारत अवार्ड से सम्मानित किया गया वहीं वार्थी वेलनेस फॉउंडेशन द्वारा विश्व रत्न सम्मान और गोपाल किरण समाज सेवी संस्था, ग्वालियर द्वारा कबीर साहित्य शिरोमणि अचीवर्स अवार्ड 2024 एवं राष्टीय हिन्दी रक्षक मंच, इन्दौर, मध्यप्रदेश द्वारा उत्कृष्ट अन्तर्राष्टीय शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

राष्टीय हिन्दी रक्षक मंच और दिव्योत्थान एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी, इन्दौर, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में उसके संस्थापक अध्यक्ष डॉ. पवन मकवाना और डॉ. दीपमाला गुप्ता द्वारा शिक्षा और हिन्दी साहित्य सृजन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये सुरेश लाल श्रीवास्तव को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाज़ते हुए कहा गया कि सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा शिक्षण तथा साहित्य साधना क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ध्यातव्य हो कि प्रसाद राव जामि के सम्पादकत्व में जे.टी.एस. पब्लिकेशन, दिल्ली द्वारा इसी माह प्रकाशित हिन्दी साहित्य का इतिहास में मातृभाषा हिन्दी की महत्ता और भारत (विविध विमर्श) में भारत छोड़ो आन्दोलन में महिलाओं की भूमिका प्रकाशित लेख की भी सम्पादक द्वारा काफी सराहना की गई। इसके अलावा विश्व रिकॉर्ड धारक अंतरराष्टीय साहित्यिक मंच केबी राइटर्स की प्रस्तुति सपनों के शहर में÷साझा संग्रह में प्रकाशित काव्य सृजन परिवार की गिरती साख,माँ मेरी ज़िन्दगी,जीवन श्रृंगार,मातु पिता की सेवा और कर्म की कीमत सन्दर्भ में भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

हिन्दी साहित्य सेवा के प्रति संकल्पित सुरेश लाल श्रीवास्तव ने अपनी उपलब्धियों के लिए अपने पिता स्वर्गीय रामेश्वर लाल, माँ उर्मिला श्रीवास्तव तथा गुरुजन वृन्दों (डॉ. देवी प्रसाद तिवारी, श्रीयुत सुरेन्द्र मोहन उपाध्याय, डॉ. देवमणि पाण्डेय आदि) को दिया है। श्रीवास्तव की इन उपलब्धियों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की सचिव रहीं नीना श्रीवास्तव, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद में उप शिक्षा निदेशक राम चेत, जिला विद्यालय निरीक्षक, अम्बेडकरनगर गिरीश कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. उपासना रानी वर्मा, जिला समन्वयक अम्बेडकरनगर जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य यदुनाथ प्रसाद यादव, निराकार पाण्डेय,शिक्षक गजेन्द्र पाल, पारस नाथ पाल आदि ने बधाई देते हुए हार्दिक खुशी का इज़हार किया है।

## सीआईएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर हेतु निर्माण संबंधी बैठक

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एमएलसी डॉ.हरिओम पांडे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सीआईएसएफ की ट्रेनिंग सेंटर/ बटालियन रहने के लिए निर्माण हेतु जमीन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डिप्टी कमांडेंट द्वारा अवगत कराया गया कि इसका गठन 1969 में किया गया है। यूपी में अभी इनका कोई ट्रेनिंग सेंटर नहीं जबकि बटालियन के लिए कार्यालय गाजियाबाद में है। उनके द्वारा 9 बिंदुओं पर जमीन के संबंध में जिला प्रशासन से सूचना मांगी गई है। जिसमें 125 एकड़ से 500 एकड़ एक मुश्त निर्विवाद भूमि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी अकबरपुर तथा उप जिलाधिकारी टांडा को तत्काल चिन्हित जमीन का मौका दिखाने के लिए निर्देशित किया गया है। अकबरपुर तहसील में थाना क्षेत्र बेवाना ग्राम ससपना के निकट व तहसील टांडा में ग्राम बिहरा सहित अन्य निकटवर्ती ग्राम में जमीन दिखाने के लिए तत्काल टीम रवाना की गई।

## फज़ीलत दस्तार बन्दी पर हुआ मदरसा मनज़रे हक़ में आयोजन



**सूरापुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मदरसा मन्ज़रे हक़ टाण्डा का 116 को तीन दिवसीय जलसा व दस्तार फजीलत का कार्यक्रम सोमबार रात्रि में समाप्त हुआ। कार्यक्रम के 20 छात्राओं को सर्टिफिकेट से नवाज़ा गया। इतवार के दिन सैयद मो. हामिद अशरफ उर्फ शारिक मियां की सरपरस्ती व मौलाना मो अंजुमन खां प्रधानाचार्य की सदारत तथा मो. अशरफ मन्ज़री व मौलाना शबीहुल हसनैन की निजामत में उक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 32 छात्रों की दस्तार बन्दी अमल में आयी। कार्यक्रम में खुसूसी तौर पर मौलाना मसीदुद्दीन उतरौला बलरामपुर ने आवाम को खिताब किया। इसके अलावा मौलाना मो अजहर मन्जरी, मौलाना शहबाज़ अहमद के अलावा अन्य उलमाए के राम ने खिताब किया। जवीक अमीर हम्ज़ा की जिला बस्ती व हेलाल टांडवी, सईद टांडवी ने नातिया कलाम पेश किया। शनीचर को खत्म बुखारी शरीफ़ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ हुआ जिसमे डा मो आसिम आज़मी ने खिताब किया। मदरसे से फारिग छात्रों को मुबारकबाद देश करते हुये प्रबन्धक हाजी अशफाक अहमद व सचिव हाजी इस शमीम अख्तर में मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हाजी मो सरखर, अयाज़ अहमद नन्हे, हाजी अन्सार हुदैन, हाजी इरशाद अहमद, शकील अस्तर राईगर, गमाल अख्तर, अब्दुल अलीम, मे लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को हुनरमंद बनाने के लिए अक्षय धागा केंद्र का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को हुनरमंद बनाने के लिए विकास खंड मिठ्वल के ग्राम नरहीं मे सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ स्व. हरीश चंद्र दूबे सेवा ट्रस्ट व युवा विकास समिति के स्थानीय संयोजन में अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन, मुंबई के सहयोग से किया गया।

केंद्र का उद्घाटन भब्या द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने युवतियों से कहा कि वे मन लगा कर प्रशिक्षण प्राप्त करें। ग्रामीण युवतियां और महिलाएं अगर अक्षय धागा के तहत रेडीमेड गारमेंट और सिलाई कटाई का प्रशिक्षण लें, तो इससे व्यक्ति, परिवार होते हुए पूरा देश सशक्त हो सकेगा। समाजसेवी मंगेश दूबे ने कहा कि गंवई युवतियां सिलाई का कौशल सीख गांव वालों के कपड़े सिलकर तो आय अर्जित कर ही सकती हैं, बल्कि उनके लिए रेडीमेड सैक्टर में नौकरी के अवसर भी मुहैया होंगे और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। युवा विकास समिति के सचिव बृहस्पति कुमार पांडेय ने बताया कि अक्षय धागा केंद्र पर 25 युवतियों के बैच को निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा, केंद्र में स्कूल की ड्रैस, कारपोरेट सैक्टर की यूनिफार्म के अलावा कपड़ों की सिलाई का काम सिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद इन युवतियों को कपड़ा फैक्टरी में नौकरी दिलाई जाएगी। स्व.हरीश चंद्र दूबे सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष अनुराधा दूबे ने बताया कि जिन युवतियों को घर की माली तंगी के कारण उन्हें आगे पढ़ने का मौका नहीं मिला, वे युवतियां भी सिलाई के काम को अपना व्यवसाय बनाकर परिवार की आय बढ़ाने में सहयोग कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोशिएशन के अक्षय धागा प्रोजैक्ट के माध्यम से इन युवतियों के सपने साकार होने जा रहे हैं। इस मौके पर माधुरी पाण्डेय, आँचल दूबे, काजल, सुषमा दूबे, निकिता, साक्षी, अर्पिता, पायल, माधुरी, खुशी, राधनीं, निकिता, साक्षी, सुषमा, आंशी, श्रेया, अंजू, अमिता, विभा, आस्था, अन्नू, पूजा, सरोज, अदिती आदि मौजूद रही। कार्यक्रम में आभार दिवाकर उपाध्याय ने व्यक्त किया।

# भाजपा सरकार सर्वसमाज की सरकार है : हरीश

अवधनामा संवाददाता




**पुलिस परीक्षा पुनः करने के लिए सौपा पत्र**

उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रांतीय बोर्ड लखनऊ द्वारा पुलिस भर्ती का प्रश्न पत्र लीक होने के कारण रोमा सिंह के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने सांसद हरीश द्विवेदी के पत्र दे कर ज्ञापन सौपा और पुनः परीक्षा कराने की मांग किया है।

**कुदरहा, बस्ती।** ब्लाक परिसर में ब्लाक उत्सव के तहत ग्रामपंचायतो मे कराए गए परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास बस्ती सांसद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर किया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सर्वसमाज की सरकार है।

बिना किसी भेदभाव के हर धर्म और साम्प्रदाय के लोगों को लाभ मिल रहा हैं। जनपद के विकास में रिंग रोड़ सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं। हाल ही मे किसानों को मुआवजा मिला हैं। समूह की महिलाओं को ड्रोन मिलने वाला है। जिसका चयन शीघ्र किया जाएगा। जिससे किसानों को दवा खाद छिड़काव के लिए सुविधा मिल सके। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति बंधन अधिनियम पास कर महिलाओं को हर क्षेत्र में विकास करने का अवसर प्रदान किया है। सांसद हरीश द्विवेदी ने विपक्षी पार्टियों को घेरते हुए कहा कि जाति के नाम पर वोट मांगकर कभी गरीबों का उत्थान नहीं करती हैं। यह पार्टियों जीतने के बाद परिवारबाद विकास व भ्रष्टाचार में लिप्त होकर देश को खोखला बना देती हैं। ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष दुर्गेश अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी, अध्यक्ष सुनील कुमार, सोनू सिंह, ओमकार चौधरी पंकज पांडे इंद्र कुमार रमेश चौधरी बबलू सिंह सदरूद्दीन राजेश यादव मनीष त्रिपाठी आलोक त्रिपाठी सच्चिदानंद यादव, बृजेश कुमार अग्रहरी, दीपक श्रीवास्तव, मनोज चतुर्वेदी, कुलदीप यादव, बृजेश दुबे, घनश्याम यादव, शैलेंद्र राव, रवि पाडेय, गोरख यादव, आनंद सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सांसद ने किया निरीक्षण

ब्लाक मुख्यालय के सामने स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सांसद हरीश द्विवेदी ने निरीक्षण किया। जिसमें बच्चों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। एक ही कक्ष में सभी छात्राओं को बैठा देख सांसद हातप्रभ रह गए। उन्होंने वार्डन रंजन राज को अलग-अलग कक्ष में बैठ कर शिक्षण कार्य करने को कहा। जिस पर वार्डन ने कक्ष में टायलीकरण होने की बात बताई। परिसर में इंटरलाकिंग व कक्ष में टायलीकारण कार्य देख ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे की प्रशंसा की।

## स्मार्टफोन व टैबलेट का महाविद्यालय में वितरण

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** हुलासी देवी स्मृति महाविद्यालय देवधाम गंजा में मोबाइल/टैबलेट वितरण के अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा सरकार की मनसा है छात्र-छात्रा इसका उपयोग करके अपनी शिक्षा में सुधार लावे जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान सुनिश्चित कर सके। छात्र-छात्राओं से अपेक्षा करते हुए श्री यादव ने कहा अपने भविष्य को सुधारने के लिए सरकार ने पर्याप्त अवसर प्रदान किया है उस अवसर का लाभ लेने का प्रयास छात्र-छात्राओं को करना चाहिए। उक्त उद्गार भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने हुलासी देवी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए हैं। उक्त अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक शिव मूर्ति वर्मा, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री -अमर नाथ सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक, उपस्थित रहे।

## एमएसपी प्रस्ताव खारिज

किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिसमें दलहन, कपास, मक्की, उड़द और अरहर की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का आश्वासन दिया गया था। फसलों की मात्रा की भी कोई सीमा तय नहीं की गई थी। कृषि मंत्री समेत तीन केंद्रीय मंत्रियों ने 100 फीसदी एमएसपी पर सरकारी खरीद का प्रस्ताव दिया था। किसानों की अस्वीकृति निराशाजनक और नकारात्मक है। चूंकि पंजाब के ज्यादातर किसान आंदोलित हैं और अब हरियाणा के कुछ किसान भी सुगबुगा रहे हैं, लिहाजा वे गेहूं और धान समेत 23 फसलों के एमएसपी की गारंटी मांग रहे हैं। दालें, मक्की, कपास ऐसी फसलें हैं, जिनमें गेहूं, धान, गन्ने की तुलना में पानी की कम खपत होती है। पंजाब में भूजल की स्थिति संकट में है। केंद्र सरकार ने यह प्रस्ताव फसलों के विविधीकरण के तहत दिया था और 5 साल के लिए अनुबंध करने को भी वह तैयार थी, लेकिन किसानों ने इसे 'गुमराहपूर्ण' करार दिया। किसानों के आरोप हैं कि एमएसपी की गारंटी पर अब भी केंद्र सरकार गंभीर नहीं है और वक्त गुजारने की कोशिश कर रही है। नतीजतन किसान संगठनों ने 21 फरवरी को 'दिल्ली कूच' का आह्वान नए सिरे से किया है। अब भाजपा नेताओं के घरों के बाहर धरने दिए जाएंगे और व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन भी किए जाएंगे। पंजाब और हरियाणा ही नहीं, बल्कि मप्र और तेलंगाना के किसानों की भी शिकायत रही है कि उन्हें मक्की, दलहन, तेल-बीज, कपास आदि फसलों पर कोई खास प्रोत्साहन नहीं दिया जाता। एमएसपी पर खरीद में भी कई विसंगतियां हैं। सरकार ने जो प्रस्ताव दिया था, वह पंजाब, हरियाणा के किसानों के लिए सटीक फॉर्मूला नहीं है, क्योंकि वे प्रस्तावित फसलें नगण्य ही पैदा करते हैं। मप्र, गुजरात, कर्नाटक, बंगाल आदि राज्यों के किसान प्रस्तावित फसलों की पैदावार अधिक करते हैं। इन फसलों की बिक्री के लिए सरकार के पास कोई निश्चित 'दुकान' भी नहीं है, लिहाजा नैफेड और कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया जैसी सरकारी एजेंसियों को खरीदी हुई फसलों को बाजार में ही बेचना पड़ता है। यदि कोई नुकसान होता है, तो उसे भारत सरकार को ही वहन करना पड़ता है। गौरतलब है कि जिन फसलों पर एमएसपी की व्यवस्था है, उनकी खेती में हिस्सेदारी करीब 28 फीसदी है, जबकि करीब 50 फीसदी किसान बागवानी, पशुपालन आदि में जुटे हैं।

हरी सब्जियों, फल, दूध आदि पर कोई एमएसपी नहीं है। एमएसपी के दायरे में आलू, प्याज, टमाटर भी नहीं हैं, जिनके किसान औने-पौने दाम मिलने के कारण प्रलाप करते रहे हैं या अपनी फसलों को सडक़ों पर फेंकते रहे हैं। क्या वे सभी किसान नहीं हैं? गौरतलब यह भी है कि एमएसपी वाली फसलों की विकास-दर मात्र 1.8 फीसदी है, जबकि बागवानी, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन आदि की विकास-दर, बीते 20 सालों के दौरान, 5 से 8 फीसदी रही है। सरकार कृषि पर 5 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी भी देती है। इसमें से 1.88 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी सिर्फ खाद, बीज आदि पर दी जाती है। क्या यह आर्थिक बोझ भारत सरकार पर नहीं है? क्या परोक्ष रूप से यह राशि किसानों को नहीं मिल रही है? दरअसल जिन्हें एमएसपी की व्यवस्था नसीब नहीं है, उन्होंने आज तक किसी भी आंदोलन की हुंकार नहीं भरी है। अर्थव्यवस्था में उन किसानों का अधिक योगदान है। हमारे देश में भूमि का आवंटन और स्वामित्व भी काफी असमान रहा है। मात्र 7 फीसदी जमींदार टाइप किसानों के पास करीब 46 फीसदी कृषि-भूमि है, जबकि 80 फीसदी किसानों के पास 30 फीसदी कृषि-भूमि है। शेष देश की तुलना में पंजाब और हरियाणा के किसान ज्यादा सम्पन्न हैं। उनकी नियमित आमदनी भी अधिक है। बेशक किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें कर्जमुक्त करना हमारा चिंतित सरोकार है, लेकिन एमएसपी से ऐसा संभव नहीं है। आय तभी बढ़ सकती है, जब प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाई जाए।

## समय-समय पर बढ़ा ममता बनर्जी का कद



मोहम्मद क़मर खाँ

इस देश में इन्द्रा गांधी, सुषमा स्वराज, मोहसिना क़िदवाई, प्रियंका गांधी, सुभाषिनी अली, सोनिया गांधी, सुचेता कृपलानी, सानिया मिर्जा, मायावती, जयललिता, राबड़ी देवी, नन्दिनी सतपथी, महबूबा मुफ्ती आदि महिलाओं की परम्परा रही है कि इन्होनें देश एवं प्रदेशों में मौजूद नारी शक्ति एवं अस्तित्व का प्रतिनिधित्व करते हुये, इस देश में महिलाओं के सम्मान एवं गरिमा को न सिर्फ जीवित रखा, वरन् विभिन्न पदों पर रहकर ऐसे कार्यालयों की गरिमा में वृद्धि भी की है। इन नामों में एक नाम ममता बनर्जी का है जिन्होनें विगत 20 मई 2011 से पश्चिम बंगाल राज्य की आठवीं बार मुख्यमत्री रहकर न केवल देश में, बल्कि पूरे विश्व में यहाँ की महिलाओं को सहजता एवं कर्मठता की प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया। उनका पूरा जीवन, देश व प्रदेश की सेवा तथा कर्मठता से परिपूर्ण है। उनका जन्म 5 जनवरी 1953 को कोलकत्ता में हुआ था, इस प्रकार वर्तमान में उन्होनें 71 वर्ष की आयु पूरी कर ली है। उनके पिता का नाम प्रमिलेश्वर बनर्जी एवं माता का नाम गायत्री बनर्जी है। उन्होनें कोलकत्ता विश्वविद्यालय में एमएबीएड किया है, उनकी प्रारम्भिक शिक्षा श्री शिक्षायत कालेज में हुयी। वह एक समाज सेवी होने के साथ ही एक फुल्टाइम पालीटिकल एक्टिविस्ट भी रही है। उनका निवास कोलकत्ता में 308, हरीश चटर्जी स्ट्रीट पर स्थित है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 20.01.1991 को पश्चिम बंगाल में की। आइये देखते हैं कि समय-समय पर उन्होनें अपना राजनीतिक सफ़र किस प्रकार तै किया, तथा इस दौरान उन्हें क्या-क्या उपलब्धियां मिल सकीं।

वर्ष 1977 से वर्ष 1983 तक वह, पश्चिम बंगाल युवा कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य रहीं। वर्ष 1979-80 के दौरान वह महिला कांग्रेस (आई) पश्चिम बंगाल, की महासचिव बन गयीं। वर्ष 1978-1981 तक वह जिला कांग्रेस समिति (आई) डीसीसीआई की सचिव रहीं। वर्ष 1984 में वह अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की, महासचिव रहीं। वर्ष 1985-87 के दौरान अनुसूचित ट्राइब कमेटी की कल्याण समिति की, सदस्य रहीं अखिल भारतीय राष्ट्रीय युवक कमेटी (आई) की सदस्य, परामर्श समिति, केन्द्रीय गृह मन्त्रालय नई दिल्ली की सदस्य रहीं। इसी बीच अखिल भारतीय परामर्श समिति मानव संसाधन मन्त्रालय की सदस्या भी रहीं।

वर्ष 1988-89: सदस्य एक्जिक्यूटिव, प्रदेश कांग्रेस कमटी, पीसीसी (आई), पश्चिम बंगाल, बनी। वर्ष: 1990: अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, पश्चिम बंगाल, बनी। वर्ष 1991: दसवीं लोक सभा हेतु एक मर्तबा फ़िर निर्वाचित होकर, केन्द्रीय मन्त्रालय, नई दिल्ली के युवा मन्त्रालय, मनाव विकास एवं खेल मन्त्रालय की राज्य मंत्री बनाई गयी। वर्ष 1997: विगत पहली जनवरी 1998 को कांग्रेस (आई) छोड़ दी, इस क्रम में 20.01.1998 को वह तृणमूल कांग्रेस की दूसरी चेयर पर्सन बनी। इस बीच पश्चिम बंगाल राज्य में वह दीदी के नाम से प्रसिद्ध हो गयी। ममता बनर्जी अववाहित है, और उनके कोई सन्तान नहीं है। दस ग्यारह वर्ष पहले उनके भाई अमित बनर्जी क यहां गत 7 नवम्बर 1987 को बेटे का जन्म हुआ था, जिसकी वर्तमान आयु 37 वर्ष है और उनके भतीजे का नाम है, अभिषेक बनर्जी। उनके अविवाहित और निःसन्तान होने की वजह से, अभिषेक बनर्जी को ममता का उत्तराधिकारी माना जाता है ममता जी की अनुपस्थिति में उनकी राजनीतिक कमी की पूर्ति, अभिषेक द्वारा यदा कदा की जाती है। और देनिक कार्यों में भी वह ममता को सहयोग करते हैं। ममता दीदी को वर्ष के 'सीएनएनआईबीएन इन्डियन' का सम्मान मिला चुका है। ममता बनर्जी को वर्तमान में वेतन के रूप में रू 2 लाख 10 हजार प्रतिमाह मिलते हैं।

वर्ष 2011: गत 20 मई 2011 को उन्होनें तृणमूल कांग्रेस विधायक दल की नेता के रूप में, पश्चिम बंगाज राज्य की मुख्यमंत्री का पद भार ग्रहण किया था। इस प्रकार सन् 2011 में देश के पश्चिम बंगाल राज्य की पहली मुख्यमंत्री बनीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

प्रदेश की 25 से अधिक लोकसभा सीटों पर अल्पसंख्यक वोटरों की भूमिका प्रभावी है। ऐसे में कांग्रेस के अलग लड़ने से इन वोटरों के बंटवारे का भी खतरा था, जिसका सीधा नुकसान सपा को हो सकता था। हाल में राज्यसभा के टिकट सहित अन्य मसलों को लेकर भी सपा में मुस्लिमों की भागीदारी को लेकर सवाल उठे थे। इसलिए भी सपा ने वोटरों में एकता का संदेश देने का दांव खेला है। हालांकि, सीटों के बंटवारे में उसके कोर वोटरों को किसी और के पाले में खिसकने का खतरा न हो, इस पर सपा ने खास ध्यान दिया है।

# सपा कांग्रेस गठबंधन से त्रिकोणीय हुई लड़ाई



आशीष वशिष्ठ

आखिरकार कांग्रेस और सपा के गठबंधन पर मुहर लग ही गई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय षुरू हुई तीखी बयानबाजी और तल्ख रिशतों के बीच तमाम ऐसे मौके आए, जब लगा कि यह गठबंधन सिरे नहीं चढ़ेगा। लेकिन अंत भला तो सब भला। सीटों का बंटवार ऐसे समय हुआ है जब राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा उत्तर प्रदेष में है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या सपा कांग्रेस का गठबंधन भाजपा को चुनौती दे पाएगा? क्या कांग्रेस और सपा के साथ से उत्तर प्रदेश की राजनीतिक समीकरण और नतीजे बदलेंगे? क्या सपा कांग्रेस की दोस्ती से बसपा का नुकसान होगा? क्या सपा और कांग्रेस मिलकर भाजपा के चार सौ पार के मिशन को यूपी में रोकने में सफल होंगे?

कांग्रेस और सपा दोनों की जमीनी स्थिति ऐसी है कि मतभेद और मनभेद के बाद भी दोनों को गठबंधन करना पड़ा। दरअसल, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा का सियासी आधार एक ही वोट बैंक पर टिका है, वो मुस्लिम मतदाता हैं। सपा इस बात को बखूबी जानती है कि अगर एक बार मुस्लिम मतदाता उसे छिटकर कांग्रेस के पाले में चला गया तो उसे दोबारा वापस लाना मुश्किल हो जाएगा। हाल में हुए चुनाव का वोटिंग पैटर्न को देखें तो मुस्लिम वोटर एक बार फिर से कांग्रेस की तरफ लौट रहा है, खासकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद से सियासी हालात बदले हैं। ऐसे में तमाम दल जो कांग्रेस के कोर वोट बैंक पर काबिज और अपने अपने राज्य में बड़े भाई की भूमिका में हैं. ऐसे में वे कांग्रेस को दोबारा से उभरने का मौका नहीं देना चाहते हैं। सीट बंटवारे में जो देरी हुई उसकी वजह मुस्लिम बहुल सीटें ही बतायी जाती हैं। फिलवक्त सपा प्रमुख पीडीए का फार्मूला जमीन पर उतारने के लिए मेहनत कर रहे हैं। सीट बंटवारे में कांग्रेस के हिस्से में 17 सीटें आई हैं। जबकि समाजवादी पार्टी 63 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समाजवादी पार्टी चंद्रशेखर आजाद की 'आजाद समाज पार्टी' समेत कुछ छोटे दलों को अपने कोटे से सीट दे सकती है. यानी अखिलेश यादव और सपा को तय करना है कि गठबंधन में सपा के साथ बाकी कौन सी पार्टियां 63 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। यूपी में 7 साल बाद कांग्रेस और सपा दोबारा एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। दोनों दलों ने साथ मिलकर 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ा था।

सीट बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत कांग्रेस अमेठी, रायबरेली, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाज़ियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सपा ने कुछ सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। सीट बंटवारा होने के बाद वाराणसी समेत कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम वापस लिए जा सकते हैं। सपा ने वाराणसी सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सुरेंद्र सिंह पटेल को उतारा है। सीट बंटवारे के बाद



ये सीट कांग्रेस के कोटे में चली गई है। ऐसे में यहां से उम्मीदवार वापस लिया जाएगा।

कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने व उसके कोटे की सीटें बढ़ाने के पीछे दो अहम फैक्टर माने जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि रालोद के जाने के बाद सपा के पास उसके कोटे की 7 सीटें खाली थीं। कांग्रेस को पहले ही 11 सीट का वादा किया जा चुका था। इसमें रायबरेली-अमेठी शामिल नहीं थी। इनको मिला लें तो 13 सीटों पर सपा पहले ही तैयार थी। रालोद के जाने के बाद उदारता दिखाना आसान हो गया। अंदरखाने यह भी फीडबैक था कि अल्पसंख्यक वोटरों में कांग्रेस को लेकर रुझान बेहतर हुआ है। प्रदेश की 25 से अधिक लोकसभा सीटों पर अल्पसंख्यक वोटरों की भूमिका प्रभावी है। ऐसे में कांग्रेस के अलग लड़ने से इन वोटरों के बंटवारे का भी खतरा था, जिसका सीधा नुकसान सपा को हो सकता था। हाल में राज्यसभा के टिकट सहित अन्य मसलों को लेकर भी सपा में मुस्लिमों की भागीदारी को लेकर सवाल उठे थे। इसलिए भी सपा ने वोटरों में एकता का संदेश देने का दांव खेला है। हालांकि, सीटों के बंटवारे में उसके कोर वोटरों को किसी और के पाले में खिसकने का खतरा न हो, इस पर सपा ने खास ध्यान दिया है। कांग्रेस को मिली सीटों में अमरोहा और सहारनपुर ही ऐसी है, जहां अल्पसंख्यक वोटर चुनाव का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

उत्तर प्रदेष के चुनावी मैदान में कांग्रेस भले 17 सीटों पर उतरेगी, लेकिन जानकारों का मानना है कि गठबंधन में वह अधिक फायदे में है। जो 17 सीटें उसे मिली हैं, उसमें रायबरेली ही उसके खाते में है। जबकि, अमेठी, कानपुर व फतेहपुर सीकरी में कांग्रेस दूसरे नंबर पर थी। बांसगांव में पार्टी ने प्रत्याशी ही नहीं उतारा था। बाराबंकी, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, गाजियाबाद में सपा दूसरे नंबर पर थी। 2019 में कांग्रेस ने 1977 के बाद का सबसे खराब प्रदर्शन किया था और उसके एक सीट मिली थी। वोट 7 प्रतिशत से भी नीचे आ गए थे। यदि 2014 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें, बीजेपी ने अकेले दम पर 71 सीटों के साथ 42.63 फ़ीसदी वोट हासिल किए थे। समाजवादी पार्टी को 22.35 फ़ीसदी वोट और पांच सीटें मिली थीं लेकिन बीएसपी को 19.7 फ़ीसदी वोट मिलने के बावजूद वो एक भी सीट नहीं जीत पाई। वहीं कांग्रेस महज़ 7.53 फ़ीसदी मतों के बावजूद दो सीटें जीतने में क़ामयाब हो गई थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में वह 2 सीट पर सिमट गई। इसके बाद भी 17 सीटें मिलना उसके लिए फायदे का सौदा है।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने 2017 का विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा था। लेकिन इस गठबंधन का फ़ायदा होने की जगह दोनों को इसका नुकसान हुआ। कांग्रेस की 2012 के विधानसभा चुनाव में 28 सीटें जीती थीं। गठबंधन के बाद वो 7 सीटों पर सिमट गई। सपा को 2012 के विधानसभा चुनाव में 224 सीटें मिली थीं। वह इस बार 47 सीटों पर सिमट गई। यह पहली बार थी जब सपा की सीटों का आंकड़ा सौ से नीचे चला गया। असल में, कांग्रेस और सपा ने गणित लगाया था कि वे दोनों पार्टियां साथ चुनाव लड़ेंगी तो दोनों का वोट प्रतिशत मिलकर उनकी जीत का कारण बन जाएगा। लेकिन भाजपा ने अभूतपूर्व बढ़त बनाई और पिछली विधानसभा के 15 प्रतिशत के मुक़ाबले 40 प्रतिशत के क़रीब पहुंच गई। उसे लोकसभा चुनाव में 42 प्रतिशत वोट मिले थे, विधानसभा चुनाव में उसके वोट प्रतिशत में ज़्यादा गिरावट नहीं आई। कांग्रेस का पिछले विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत 11.6 था जो कि 6.2 पर आ गया। सपा का वोट प्रतिशत 29.2 था जो कि 21.8 पर ठहर गया है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति के जानकारों की माने तो समाजवादी पार्टी का साथ मिलने के चलते अधिकतर सीटों पर कांग्रेस लड़ाई में आ सकेगी। हालांकि, 2019 में सपा व और बसपा जैसे दो बड़े जातीय क्षत्रपों के साथ रहने के बाद भी भाजपा गठबंधन ने यूपी में 64 सीटें जीत ली थीं। अमेठी व कन्नौज में तो समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ,कांग्रेस व रालोद सहित पूरा विपक्ष साथ लड़ा था, लेकिन जीत भाजपा को मिली थी। इस बीच मिशन क्लीन स्वीप के लिए भाजपा जहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभाव रखने वाले रालोद को वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के दलों को भी एनडीए में शामिल करने के साथ ही प्रभावशाली नेताओं को अपने पाले में लाने में जुटी हुई है। ऐसे में यह तो साफ है कि चुनाव में त्रिकोणीय लड़ाई देखने को मिलेगी।

# एमएसपी पर चौथे दौर की बातचीत में सरकार का प्रस्ताव खारिज

तीन-तीन बड़े केंद्रीय मंत्री जिस तरह इस मामले को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, उससे भी यह समझ आ रहा है कि पार्टी को भी इससे नुकसान होने की आशंका है। लेकिन बड़ा प्रश्न यही है कि यदि किसानों का आंदोलन पहली बार की तरह ज्यादा आक्रामक हुआ तो इससे भाजपा को कितना नुकसान हो सकता है? राजनीति के कुछ लोगों का मानना है कि अपनी खोई सियासी जमीन दोबारा हासिल करने के लिए अकाली दल पंजाब के किसान संगठनों को पैसा और संसाधन देकर इस आंदोलन को हवा दे रही है। यानी किसानों की आड़ में राजनीति ज्यादा हो रही है।



किशन भावनानी

वैश्य स्तरपर लोकतंत्र के सबसे बड़े देश भारत में अगले दो माह में चुनाव होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 पर पूरी दुनियां की नज़रें लगी है,क्योंकि आज हर वैश्विक मंच पर भारत का दखल महत्वपूर्ण माना जाता है।भारत की बात आज पूरी दुनियां में ध्यान से सुनी जाती है। आज हर देश को भारत के साथ, समर्थन सहयोग की जरूरत है जिसे रेखांकित करना जरूरी है। ऐसे अब इन चुनावों के मौके पर किसान आंदोलन की एंट्री ने सत्ताधारी पक्ष को हिला दिया है, क्योंकि मेरा मानना है कि सत्ताधारी पक्ष का सत्ता में वापस आना तो करीब करीब निश्चित है, परंतु बात अटकेगी उनकी अपेक्षा और नारा अबकी बार 400 पार और कुल वोटिंग प्रतिशत का 50 पर्सेंट से अधिक का लक्ष्य को अपने पक्ष में लाने के बीचकिसान आंदोलन का रोड़ा अड़ सकता है क्योंकि किसानों द्वारा दिनांक 18 फरवरी 2024 को देर रात्रि एमएससी पर चौथे दौर की बातचीत के सरकार के प्रस्ताव आए पांच फसल 5 साल एमआरपी निर्धारित को किसानों ने आज दिनांक 19 फरवरी 2024 को देर रात्रि खारिज कर दिया है और 21 फरवरी 2024 तक सरकार के जवाब काइंतजार के बाद आंदोलन का रुख तेज़ बनाया है जो सरकार के लिए परेशानी का सबब हो सकता है क्योंकि देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। चुंकि 400 पार 50 प्रतिशत वोटिंग से अधिक प्रतिशत के लिए किसानों का साथ जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 में हर राजनीतिक पार्टी के मुकद्दर का सिकंदर होंगे किसान,मजदूर व मध्यमवर्गीय पारिवार वोटर।

साथियों बात अगर हम रविवार दिनांक 18 फरवरी 2024 को देर रात तक चली चौथे दौर की बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री के बयान की करें तो उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत में गतिरोध दूर करने के लिए अगले पांच साल तक पांच फसलों ङ्क मसूर, उड़द, अरहर, मक्का और कपास ङ्क की पूरी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि नेफेड, एनसीसीएफ और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के जरिये की जाने वाली खरीद समझौदते के तहत होगी। इससे एमएसपी का दायरा धान एवं गेहूं से आगे ले जाने में मदद मिलेगी फिलहाल यह साफ नहीं है कि एमएसपी पर ये फसलें उन्हीं किसानों से खरीदी जाएंगी, जिन्होंने अपनी खेती में गेहूं और धान के अलावा विविधता लाने पर जोर दिया है या सभी से खरीदी जाएंगी। मंत्री ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, एनसीसीएफ (राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ) और नेफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) जैसी सहकारी समितियां उपज खरीदने के लिए अरहर, उड़द, मसूर या मक्का उगाने




वाले किसानों के साथ समझौते करेंगी। अगले पांच साल तक उनकी फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा, एमएसपी पर खरीद के लिए कोई मात्रा तय नहीं की जाएगी और इसके लिए एक पोर्टल तैयार किया जाएगा। मंत्री ने यह प्रस्ताव भी दिया कि भारतीय कपास निगम किसानों के साथ कानूनी समझौता करने के बाद अगले 5 साल तक कपास की खरीद एमएसपी पर करेगा। जवाब में किसान नेताओं ने कहा कि वे इस प्रस्ताव पर अपने साथी सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे और एक-दो दिन में अपना निर्णय बताएंगे। मगर किसान एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की अपनी मुख्य मांग से पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं।

साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव 2024 की दहलीज पर किसान आंदोलन की करें तो, लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले किसान एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। जिस समय राम मंदिर निर्माण के जोश से लबरेज पार्टी अपने पूरे वेग में आगे बढ़ रही थी और पीएम 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, किसान उसके रास्ते में आकर खड़े हो गए हैं। यह माना जा रहा है कि यदि यह मामला नहीं सुलझा, तो पार्टी को इससे नुकसान हो सकता है। तीन-तीन बड़े केंद्रीय मंत्री जिस तरह इस मामले को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, उससे भी यह समझ आ रहा है कि पार्टी को भी इससे नुकसान होने की आशंका है। लेकिन बड़ा प्रश्न यही है कि यदि किसानों का आंदोलन पहली बार की तरह ज्यादा आक्रामक हुआ तो इससे भाजपा को कितना नुकसान हो सकता है? राजनीति के कुछ लोगों का मानना है कि अपनी खोई सियासी जमीन दोबारा हासिल करने के लिए अकाली दल पंजाब के किसान संगठनों को पैसा और संसाधन देकर इस आंदोलन को हवा दे रही है। यानी किसानों की आड़ में राजनीति ज्यादा हो रही है और किसानों का हित करने का इरादा कम है। इधर, उधर अध्यक्ष ने भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में एलान कर दिया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है, तो किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी। राहुल गांधी ने इसे कांग्रेस की पहली गारंटी करार दे दिया है। लेकिन यदि इस मामले पर राजनीति होती है, तो किसानों के आंदोलन में नैतिक बल कमजोर पड़ सकता है। इससे आंदोलन का जनता पर असर कम हो सकता है। पिछली बार जब 2020-21 में किसान आंदोलन हुआ था, तब संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले 40 से ज्यादा किसान संगठनों ने उसमें हिस्सा लिया था। लगभग डेढ़ साल चले आंदोलन में किसानों ने कई परेशानियों के बाद भी अपना आंदोलन जारी रखा और अंततः पीएम को 19 नवंबर 2021 को तीनों विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी थी।

साथियों बात अगर हम किसानों की मुख्य मांगों की करें तो,(1) किसानों की सबसे खास मांग न्यूनतम समर्थन मूल्यके लिए कानून बनना है।(2) किसान स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग भी कर रहे हैं।(3) आंदोलन में शामिल किसान कृषि ऋण माफ करने की मांग भी कर रहे हैं।(4) किसान लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।(5) भारत को डब्ल्यूटीओ से बाहर निकाला जाए।(6) कृषि वस्तुओं, दूध उत्पादों, फलों, सब्जियों और मांस पर आयात शुल्क कम करने के लिए भत्ता बढ़ाया जाए।(7) किसानों और 58 साल से अधिक आयु के कृषि मजदूरों के लिए पेंशन योजना लागू करके 10 हजार रुपए प्रति माह पेंशन दी जाए।(8) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार के लिए सरकार की ओर से स्वयं बीमा प्रीमियम का भुगतान करना, सभी फसलों को योजना का हिस्सा बनाना और नुकसान का आकलन करते समय खेत एकड़ को एक इकाई के रूप में मानकर नुकसान का आकलन करना(9) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को उसी तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

# परीक्षा 'भूत' नहीं, भविष्य है!

परीक्षा में प्रश्नो के उत्तर लिखना भी एक कला है। यदि आपकी राइटिंग भी अच्छी है आप लिखने में गलती भी नहीं करते हैं किन्तु उत्तर देने की कला (आर्ट) में आप पारंगत नही हैं तो भी आप सर्वोच्चता के दरवाजे से बाहर ही रह जायेंगे। अतः इस कला में निपुण होना आवश्यक है। उसके लिए आपको आवश्यकता है निरन्तर अभ्यास की। परीक्षा में उत्तर लिखने वाली कापियों से मिलती जुलती कापी बाजार में उपलब्ध रहती है उन कापियों पर लिखने का अभ्यास करें। इससे आपको ज्ञान होगा कि कापी में बायें हाथ पर कितनी जगह छोड़नी है। एक प्रश्न के उत्तर के बाद दूसरे प्रश्न का उत्तर कितनी जगह छोड़कर करना है। मोटे शब्द कहाँ लिखने हैं और कौन से लिखने हैं जिस पर परीक्षक की निगाह बरबस ही चली जाये। नीली स्याही का प्रयोग कहाँ करना है, काली स्याही का प्रयोग कहाँ करना है, रफ कार्य के लिए कौन से पेज पर कितनी जगह छोड़नी है, इन छोटी-छोटी बातों से ही अच्छे अंक प्राप्त होते हैं।



पं. हरि ओम शर्मा

मेरे एक मित्र हैं 'क' महोदय! एक दिन टहलते हुए मैं यूँ ही उनके घर पहुँच गया, देखा कि मेरे मित्र 'क' महोदय व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती 'क' महोदया दोनों के चेहरे उतरे हुए हैं। पूछने पर पता चला कि परसों से उनके बेटे 'कोमल' की परीक्षा है। 'कोमल' परीक्षा के भूत से इस कदर डरा हुआ है कि उसे तेज ज्वर ने जकड़ लिया है और ज्वर में ही बड़बड़ाता है कि मैं परीक्षा नहीं दूँगा। न जाने ऐसे कितने 'कोमल' है जो इस परीक्षा रूपी भूत से डरे सहमे, बचे-बचे घूम रहे हैं, कुछ 'कोमल' परीक्षा को कोस रहे हैं। ऐसे छात्रों से मेरा यह कहना है कि परीक्षा 'भूत नहीं है! बल्कि परीक्षा 'भविष्य' है, एक ऐसा उज्जवल भविष्य जो परीक्षा में सफ़ल होने के बाद ही प्राप्त होता है तो फ़िर हम भविष्य तय करने वाली इस परीक्षा से डरते क्यों हैं? परीक्षा का तो स्वागत करना चाहिए। यदि आप मेरे इन चन्द सुझावों पर अमल करते हैं तो सच मानिये 'परीक्षा' ही आपको सफ़लता के द्वार तक ले जायेगी। क्योंकि सफ़लता का रास्ता ही परीक्षा के बीच से होकर जाता है।

परीक्षा के लिए हमेशा तैयार रहेंः जैसे एक वीर सैनिक युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहता है ठीक उसी तरह तुम भी हमेशा परीक्षा के लिए तैयार रहो। जिस प्रकार एक वीर सैनिक यह जानता है कि बिना युद्ध के मेरी वीरता का कोई आकलन नही है, कोई मूल्य नहीं है और न ही मुझे कोई परमवीर चक्र प्राप्त होगा। ठीक उसी तरह बिना परीक्षा के आपकी योग्यता का आँकलन कैसे हो सकता है?

परीक्षा में सफ़लता के लिए पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को देखेंः परीक्षा की तैयारी करने के लिए सबसे सरल तरीका है पिछले कई वर्षों के प्रश्न पत्रों को पढ़कर उन्हें हल करना। इन प्रश्न पत्रों को पढ़े व खुद ही हल भी करें और खुद ही अंक भी दे लें, सच मानिये! आपसे बड़ा न कोई परीक्षार्थी है और न ही कोई बड़ा परीक्षक! यदि आप मेरी इस बात पर अमल करते हैं आप दुनियॉ के सर्वश्रेष्ठ व सफ़लतम परीक्षार्थी है। इसमें सन्देह की कोई गुजाइश नहीं है।

स्पेलिंग मिस्टेक न होने देंः अधिकाँश देखा गया है कि छात्र परीक्षा में उत्तर तो सही लिख आते हैं किन्तु गलतियाँ (स्पेलिंग मिस्टेक) इतनी कर देते हैं कि उन्हें देखकर परीक्षक की नाक-भौं सिकुड़ जाती है और वह 93 की बजाय 33 अंक देकर ही सन्तुष्ट हो जाते हैं। अतः राइटिंग के बाद यदि कोई महत्वपूर्ण है तो वह है लिखते समय गलतियां न करना। यदि आप सही उत्तर देते हैं साथ ही उसमें कोई मात्रा, विराम, कामा, फुलस्टाप की गलती नहीं करते हैं तो समझ लीजिए कि आप परीक्षा के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं और आप परीक्षा में भी अपनी दक्षता सिद्ध करते हुए सर्वोच्च अंक प्राप्त करेंगे।



प्रश्नों के उत्तर लिखने की कला सीखेंः परीक्षा में प्रश्नो के उत्तर लिखना भी एक कला है। यदि आपकी राइटिंग भी अच्छी है आप लिखने में गलती भी नहीं करते हैं किन्तु उत्तर देने की कला (आर्ट) में आप पारंगत नही हैं तो भी आप सर्वोच्चता के दरवाजे से बाहर ही रह जायेंगे। अतः इस कला में निपुण होना आवश्यक है। उसके लिए आपको आवश्यकता है निरन्तर अभ्यास की। परीक्षा में उत्तर लिखने वाली कापियों से मिलती जुलती कापी बाजार में उपलब्ध रहती है उन कापियों पर लिखने का अभ्यास करें। इससे आपको ज्ञान होगा कि कापी में बायें हाथ पर कितनी जगह छोड़नी है। एक प्रश्न के उत्तर के बाद दूसरे प्रश्न का उत्तर कितनी जगह छोड़कर करना है। मोटे शब्द कहाँ लिखने हैं और कौन से लिखने हैं जिस पर परीक्षक की निगाह बरबस ही चली जाये। नीली स्याही का प्रयोग कहाँ करना है, काली स्याही का प्रयोग कहाँ करना है, रफकार्य के लिए कौन से पेज पर कितनी जगह छोड़नी है, इन छोटी-छोटी बातों से ही अच्छे अंक प्राप्त होते हैं।

अपनी याददाश्त की क्षमता विकसित करेंः आपके अन्दर अपार क्षमता भरी पड़ी है केवल आवश्यकता है उसे विकसित करने की। याददाश्त को विकसित करने का सबसे सरल तरीका यह है कि आप जो भी विषय या जो भी चैप्टर याद करें उसे लिखकर अवश्य देखें दूसरे यह कि आप याद करने वाला कार्य प्रातः ब्रहम मुहूर्त में प्रातः 4 बजे से 6 बजे के मध्य करें तो उत्तम है। लिखने वाला कार्य सोने से पहले पूरा कर लें, तब सोये। प्रातः जगने के बाद फ्रेश होकर याद करने वाला कार्य करें, याद करने के बाद उसे मन ही मन में गुनगुनायें, अपना मूल्याँकन खुद ही करें। आप देखेंगे कि आपकी याददाश्त की क्षमता में गजब का विकास हुआ है। परीक्षा में निम्न बातों का विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

परीक्षा समय से पहले ही परीक्षा भवन पहुँच जायें। कापी मिलते ही ईश्वर को स्मरण करें। मन में यह विश्वास करें कि परीक्षा की तैयारी सबसे अधिक आपने ही की है। प्रश्न पत्र मिलते ही धैर्यपूर्वक पढ़े, मनन करें, जल्दबाजी न करें, हड़बड़ाहट में कोई उत्तर लिखना प्रारम्भ न करें। पहले प्रश्नों को भली-भाँति समझे तब उत्तर लिखना प्रारम्भ करें।

जो प्रश्न पूछा गया है उसी का उत्तर दें। प्रश्न के मूल से हटकर उत्तर न दें, न तो कोई प्रश्न छोड़े और न ही आवश्यकता से अधिक प्रश्नों का उत्तर दें। प्रश्नों के उत्तर देते समय घड़ी पर ध्यान दें, कोशिश करें कि प्रश्नों के मूल्यों के अनुसार ही उन्हें समय दे। कम अंक दिलाने वाले प्रश्नों को कम समय और अधिक अंक दिलाने वाले प्रश्नों को अधिक समय देकर समय का सही बँटवारा करें।

यदि आप परीक्षा को सुनहरा भविष्य मानते हुए उपयुक्त सुझावों पर अमल करते हैं तो निःसन्देह आप परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरेंगे और सर्वोच्चता के शिखर पर पहुँचेंगे। इसमें कोई सन्देह नहीं है।



# नदी किनारे बसे शहरों की खूबसूरती मोह लेगी मन, 5000 रुपये में करे सफर

भारत हरे भरे जंगलों, ऊंची पहाड़ियों, झील-झरने और नदियों से समृद्ध देश है। यह वह जगह है, जहां नदियों को पवित्र और जीवनदायिनी मानकर उनकी पूजा की जाती है। नदियों के किनारे पर बने घाटों पर लोग वक्त गुजारते हैं। नौका विहार का आनंद लेते हैं। शाम को दीपदान करते हैं या मछली को दाना खिलाते हैं। नदियों के संगम की भी अपनी ही सुंदरता होती है। बच्चों से लेकर बड़ों कर को नदियां प्रिय होती हैं। इन्हीं नदियों के किनारे कई शहर बसे हैं। जहां भोर में लोग स्नान के लिए जाते हैं तो शाम होते ही नदी किनारे बैठकर वक्त बिताते हैं। भारत में नदियों के किनारे बसे कई शहर तो विश्व प्रसिद्ध भी हैं। नदी किनारे बसे शहरों को घूमने के लिए दूर दराज से लोग पहुंचते हैं। आइए जानते हैं भारत के ऐसे शहर जो खूबसूरत नदियों के किनारे बसे हुए हैं। इन शहरों की यात्रा कम पैसों में आसानी से की जा सकती है।



## वाराणसी

वाराणसी को मोक्ष की नगरी कहते हैं। यह भगवान भोलेनाथ का धरती पर प्रिय स्थान माना जाता है। बनारस ने संस्कृति और विरासत समेट रखा है। बनारस शहर गंगा नदी के किनारे स्थित है। बनारस के घाट पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं। दिल्ली से वाराणसी अधिक दूर नहीं है। यहां रहने, खाने पीने और घूमने का खर्च भी बजट में हो सकता है। बनारस के गंगा घाट को घूमने के साथ ही लोग बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन कर सकते हैं।

## प्रयागराज

उप्र की संगम नगरी के नाम से मशहूर प्रयागराज तीन नदियों के किनारे पर बसा है। यहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदी का संगम होता है। यहां कि संस्कृति और खूबसूरती देखने लायक है। कुंभ मेले का आयोजन भी प्रयागराज में संगम किनारे होता है, जहां देश विदेश से लोग पहुंचते हैं। प्रयागराज में बजट में होटल रूम, या संगम किनारे टेंट मिल जाएंगे। प्रयागराज की ट्रिप भी महज पांच हजार में प्लान की जा सकती है।

## हरिद्वार

उत्तराखंड की धर्म स्थली हरिद्वार गंगा नदी के तट पर बसा है। यहां शाम को होने वाला दीपदान और गंगा आरती मनमोहक होता है। साल भर यहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। दिल्ली से हरिद्वार की दूरी कुछ घंटों में तय कर सकते हैं। दिल्ली से हरिद्वार के लिए बस सेवा या कई ट्रेनें हैं, जिसमें महज 200 रुपये से टिकट मिल जाएंगे। रहने के लिए कई धर्मशालाएं, 500 रुपये के कमरों से लेकर लग्जरी होटल की भी यहां व्यवस्था रहती है।

## आगरा

दुनिया के सात अजूबों में से एक ताजमहल आगरा शहर में स्थित है। आगरा का ताजमहल देखने के लिए विदेशों से भी लोग आते हैं। ताजमहल और आगरा दोनों ही यमुना नदी के किनारे बसा है।

शाम के वक्त यमुना नदी में नौका विहार करते हुए ताजमहल के दीदार करना काफी रोमांटिक लगता है। यहां भी बजट में होटल में कमरे, स्थानीय जगहों को घूमने के लिए कम पैसे लगते हैं।

## पटना

बिहार की राजधानी पटना भी गंगा किनारे बसी हुई है। पटना शहर में शाम के वक्त गंगा आरती को देखने के लिए काफी भीड़ होती है। खासकर छठ पूजा के मौके पर दूर दराज से लोग यहां अर्घ देने के लिए पहुंचते हैं। पटना सस्ता शहर है, जहां आपको पांच सौ रुपये तक होटल रूम और बजट में यात्रा करने का मौका मिल सकता है।

## अयोध्या

उत्तर प्रदेश में श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या है। अयोध्या शहर सरयू नदी के किनारे बसा है। सरयू नदी की जितनी धार्मिक महत्वता है, उतना ही पर्यटन के लिहाज से यह स्थान प्रसिद्ध है। प्रतिवर्ष लाखों लोग अयोध्या की सरयू नदी में स्नान करते हैं। लखनऊ से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थिति अयोध्या पहुंचने के लिए आपको दो-तीन सौ रुपये लेकर एक हजार रुपये तक व्यय करने पड़ सकते हैं। यहां होटल रूम सस्ते हैं और दो दिन का ट्रिप पांच हजार के अंदर में ही किया जा सकता है।

# अंग्रेजों के जमाने का है भारत का ये रेलवे स्टेशन, आजादी के बाद भी है पहले जैसा

26 जनवरी 1950 को देश का संविधान अपनाया गया था और भारत एक गणतंत्र राष्ट्र बन गया था। तब से अब तक देश में बहुत कुछ बदला। भारत ने आजादी के बाद से बहुत विकास किया। कई क्षेत्रों में विकास देखा गया और परिवर्तन देखने को मिले। ब्रिटिश ही भारत में ट्रेन लेकर आए। आजादी से पहले ही भारत में ट्रेन चलने लगी थी और कई रेलवे स्टेशन भी थे। लेकिन आजादी के बाद हुए विकास के बाद भी कई रेलवे स्टेशन हैं जो ऐतिहासिकता को अपने में समाये हुए हैं। फिलहाल भारत में लगभग सात हजार से अधिक रेलवे स्टेशन हैं। इनमें से कुछ रेलवे स्टेशन ऐतिहासिकता की कहानी समेटे हुए हैं। गणतंत्र दिवस के मौके पर भारत के सबसे पुराने और आखिरी रेलवे स्टेशन के बारे में बता रहे हैं। अंग्रेजों के जमाने का यह रेलवे स्टेशन आज भी वैसा ही है, जैसा आजादी से पहले था। आइए जानते हैं देश के सबसे पुराने और ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन के बारे में।

## सबसे पुराना रेलवे स्टेशन

भारत के सबसे पुराने रेलवे स्टेशन का नाम सिंहाबाद है। यह भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन है, जो कि बांग्लादेश की सीमा से सटा है। इस रेलवे स्टेशन का उपयोग मालगाड़ियों के ट्रांजिट के लिए होता है। सिंहाबाद रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के हबीबपुर इलाके में स्थित है। इस रेलवे स्टेशन से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही बांग्लादेश की सीमा है, जहां लोग पैदल ही घूमने चले जाते हैं। सिंहाबाद रेलवे स्टेशन के आगे भारत का कोई और रेलवे स्टेशन नहीं है। सिंहाबाद बहुत ही छोटा रेलवे स्टेशन है। यहां ज्यादा चहल-पहल नहीं होती, क्योंकि इस रेलवे स्टेशन पर यात्री कम और मालगाड़ियों का आवागमन अधिक होता है। जब भारत अंग्रेजों का गुलाम था, तब यह रेलवे स्टेशन बना था। बाद में आजादी के बाद भारत और पाकिस्तान का बंटवारा हो गया और यह रेलवे स्टेशन बंद हो गया। लंबे अरसे से सिंहाबाद रेलवे स्टेशन वीरान पड़ा था। 1978 में इस रूट पर मालगाड़ियां फिर चलना शुरू हुईं।




उस दौर में भारत से बांग्लादेश के लिए मालगाड़ियों का आवागमन होता था। आजादी के बाद से सिंहाबाद रेलवे स्टेशन में कोई बदलाव नहीं हुआ। साल 2011 नवंबर महीने में एक पुराने समझौते में संशोधन हुआ और नेपाल को इस रूट में शामिल कर लिया गया। भारत से बांग्लादेश के अलावा नेपाल जाने वाली ट्रेनें भी इस रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने लगीं। भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन सिंहाबाद ह और बांग्लादेश का पहला रेलवे स्टेशन रोहनपुर है। भारत और बांग्लादेश के बीच मालगाड़ियों का खेप रोहनपुर-सिंहाबाद ट्रांजिट प्वाइंट से ही निकलता है। कोलकाता से ढाका जाने के लिए यह रेलवे स्टेशन संपर्क माध्यम था। आजादी से पहले कई बार महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस ढाका जाने के लिए इस रेलवे स्टेशन से गुजरे। दार्जिलिंग मेल जैसी ट्रेनें भी इस रेलवे स्टेशन से गुजरा करती थीं। लेकिन अब यहां सिर्फ मालगाड़ियों की निकासी होती है। इस रेलवे स्टेशन पर आज भी अंग्रेजों के जमाने के ही सिग्नल, संचार और अन्य उपकरण लगे हुए हैं। इस स्टेशन पर पहले ही तरह ही कार्डबोर्ड के टिकट रखे हैं। इस तरह के टिकट अब कहीं देखने को नहीं मिलते। हालांकि यात्री यहां से नहीं निकलते, इसलिए टिकट काउंटर बंद कर दिया गया है। सिग्नलों के लिए हाथ के गियरों का उपयोग किया जाता है और पुराने जमाने के टेलीफोन का उपयोग होता है।

# दो पहिया पर घूमने निकले हैं, इन बातों का रखें ख्याल

सफर हमेशा सुकून देता है, नए रास्तों, नई गलियों की खोज करना सिखाता है। सफर में हवा, पंछी, नदियां, पहाड़, खेत, गाँव, सभी संगी-साथी होते हैं। अगर जीवन को नए और सार्थक तरीके से जीना है तो सफर एक बहुत ही अच्छा विकल्प है। फिर चाहे परिवार साथ हो, दोस्त हों या अकेले खुद आप। यात्राओं का आनंद लेने का सबका अपना तरीका होता है। समय समय पर इसमें बदलाव भी होते रहते हैं। जैसे आजकल टू व्हीलर यात्रा एडवेंचर का ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसके लिए साधन भी लगभग हर जगह मौजूद हैं और लोग इसे पसंद भी बहुत कर रहे हैं। टू व्हीलर पर सफर बहुत खूबसूरत भी है और एडवेंचर से भरपूर भी। चाहे यह स्कूटरेट (बिना गियर के दो पहिया) हो या बाइक, इसके लिए आपको तैयारी भी करनी होंगी और कुछ प्रशिक्षण भी लेना होंगे। जानिए कैसे दुपहिया सफर को आप कर सकते हैं एन्जॉय और किन चीजों का आपको रखना चाहिए ध्यान।



## फिटनेस है एक बड़ी ताकत

चाहे आप सोलो ट्रैवल कर रहे हों या ग्रुप में। अगर आपका साधन दुपहिया है तो आपको अपनी फिटनेस पर भी अतिरिक्त ध्यान देना होगा। जोश जोश में आप यात्रा पर तो निकल पड़ते हैं लेकिन लम्बी दूरी तक दो पहिया चलाना एक टफ टास्क होता है। इसके लिए आपकी मांसपेशियों का लचीला होना, हड्डियों का मजबूत होना, पाचन और नींद का दुरुस्त होना सबकुछ जरूरी है। इसलिए ही बाइक एक्पीडिशन आदि के पहले ट्रेनिंग दी जाती है और फिटनस टेस्ट भी करवाए जाते हैं। तो अगर आप लम्बी दूरी के लिए टू व्हीलर पर यात्रा करने का सोच रहे हैं तो करीब 3-4 महीने पहले से योग, स्ट्रेचिंग, कार्डियो ट्रेनिंग, डीप ब्रीदिंग अभ्यास अवश्य शुरू कर दें। इसके साथ ही अपने खान-पान में भी अतिरिक्त पोषण शामिल करें और भरपूर नींद लेने की आदत डालें।

## शरीर और दिमाग को दें ब्रेक

चाहे आप दो पहिया वाहन चला कर यात्रा कर रहे हों या चार पहिया, आपको अपने शरीर और दिमाग दोनों को ही समय समय पर ब्रेक देना जरूरी है। साथ ही पूरी सेफ्टी के साथ ड्राइव करें। आंकड़े बताते हैं कि हमारे देश में बड़ी संख्या में हर साल जितने लोग गंभीर बीमारियों से नहीं मरते उससे कहीं ज्यादा सड़क दुर्घटना में जान गंवा देते हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो दूसरों की गलती की वजह से इसलिए जान खो बैठते हैं क्योंकि उन्होंने सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया। इसी तरह यदि आप बिना रुके, शरीर की आराम चाहने की आवाज़ को बिना सुने चलते जाते हैं तो भी दुर्घटना की आशंका बढ़ती है। इसलिए शरीर और दिमाग दोनों को बीच बीच में ब्रेक दें।

## तकनीकी प्रशिक्षण

कोई ऐसी जगह जाते हुए जहाँ मीलों तक कोई मैकेनिक क्या दूसरा इंसान भी न दिखाई दे रहा हो, यदि आपका दुपहिया बंद हो जाए या उसमें कोई दिक्कत आ जाये तो आप क्या करेंगे। इसलिए यात्रा पर निकलने से पहले ही अपने वाहन से जुड़े छोटे-मोटे काम और टूल्स का उपयोग जरूर सीखें। आप इसके लिए कोई वर्कशॉप भी ज्वाइन कर सकते हैं या चाहें तो जिस जगह से आप अपने वाहन की नियमित सर्विसिंग करवाते हैं, वहां से बारीकियां सीखें। साथ ही उन छोटे ऑटो पार्ट्स की भी जानकारी लें जिन्हें वक्त पड़ने पर बदलने की आवश्यकता हो सकती है। इससे आपको स्टेपनी चेंज करने, छोटी-मोटी रिपेयरिंग करने में दिक्कत नहीं आएँगी, कोई गैरेज वाला आपसे मनचाहे पैसे भी नहीं वसूल पायेगा और आप निर्बाध अपना सफर पूरा कर सकेंगे।

## नियम और कानूनों को जानें

सड़क पर चलने वाले पैदल व्यक्ति से लेकर हर तरह के वाहन चालकों तक के लिए कुछ नियम होते हैं। इसी तरह हर राज्य और सीमा में भी वाहन चालकों के लिए नियम बदलते हैं। आपकी यात्रा के दौरान कितने राज्य बीच में आएंगे और वहां के नियम कानून क्या हैं, इनकी पूरी जानकारी हार्ड या सॉफ्ट कॉपी के रूप में साथ लेकर चलें। इसके अलावा एनओसी (जरूरी हो तो), आपके सभी जरूरी आईडी कार्ड्स, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस व ड्राइविंग लायसेंस, आदि भी कम्प्लीट और रिन्यू करवाकर चलें। रास्ते में जहाँ-जहाँ आपको रुकना है वहां से संबंधित नियमों की भी पूरी जानकारी लें। हालांकि आजकल मोबाइल एक ऐसा गैजेट है जिसपर आप दुनियाभर की जानकारी पा सकते हैं लेकिन अपने जरूरी डॉक्युमेंट्स के साथ ही यात्रा की सभी लोकेशंस की जानकारी और नक्शा हार्ड कॉपी के रूप में भी साथ रखें।

## डिहाइड्रेशन से बचें

यह याद रखें कि डिहाइड्रेशन यात्रा के दौरान एक खतरनाक स्थिति बन सकता है। इससे शरीर में कमजोरी, थकान, हड्डियों में दर्द और पेट की समस्याएं आदि हो सकती हैं। इसलिए दिनभर में कम से कम 2 लीटर पानी जरूर पीएं और रास्ते के मौसमी फल अच्छी तरह धोएं और उन्हें खाएं। यह शरीर के लिए सारे विटामिन्स और खनिजों की पूर्ती भी करेंगे, भूख भी मिटायेंगे और भरपूर फाइबर भी देंगे। ड्राय स्नैक्स को इमरजेंसी के लिए रखें, जब कहीं कुछ खाने को न मिले तब इनका उपयोग करें। इन सबके अलावा किसी भी जगह बाथरूम का उपयोग करते समय बहुत सतर्कता रखें। यह वह जगह है जहाँ से कई तरह के संक्रमण आसानी से आपको शिकार बना सकता है। अपने साथ दो छोटे तौलिये और टिशू के पैकेट, लिक्विड सोप, डिस्पोजेबल चम्मच और ग्लास भी रखें।

## सर्विसिंग व अन्य सावधानियां

कई बार ऐसा होता है कि टायर हो या स्पीडोमीटर या अन्य कोई पार्ट, हम यह सोचकर रिपेयरिंग या चेंज नहीं करते कि कुछ दिन और चल जाएगा। लम्बी दूरी की यात्रा के लिहाज से यह बहुत बड़ी रिस्क है। इसकी बजाय गाड़ी की पूरी सर्विसिंग और जरूरी सभी रिपेयरिंग करवाएं। यदि गाड़ी नई है तो इसके टायर्स, पेट्रोल एवं पार्ट्स को लेकर पूरी जानकारी लें। अपने लगेज को हमेशा इतना ही रखें कि यदि आपको पैदल भी चलना पड़े तो मुश्किल न आये। बैग हमेशा मजबूत साथ रखें और अपने साथ सर्दी, गर्मी और ठंड तीनों मौसम के हिसाब से ऐसे कपड़े रखें जो एक ही साथ कई फायदे दें। जैसे दो-तीन जींस, दो शॉर्ट्स, दो फुल स्लीव्स और दो हाफ स्लीव्स टीशर्ट्स, एक बढ़िया जैकेट, अच्छी क्वालिटी के ग्लव्स, तीन से चार जोड़े कॉटन के मोज़े और एक पेयर थर्मल वेयर। इसके अलावा एक नायलोन की मजबूत रस्सी, सुई धागा, अच्छी क्वालिटी का स्लीपिंग बैग, कुछ ड्राय स्नैक्स, टॉर्च, मोमबत्ती -माचिस या लाइटर, जरूरी दवाएं और ओआरएस के पैकेट्स भी जरूर साथ रखें।

# दुश्मनों से घिरे इस देश पर होते रहते हैं हमले

## पर्यटन स्थलों पर नहीं आती आंच

दुनियाभर में घूमने का शौक रखने वाले लोगों का आंकड़ा करोड़ों में है। जितने लोग घूमना पसंद करते हैं, उतने ही घूमने योग्य जगहें भी हैं। दुनिया के तमाम देशों में कई विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल, विश्व धरोहरें और ऐतिहासिक महत्व रखने वाली जगहें हैं। इन जगहों पर प्रति वर्ष बड़ी तादाद में लोग घूमने पहुंचते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। वैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विश्व पर्यटन दिवस सितंबर महीने में मनाते हैं। राष्ट्रीय हो या अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस का एक उद्देश्य ऐसे पर्यटन स्थलों की जानकारी देना है, जिनके बारे में लोगों को अधिक पता नहीं होता। ऐसा ही एक देश है, जहां बहुत खूबसूरत पर्यटन स्थल है। इस देश को चारों ओर से दुश्मनों ने घेरा हुआ है और अक्सर यहां हमले करते हैं लेकिन इन देश के पर्यटन स्थल हमलों के बाद भी सुरक्षित हैं और अपनी सुंदरता को बनाए हुए हैं। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर जानिए दुश्मनों से घिरे ऐसे देश के बारे में जहां के पर्यटन स्थल की सैर करना बहुत ही शानदार अनुभव करा सकता है।

## दुश्मनों से घिरे देश में कई पर्यटन स्थल

इजराइल पर अक्सर हमले होते रहते हैं। इजराइल चारों ओर से दुश्मनों से घिरा देश है। इस सब के बावजूद यहां के पर्यटन स्थल बहुत प्रसिद्ध हैं। यहूदियों के देश इजराइल के चारों ओर इस्लामिक देश बसे हैं। अधिकतर पड़ोसी देश इजराइल के दुश्मन है। इस कारण सीमा पर हमेशा गंभीर स्थिति बनी रहती है और युद्ध की आशंका रहती है। लेकिन इजराइल एक कारण से भी प्रसिद्ध है, वह हैं यहां के पर्यटन स्थल।

## यरूशलेम

इजराइल की राजधानी यरूशलेम में ईसाइयों के इष्ट ईसा मसीह का जन्म हुआ था। इसलिए यरूशलेम को धार्मिक जगहों में गिना जाता है। यहूदियों और मुस्लिमों दोनों के लिए यह एक पवित्र स्थान है। यरूशलेम में मशहूर होलोकॉस्ट संग्रहालय स्थित है, जो रिमेंबरेंस पर्वत की ढलान पर 42 सौ स्क्वायर मीटर फैला है।

## होलोकॉस्ट म्यूजियम

होलोकास्ट संग्रहालय यहूदियों के इतिहास को दर्शाने वाली जगह है। इस जगह से जुड़ी एक और ऐतिहासिक कहानी है। एडोल्फ हिटलर ने यहां नाजी जर्मनी के 10 लाख से ज्यादा बच्चों समेत 60 लाख यहूदियों का नरसंहार किया था। इस नरसंहार की याद में वाशेम म्यूजियम बनाया गया, जो होलोकास्ट म्यूजियम के पास ही है। हर साल यहां लाखों लोग आते हैं।

## ओल्ड सिटी ऑफ यरुशलम



ओल्ड सिटी ऑफ यरुशलम को दुनिया के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। यह जगह यहूदियों का धार्मिक स्थल है। यहां वेस्टर्न वेलिंग वॉल, चर्च ऑफ द हॉली स्प्यूल्चर और डोम ऑफ द रॉक है।

## टावर ऑफ डेविड

इजराइल में टावर ऑफ डेविड नाम की जगह है, जिसे बुर्ज दाऊद या दाऊद का गुंबद के नाम से भी जाना जाता है। इसी जगह पर राजा सोलोमन को दफनाया गया था। पर्यटकों के बीच यह जगह काफी लोकप्रिय है।

## सोलोमन मंदिर

इजराइल के राजा सोलोमन ने यहूदियों के लिए सोलोमन नाम के एक पवित्र मंदिर की स्थापना की थी। बाइबल में भी सोलोमन मंदिर का जिक्र है। हालांकि रोमन से लड़ाई के दौरान यह मंदिर नष्ट हो गया था। मंदिर के स्थान पर ही अब टेम्पल माउंट, अल अक्सा मस्जिद स्थित है।

## रेगिस्तान में खूबसूरत सा सम

राजस्थान के रंग और संस्कृति बहुत ही रंगबिरंगी और खूबसूरत है। यहां देखने और भ्रमण करने लायक कई जगहें हैं लेकिन इनमें सबसे अनूठी और अद्भुत जगह है सम यानी जैसलमेर के करीब का वह इलाका जहाँ दूर दूर तक रेगिस्तान बाहें पसार कर आपके लिए पधारो म्हारे देस गाता है। ऐसी रेत जो जितनी जल्दी आपसे नाता जोड़ती है, उतनी ही आसानी से आपसे अलग भी हो जाती है। जैसे कह रही हो, भौतिकता का मोह छोड़ कर प्रकृति से नाता जोड़ो, उसी में सुख है। यह आश्चर्य है कि यह रेत कपड़ों पर चिपकती नहीं। इस रेत का अपना अलग अंदाज है जो आपको राजस्थान के इस रूखे-सूखे इलाके के प्रेम में डाल देता है। यहां आप राजस्थान की रंगीली लोककथाओं से भी रूबरू होते हैं और सीमा पर डटे सिपाहियों की वीरता के किस्सों से भी। जैसलमेर के इस अनूठे रेगिस्तानी इलाके के बारे में जानिए करीब से।

## हवेलियों से गुलजार गलियां

ऐतिहासिक तौर पर पूरे राजस्थान में कई सारे स्थान हैं जो रोमांच जगाते हैं। इनमें ही शामिल है जैसलमेर। हवेलियों के भरे इस शहर को गोल्डन सिटी के नाम से भी जाना जाता है। यह नाम इस शहर में बने पीले रंग के पत्थरों से बनी हवेलियों व अन्य निर्माणों के लिए दिया गया है। शहर की गलियों से गुजरते हुए कई छोटी-बड़ी हवेलियां आपके स्वागत के लिए मुस्कुराती मिलेंगी। अंदर जाने पर खूबसूरत नक्काशी से सजे झरोखे और ऊँची खुली छत से झांकता आसमान आपका मन मोह लेगा। इन हवेलियों के बाहर और रास्ते में भी आपको राजस्थानी लोक कलाओं से सजी कई छोटी-छोटी दुकानें मिलेंगी जहाँ से आप कठपुतली से लेकर दुपट्टे, स्टोल या कोई आर्ट पीस आदि खरीद सकते हैं। यहां का म्यूजियम कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का साक्षी है। यदि आप इतिहास में रूचि रखते हैं तो यह आपके लिए शानदार ट्रीट होगी। जैसलमेर से सम सैंड ड्यून्स यानी रेतीले टीलों तक का सफर करीब 40-45 किलोमीटर का है। आप चाहें तो जैसलमेर में रुक कर सम जाकर वापस अपने ठिकाने पर आ सकते हैं या फिर सम में ही कैम्प नाइट और रुकने की सुविधा का विकल्प चुन सकते हैं। यदि आप जैसलमेर में रुकने का विकल्प चुनते हैं तो भी आपको सम तक पहुंचने के लिए जीप, टैक्सी या टू व्हीलर किराए से लेनी होगी। रेगिस्तान के टूर के लिए भी ऊँट या जीप की सवारी का विकल्प होता है। यदि आप सम में ही कैम्प या टेंट वाली सुविधा के साथ रुके हैं तो यहाँ पर पैकेज के अंतर्गत जीप और ऊँट की सवारी फ्री भी मिल सकती है। इसके अलावा अलग अलग पैकेज के हिसाब से रुकने, ब्रेकफास्ट, लंच व डिनर तथा कल्चरल एक्टिविटीज जैसी सुविधाएँ मिल सकती हैं। राजस्थान देश के सभी बड़े शहरों और मार्गों से जुड़ा हुआ है। जैसलमेर तक पहुंचने के लिए भी हवाई जहाज, ट्रेन, बस या टैक्सी आदि किसी भी साधन को चुना जा सकता है। यदि आप कोई टूर पैकेज चुनते हैं तो वे आपको यात्रा से लेकर ठहरने व साइट सीइंग, सम की यात्रा तक के लिए ऑफर दे सकते हैं। आमतौर पर इनका किराया ढाई हजार से 5 हजार रूपये तक हो सकता है। यह दी जा रही सुविधाओं और टेंट के प्रकार पर निर्भर करता है। चाहें तो यहां आकर अलग से भी कैमल राइड और अन्य सुविधाएँ ले सकते हैं। चूंकि इस इलाके में पर्यटकों की अक्सर भरमार रहती है

# गोवा के पर्यटन उद्योग की छवि बिगाड़ रहे हैं टैक्सियों के आसमान छूते किराए

अगर आप गोवा के सफर पर आना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। लंबे अरसे तक पुर्तगालियों के शासन में रहे अपने समुद्र तटों के लिए मशहूर इस राज्य में सिर्फ शराब सस्ती है। अगर आप इसके शौकीन नहीं हैं तो यहां टैक्सी चालकों की मनमानी और आसमान चूमते किराए आपका पूरा बजट और मूड बिगाड़ सकते हैं। जी हां, आपको भले यकीन न हो, लेकिन गोवा में प्रति किलोमीटर टैक्सी का किराया भारत में तो सबसे ज्यादा है ही, यह विदेशों को भी कड़ी टक्कर दे रहा है। फिलहाल उत्तर गोवा के मोपा में हाल में शुरू हुए मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दक्षिण गोवा के बेनॉलिम स्थित एक होटल तक 4148.50 रुपये के किराए की एक रसीद सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह किराया महज 65.86 किमी के लिए था।

## एयरपोर्ट से आवाजाही के लिए टैक्सी महंगी

टैक्सी चालकों के मनमाने रवैए के कारण बीती पांच जनवरी को उत्तर गोवा के मोपा में शुरू हुए नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आवाजाही करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि उनको एयरपोर्ट आने-जाने के लिए कुछ मामलों में विमान के टिकट से ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ रही है। मिसाल के तौर पर, इस संवाददाता ने गोवा से बेंगलुरु तक का हवाई टिकट तो तीन हजार में खरीदा था, लेकिन दक्षिण गोवा के कोलवा से नए एयरपोर्ट तक की 62 किमी की दूरी तय करने के लिए टैक्सी के किराए के तौर पर साढ़े तीन हजार रुपए खर्च करने पड़े। गोवा में स्थानीय टैक्सी चालकों और उनकी यूनियनों की पकड़ इतनी मजबूत है कि सरकार ने भी इस ओर आंखें मूंद रखी हैं। ऐप-आधारित ओला व उबर जैसी सेवाओं को स्थानीय यूनियनों ने कभी यहां पांव ही नहीं जमाने दिया। दिल्ली से नए साल की छुट्टियां बिताने कलंगुट पहुंचे शरद कुमार कहते हैं, ÷मुझे 40 किमी की दूरी तय करने के लिए 2500 रुपये देने पड़े। मोपा एयरपोर्ट तक पहुंचने का जितना खर्च है, उससे कम में गोवा से मुंबई तक का हवाई टिकट खरीदा जा सकता है।÷ सिर्फ पर्यटकों ही नहीं बल्कि दक्षिण गोवा में रहने वाले लोगों के लिए भी नए एयरपोर्ट तक पहुंचना भारी सिरदर्द साबित हो रहा है। बेनॉलिम में रहने वाले एग्नेल फर्नांडीज कहते हैं, ÷सरकार को पहले टैक्सी की दरें तय करनी चाहिए। आसमान छूते किराए के कारण पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी हो रही है। सरकार की दलील है कि पर्यटकों की सहूलियत के गोवा टैक्सी एप बनाया गया है। लेकिन कोई भी टैक्सी मालिक या चालक इसमें शामिल होने के लिए तैयार नहीं है। स्थानीय इतिहासकार संजीव सरदेसाई बताते हैं, ÷हाल के वर्षों में एक पर्यटन स्थल के तौर पर गवा की लोकप्रियता काफी बढ़ी है और खासकर क्रिसमस से नए साल तक यहां कहीं तिल धरने तक की जगह नहीं होती। टैक्सी चालक इस हालत का फायदा उठा रहे हैं। अगर सरकार ने इस पर अंकुश नहीं लगाया तो सोने के अंडे देने वाले पर्यटन उद्योग की असमय ही मौत हो जाएगी। टैक्सी चालकों की मनमानी के कारण पर्यटक बेहद बुरे अनुभव के साथ यहां से लौटते हैं। पर्यटन उद्योग से जुड़े ओरलांडो नन्स कहते हैं, ÷यहां टैक्सियों की तादाद तो हजारों में है। आपको हर जगह टूरिस्ट टैक्सी मिल जाएगी लेकिन उनके पास कोई छपा हुआ रेट कार्ड नहीं है। उनकी जुबान ही रेट कार्ड है। सरकार इस मामले में कई ठोस नीति बनाने में नाकाम रही है।÷ वह बताते हैं कि यहां टैक्सी की दरें नब्बे के दशक से ही ज्यादा हैं, लेकिन हाल के वर्षों में तो यह आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। येलो ब्लैक टैक्सी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील नाइक दावा करते हैं कि हमारी दरें तय हैं, लेकिन सफेद टैक्सियों के बारे में कुछ नहीं कहा सकता है। मुख्यमंत्री कई बार इस मुद्दे पर तमाम पक्षों की बैठक बुलाने की बात कह चुके हैं। लेकिन कुछ यूनियन इतनी ताकतवर हैं कि सरकार ने भी चुप्पी साध ली है। यही हाल मीटर वाली टैक्सियों का भी है। मीटर लगे होने के बावजूद कोई भी उसे नहीं चलाता। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी भी इस बात की जांच की जहमत नहीं उठाते। पर्यटन उद्योग से जुड़े लिंडन ऑल्वेज कहते हैं, ÷टैक्सी चालकों की मनमानी से गोवा की छवि पर दाग लग रहा है। अदालत ने तमाम टैक्सियों में मीटर लगाने का निर्देश दिया है, लेकिन उस आदेश की सरेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। आखिर में हाईकोर्ट ने अदालत की अवमानना का मामला शुरू करने की धमकी दी तो टैक्सियों में डिजिटल मीटर तो लग गए। लेकिन उसका इस्तेमाल नहीं होता। संजीव सरदेसाई बताते हैं कि गोवा में प्रति किलोमीटर किराया सबसे ज्यादा है। मुंबई में आठ घंटे के लिए टैक्सी का किराया जहां 3500 रुपये है वहीं मुंबई से यहां आने वाले मेरे एक मित्र को हवाई टिकट तो साढ़े तीन हजार में मिला था।

# व्यापारी उत्पीड़न को लेकर संयुक्त व्यापार मंडल ने एसएसपी को दिया ज्ञापन



■ प्रशासन ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिलाध्यक्ष( अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल) संतोष चौहान (जिलाध्यक्ष (उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनपद इटावा) सदाशिव श्रीवास्तव जिला महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह को सौंपा। चौगुर्जी स्थित चौधरी ऑटो मोबाइल के मालिक नरेंद्र चौधरी को सिविल लाइन थाना पुलिस एक साधारण शिकायत पर थाना ले गई और हिस्ट्रीशीटर अपराधी की तरह व्यापारी की एक भी सुने बगैर उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उनकी चप्पल उतरवा कर अपराधी की तरह सिविल लाइन थाने में बैठाया गया और उसका मोबाइल ले लिया किसी से बात नहीं करने दी दबाव बनाकर मानसिक उत्पीड़न करके जबरन रुपया और वाहन को कथित सुलहनामा के रूप में थाने में लिया गया शोषण एवं उत्पीड़न किया गया।

दवा व्यापारी शिवराज सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह कृष्णा नगर भरथना रोड शहर इटावा को 16 फरवरी 2024 को उनके मोबाइल नंबर 9445828335 पर 7225892993 से कॉल आया कि कोतवाल बात कर रहे हैं डरा धमका के व्यापारी के खाते से लगभग 90, 000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिये। शहर इटावा के प्रमुख बाजारों में कुछ महिलाओं द्वारा व्यापारियों पर गलत आरोप लगाकर शोषण एवं उत्पीड़न किया जा रहा है और पुलिस व्यापारियों से अपराधी की तरह व्यवहार कर रही है। इन प्रकरण को लेकर संयुक्त व्यापार मंडल ने शीघ्र से शीघ्र जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का ज्ञापन देकर मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन, एमपी सिंह तोमर, डॉ0 ए के शर्मा, रंजीत सिंह कुशवाहा, रिंकू यादव, गुरुभेज सिंह भेजा, गोरखनाथ वर्मा, रणवीर सिंह चौहान, ओम रतन कश्यप, इक़रार अहमद, अब्दुल मन्नान राईन, शिवनंदन भदौरिया, चौधरी सचिन अग्रवाल, लल्लू वारसी, सर्वेश चौहान, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, प्रत्यूष वर्मा, राम मनोहर दीक्षित, उमेश कुमार कुशवाहा, मोहम्मद उवैश, संतोष कुमार वर्मा, सत्येंद्र कुशवाहा, कुमार सोनी, अभिषेक जैन, हरेंद्र सिंह, अतुल त्रिपाठी, संजीव, मुकेश कुमार दुबे, सतीक मंसूरी, मोहन सिंह, संजीव राजपूत आदि व्यापारी शामिल रहे।

# प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला प्रेम नगर निवासी ममता कुमारी पत्नी स्व0 श्री नाहर सिंह को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में गुरूवार को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया है। आपको बता दें कि जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की, जिसका असर जनपद में देखने को मिल रहा है और लोग जगह-जगह इसकी चर्चा कर रहे हैं। डीएम ने बताया कि जिले के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने अपील की है कि ऐसे व्यक्ति जो शस्त्र लाईसैंस बनवा लेते हैं फिर प्रयोग नहीं करते हैं। यदि वे स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करायेंगे तो उन्हें जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षो तक जिलाधिकारी कार्यालय में देखने को मिलेंगे। इसी का परिणाम है कि जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में शस्त्र लाईसैंसधारक जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र महेन्द्र पाल सिंह निवासी तरगवां जैथरा, शशीकला माथुर निवासी शिवसिंह पुर द्वारा स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर उनके नाम अंकित कराए जा चुके हैं। इस अवसर पर एएसडीएम रामनयन सहित अन्य अधिकारीगण, ममता कुमारी के परिवारीजन आदि मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें: डीएम



**हरदोई।** आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण ससमय कराया जाये। वाहनों की व्यवस्था ससमय करा ली जाये। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। एफएसटी व एसएसटी टीमों का गठन कर लिया जाये। सभी कार्यालयों के बाहर चुनाव आयोग का क्यू आर कोड लगवाए जाएं। कार्यालयों में ऑनलाइन भुगतान को बढ़ावा दिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया क्रिकेट सतरंगी पुस्तक का विमोचन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** क्रिकेट के दिलचस्प किस्सों पर आधारित हिन्दी पुस्तक क्रिकेट सतरंगी का विमोचन एवं लोकार्पण पूरन प्रकाश , विधायक - बलदेव , के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ लेखक शरद श्रीवास्तव द्वारा लिखी गई इस किताब में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की तमाम अनोखी और अनसुनी कहानियों को पाठकों के लिए प्रस्तुत किया गया है। क्रिकेट भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है और इस खेल की कम चर्चित और अनसुनी दंत कथाओं में क्रिकेट प्रेमी पाठकों की खासी दिलचस्पी रहती है। लेकिन ऐसे दिलचस्प किस्सों तक उनकी पहुँच का कोई सीधा और आसान जरिया अक्सर नहीं होता। क्रिकेट सतरंगी का उद्देश्य हिन्दी भाषी खेल प्रेमियों की इसी जिज्ञासा को शांत करना है। कुल 121 पृष्ठों की इस किताब के बीस अध्यायों में क्रिकेट की अनेक रोमांचक यादगार घटनाओं को एक सूत्र में पिरो कर प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है। बलदेव विधायक पूरन प्रकाश ने किया विमोचन - क्रिकेट सतरंगी का विमोचन पूरन प्रकाश , विधायक बलदेव क्षेत्र द्वारा किया गया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि क्रिकेट सतरंगी में लेखक ने जिस तरह से खेल की तमाम रोचक घटनाओं का संकलन व प्रस्तुतीकरण किया है। उसे देखते हुए यह माना जा सकता है कि इस किताब को क्रिकेट प्रेमी पाठकों द्वारा हाथों हाथ लिया जाएगा।

इस अवसर पर लेखक शरद श्रीवास्तव ने बताया कि उनके लगभग दो वर्ष की मेहनत एवं शोध का परिणाम पुस्तक क्रिकेट सतरंगी के रूप मे पाठकों के सामने है। उन्होने उम्मीद जताई कि इस रोचक किताब को क्रिकेट प्रेमी पाठकों का प्यार मिलेगा। लेखक द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक क्रिकेट सतरंगी अमेज़न बुक स्टोर पर ऑनलाइन उपलब्ध है और इस पुस्तक का ई -बुक संस्करण भी अमेज़न तथा किंडल पर आ चुका है। लोकार्पण के अवसर पर पंकज प्रकाश , ब्रज यातायात एवं पर्यावरण समिति के संस्थापक विनोद दीक्षित , उ.प्र. क्रिकेट एसोसियशन के सचिव कमल चावला , वरिष्ठ पूर्व क्रिकेटर प्रदीप कुलश्रेष्ठ एवं अशोक कैथवास, संजय उपाध्याय तथा एवं नगर के कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय हरपालपुर, आर.आर.सी. सेन्टर पालिया एवं अस्थायी गौ आश्रय स्थल पालिया ब्लाक हरपालपुर का निरीक्षण किया गया। ब्लाक परिसर का निरीक्षण करते हुए प्रेरणा कैन्टीन का संचालन न कराये जाने व एन.आर.एल.एम. सेल में अभिलेखों का रख-रखाव व प्रकाश व्यवस्था ठीक न पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कैन्टीन संचालन एवं सुव्यवस्थित अभिलेखों के रख-रखाव तक राजेश कुमार गौतम, सहायक विकास अधिकारी, आई.एस.बी. एवं खण्ड विकास अधिकारी हरपालपुर राजीव गुप्ता का वेतन वाधित करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को ब्लाक परिसर में आवासीय भवनों को निष्प्रयोज्य घोषित किए जाने अथवा जीर्णोद्वार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न पटलों व अभिलेखों के रख-रखाव का निरीक्षण किया, तथा आलोक कुमार कनिष्ठ सहायक द्वारा पत्रावलियों की लिस्टिंग न करने व अभिलेखों के रख-रखाव व्यवस्थित न पाये जाने पर अभिलेखों के व्यवस्थित होने तक उनका वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। ग्रान्ट रजिस्टर पार्ट-01, 02 एवं 03 अधूरे पाये जाने पर लेखाकार का ग्रान्ट रजिस्टर पूर्ण होने तक वेतन बाधित करने तथा प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये।

ब्लाक निरीक्षण के उपरांत ग्राम पलिया में निर्मित आर.आर.सी. सेन्टर का निरीक्षण किया गया तथा कूडा पृथ्थकरण की कार्यवाही न पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए पृथ्थकरण की कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। आर.आर.सी. सेन्टर पर वर्मी कम्पोस्ट तैयार किये जाने का कार्य संतोषजनक पाया गया। आर.आर.सी. सेन्टर के कार्यालय मे उपलब्ध वर्मी कम्पोस्ट के स्टाक को देखकर ग्राम विकास अधिकारी की सराहना करते हुये उसके विक्रय कर आय ग्राम पंचायत के खाते मे जमा करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्थायी गौ आश्रय स्थल पालिया का निरीक्षण करते हुए पशुओं के स्वास्थ्य के नियमित परीक्षण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय 161 गौवंश पाये गये । मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गौशाला में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शेड, तारफेशिंग, भूसा प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों से वार्ता कर उनका फीडबैक लिया गया। निरीक्षण के समय ब्लाक में राजीव गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी, हरपालपुर, रोमेश कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, हरपालपुर एवं अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। गौशाला एवं आर.आर.सी. सेन्टर पर सहायक विकास अधिकारी,पं. रामनरेश, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी उदय प्रताप सिंह एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरिनाम सिंह उपस्थित थे।

# प्रथम दिन 2948 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बोर्ड परीक्षा

**वहाज अली निहाल**

■ किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई भी नकल करते नहीं पकड़ा गया

■ दोनो पालियों में हुई सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केन्द्रों की कड़ी निगरानी



**इटावा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा एवं चाक-चैबंद व्यवस्था के बीच गुरूवार को सम्पन्न कराई गई। प्रथम पाली में हाईस्कूल के हिन्दी एवं द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा केंद्रों निर्धारित 69 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। गुरुवार को हाईस्कूल की प्रथम पाली में 23534 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 21744 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 1790 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली इण्टरमीडिएट हिन्दी में 19897 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 18769 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 1128 परीक्षार्थी अनुपस्थित तथा हाईस्कूल वाणिज्य के 392 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 362 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 30परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल मिलाकर 2948 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से प्राप्त कराए बेसिक अध्यापक एवं माध्यमिक अध्यापकों को संयुक्त रूप से परीक्षा सम्पन्न कराई गई। यूपी बोर्ड के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई तथा यह सुनिश्चित करने के बाद की परीक्षार्थी के पास कोई अनधिकृत सामग्री नहीं है उसे परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। शासन द्वारा जनपद इटावा के लिए नियुक्त राज्यस्तरीय पर्यवेक्षक राजू राणा उप शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल कानपुर के द्वारा प्रथम पाली में लोकमान्य रूरल इ.का. महेवा, बिहारी जी इ.का. अहेरीपुर, पं. रमेश चन्द्र इ.का. निवाड़ीकलां, रामअवतार इ.का. निवाड़ीकलां इटावा तथा द्वितीय पाली में अतर सिंह शर्मा इ.का. चितभवन, ज्ञान सिंह इ.का. लोधेश्वरनगर किल्ली, एस.डी.डी. इ.का. सालिमपुर इटावा, एस.ए.वी. इ.का.भरथना इटावा के साथ-साथ जनपद मुख्यालय पर बने कन्ट्रोल रूम एवं मानीटरिंग सेल का निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार के द्वारा राजकीय बा.इ.का. इटावा, राजकीय इ.का. इटावा, सनातन धर्म इ.का.इटावा, राजकीय बालिका इ.का.उदी एवं महात्मा गांधी सैनिक इ.का.पछायगांव इटावा का निरीक्षण किया गया तथा इसके उपरांत राजकीय इ.का. इटावा में बने संकलन केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। सचल दल प्रभारी नीता कटियार प्रधानाचार्य के द्वारा प्रथम पाली में मनभावति कुंअरि जनसहयोगी इ.का. बसरेहर, जनसहयोगी बा.इ.का. बसरेहर, लाला सियाराम इ.का. सरसईनावर, इन्दिरा गांधी इ.का. खरगपुर सरैया, सरस्वती इ.का. बसरेहर, एस.पी.एस. इ.का.चैपुला, असित इ.का. बीना एवं द्वितीय पाली में लोकमान्य रूरल इ.का.महेवा, बिहारी जी इ.का. अहेरीपुर, रामअवतार इ.का. निवाड़ीकलां, पं.रमेश चन्द्र इ.का. निवाड़ीकलां, राजकीय उ.मा.वि. लुधियानी इटावा का निरीक्षण किया गया। सचल दल प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य के द्वारा दोनों पालियों में जनसहयोगी इ.का. पृथ्वीपुर, राजकीय बालिका इ.का. चकरनगर, जवाहर इ.का.चकरनगर, गांधी आदर्श इ.का.लवेदी, निरंजन इ.का. निरंजननगर, लालाराम इ.का. चम्पानेर, मनभावति कुंअरि जनसहयोगी इ.का. बसरेहर, जन सहयोगी बालिका इ.का.बसरेहर, एस.पी.एस.इ.का. चैपुला एवं लाला सियाराम इ.का. सरसईनावर इटावा का निरीक्षण किया गया। सचल दल प्रभारी श्रीमती बबिता प्रधानाचार्य के द्वारा प्रथम पाली में अतर सिंह शर्मा इ.का.चितभवन, स्वतंत्र भारत इ.का. किल्ली सुल्तानपुर, एस.डी.डी. इ.का. सालिमपुर, बलबंत शहीद इ.का. न.यादवान, चै. जवाहर सिंह इ.का.सुतियानी एवं एस.एस. मेमोरियल इ.का.पूरनपुर तथा द्वितीय पाली में जनसहयोगी इ.का. पृथ्वीपुर, श्री गांधी आदर्श इ.का. लवेदी, के.आर.गर्ल्स इ.का. लखना, जवाहर इ.का. चकरनगर, राजकीय बालिका इ.का.चकरनगर इटावा का निरीक्षण किया गयां

परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में अधिकारियों तथा उड़न दस्तों ने लगातार चेकिंग की। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए थे और स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए अधिकारी पूरी परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर ही मौजूद रहे तथा नामित सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट ने भी आवंटित परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक इटावा कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी पर नजर रखी गई यह देखा गया कि कहीं किसी विद्यालय में सीसीटीवी बंद तो नहीं है और किसी परीक्षार्थी के द्वारा नकल का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। गुरुवार को सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा में जनपद के किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई भी नकल करते नहीं पकड़ा गया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया कुन्तल होम्योपैथी लैब का उद्घाटन

**मथुरा।** मगोर्रा जाजनपट्टी स्थित डा. कुन्तल होम्योपैथी लैब का जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और डीग-कुम्हेर राजस्थान के विधायक डॉ शैलेश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर होम्योपैथ लैब के डा. रविन्द्र कुन्तल और डा. वैशाली कुन्तल तथा ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान गणमान्य नागरिकों ने मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष का माला पहनाकर एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा क्षेत्र में करीब 20 गाँवो के लोग अभी तक होम्योपैथी की सेवा लेने के लिए 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था अब लोगो को यह सुविधाजनक साबित होगा। उन्हांने लोगों से कहा कि होम्योपैथिक डा. रविन्द्र कुन्तल, डा. वैशाली कुन्तल की देख-रेख में इस सेंटर पर मरीजों की देखभाल की जाएगी। साथ ही होम्योपैथिक पद्धति से उन्हें चिकित्सा भी उपलब्ध कराई जाएगी। यहां पुराने से पुराने मर्ज की सही पकड़ और प्रशिक्षित चिकित्सक हैं तथा जनता की सेवा करने वाले पुलिस एवं सैनिकों के लिए डा. कुन्तल होम्योपैथी लैब निःशुल्क परार्मश प्रदान करेगी।

# चार बाल श्रमिक मुक्त सेवायोजकों के विरुद्ध कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बाल श्रमिक समस्या उत्तर प्रदेश और देश ही नहीं विश्व में व्याप्त एक बड़ी जन समस्या है जिसके लिए न्यायपालिका कार्यपालिका के अलावा मानवाधिकार के संरक्षण से जुड़े संस्थान और संगठन पूरी तरह बाल श्रम की समस्या के उन्मूलन को लेकर चिंतित रहते हैं और समय-समय पर इस और प्रभावी कार्रवाई भी की जाती है इसी क्रम में मथुरा में श्रम विभाग और सहयोगी तथा पुलिस के सहयोग से अभियान चलाया गया जिसमें बाल श्रमिकों को कार्य स्थल से चिन्हित कर मुक्त कराया गया है जिन लोगों के द्वारा नियम और कानून के विरुद्ध बाल श्रमिकों से कार्य कराया रहे थे उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार बाल श्रमिकों को चिंन्हित कर उनको मुक्त करने के लिए शासन के निर्देश और जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल के नेतृत्व में 22 फरवरी को औरंगाबाद, गोकुल बैराज रोड, टाउनशिप तिराहा क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तो मोबीन मोटर, शान कार हाउस, एवम अजीज बक्से वाले, रमेश किराना स्टोर पर काम करते हुए 04नाबालिग बच्चे पाए गए जिनमें से तीन की उम्र प्रथम दृष्टया 14 साल से कम पाते हुए उन बच्चों को रेस्क्यू कर टीम ने अपने संरक्षण में लिया तथा उनकी आयु परीक्षण हेतु अग्रिम कार्रवाई की गई। सभी बाल श्रमिको का मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से आयु परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा । सेवायोजको के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही अपनायी जायेगी। टीम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राजेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस पी पांडेय, नीलम अवस्थी,प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह,बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र परिहार, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा उपस्थिति रही।

# शाही ईदगाह और जन्म भूमि मामले में सुनवाई पूरी आज होगी बहस

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल अर्जियों पर इलाहाबाद हाई कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में करीब 3 घंटे बहस हुई। शुक्रवार दोपहर दो बजे से ईदगाह मस्जिद और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से बची हुई दलीलें पेश की जाएंगी। इसके बाद हिंदू पक्ष को अपनी दलीलें पेश करने का मौका मिलेगा। मुस्लिम पक्ष की ओर से दी गई दलीलों पर हिंदू पक्ष अपना जवाब दाखिल करेगा।गुरुवार सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तसलीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की। दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक दोबारा मुस्लिम पक्ष ने अपनी दलीलें पेश की। हाई कोर्ट में हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल अर्जियों की पोषणीयता पर बहस हो रही है। ऑर्डर 7 रूल्स 11 के तहत अर्जियों की पोषणीयता को चुनौती दी गई है।मुस्लिम पक्ष की ओर से दलील दी जा रही है कि हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाएं पोषणीय नहीं है यानी सुनने योग्य नहीं है। मुस्लिम पक्ष की ओर से 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने दलील पेश की है। कहा है कि इसके तहत केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ जमीन शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मुस्लिम पक्ष ने प्लेसेस ऑफ वर्शिप ऐक्ट 1991, लिमिटेशन ऐक्ट का भी हवाला दिया है।जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। गुरवार की सुनवाई में विवादित परिसर का अमीन सर्वे कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट 18 अर्जियों पर एकसाथ सुनवाई कर रहा है। अयोध्या विवाद की तर्ज पर मामले की सुनवाई जिला अदालत के बजाय हाई कोर्ट में सीधे तौर पर हो रही है। ज्यादातर अर्जियों में शाही ईदगाह मस्जिद को हिंदुओं का धार्मिक स्थल बताकर उसे हिंदुओं को सौंपे जाने की मांग की गई है।

# अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में जनपद के 92 केन्द्रों पर गुरूवार से यूपी बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन शुरू हो चुका है। यह परीक्षाएं 09 मार्च तक चलेंगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह, एएसडीएम वेद प्रिर्य आर्य सहित अन्य अधिकारियों ने गुरूवार को परीक्षा केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान कक्षाकक्षों में जाकर परीक्षा की सुचिता को को चैक कर कक्ष निरीक्षकों, केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि को नकलविहीन परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक ने अल्लानूर इस्लामियां इण्टर कॉलेज निधौलीकलां, राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज निधौलीकलां आदि अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान राजकीय इण्टर कॉलेज एटा में बने मुख्य कन्ट्रोलरूम का भी निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे के संचालन की स्थिति को परखा। एडीएम ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी नजर रखी जाए। एडीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, सचल दल टीम तथा परीक्षा केन्द्र पर तैनात समस्त कर्मचारियों को जारी आई0डी0 कार्ड को परीक्षा के दौरान पहनने के निर्देश दिए। जिससे कि यदि परीक्षा केन्द्र कोई जाँच हेतु आता है तो संबंधित की पहचान आसानी से की जा सके। एडीएम ने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर किसी भी दशा में नकल नहीं होनी चाहिए। परीक्षा हेतु तैनात सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारीगण नियमित रूप से भ्रमणशील रहकर यूपी बोर्ड परीक्षाओं को शासन की मंशानुसार नकलविहीन, निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराएं।

एडीएम ने इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्ट्रांगरूम, सीसीटीवी कैमरे चैक कर उपस्थित अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश दिए।

# तीर्थनगरी में पार्किंग कर्मियों की गुंडई

**अवधनामा संवाददाता**

■ पूर्व मैं भी होती रही घटनाएं, प्रशासन गंभीर नहीं

■ जबरन काटते रसीद, पैसे न देने पर श्रद्धालुओं पर बरसाए लाठी-डंडे और बेल्ट

**मथुरा।** गोकुल में पार्किंग ठेकेदारों की गुंडई का वीडियो सामने आया है। यह जबरन गाड़ियों की पार्किंग रसीद काटते हैं। पैसे न देने पर श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो बुधवार को सामने आया। इसमें पार्किंग ठेकेदारों की गुंडई देखी जा सकती है। वह श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसा रहे हैं।

घटना महावन थाना क्षेत्र के गोकुल नगर पंचायत की है। यहां लोहवन गांव के समीप स्थित जमुना विहार कालोनी निवासी रूपम पाठक अपने भाई संतोष पाठक के साथ कार से रमणरेती आश्रम जा रहे थे। वह मुरलीधर घाट के रास्ते से निकल रहे थे। गोकुल में पार्किंगकर्मियों ने उनकी कार रोक ली। जबरन पार्किंग की रसीद कटवाने के लिए कहने लगे।इस पर उन्होंने कहा कि हम रमणरेती आश्रम जा रहे हैं। हमें गोकुल में नहीं रुकना है। इस पर पार्किंगकर्मी जबरन रसीद काटने लगे। इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते पार्किंगकर्मीयों ने दोनों भाइयों को गाड़ी से बाहर खींच लिया। इसके बाद उन पर लाठी-डंडे और बेल्ट बरसाना शुरू कर दिया। किसी ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दिया। कुछ ही समय में वीडियो वायरल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर हमला करने वाले गुंडे भाग गए।

थाना प्रभारी आशा चौधरी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। वायरल वीडियो के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

# संस्कृति विवि में ब्रज के साहित्य और कला पर हुआ गहन मंथन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय परिवार, ऑडियो प्लेटफॉर्म गाथा और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित 'बृज साहित्योत्सव' उद्घाटन समारोह के पश्चात अनेक सत्र आयोजित हुए जिसमें ब्रज साहित्य और उसकी यात्रा, रूबरू, फेस टू फेस, दास्ताना ए राधाकृष्ण में जहां वक्ताओं से गंभीर सवाल-जवाब हुए वहीं चुटीले व्यग्य और ब्रज की सामाजिकता पर भी बात हुई। इन अनूठे आयोजनों को मौजूद हजारों श्रोताओं ने तालियों के समवेत स्वर से जमकर सराहा। पहले सत्र में सुप्रसिद्ध हास्य कवि, रचनाकार, टीवी कलाकार पद्मश्री डॉ अशोक चक्रधर ने संवाद में कई चुटकुले व्यंगों के माध्यम से ब्रजभाषा की संस्कृति और ब्रज की सामाजिकता पर चर्चा की। उनके पूरे संवाद के दौरान उपस्थित श्रोता और छात्र कहीं लोट पोट होते रहे तो कहीं गंभीर चिंतन करने पर मजबूर होते रहे। उन्होंने आर्टिफिसिशल इंटेलिजेंस के हिंदी भाषा के विकास और प्रसार में उपयोगिता पर चर्चा की। ब्रज भाषा में मेट्रो में किस तरह अनाउंसमेंट होगा, इसको जब सुनाया तो लोगों नए जमकर ठहाके लगाए। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आशु कवि बनने के लिए शब्द भण्डार और तुकों का खेल महत्वपूर्ण होता है। बात तुक वाली हो बेतुकी न हो। अन्य प्रश्नों के उत्तर में कहां कि हर शख्स जन्म से ही कलाकार होता है हर एक शख्स के पास अपनी अलग प्रतिभा होती है। कल्पनाशील बनिए लोगों को अच्छे से सुनिए सही दिशा को तलाश कीजिए।

# गुजरात टाइंट्स को लगा बड़ा झटका, महोम्मद शमी आईपीएल के 17वें सीजन से हुए बाहर



गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले बड़ा झटका लगा है। जहां भारत के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए हैं। उनके बाएं टखने में चोट लगी हुई है। शमी को इसके लिए ब्रिटेन में सर्जरी की जरूरत होगी। आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले ही गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका लगा है। जहां भारत के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए हैं। उनके बाएं टखने में चोट लगी हुई है। शमी को इसके लिए ब्रिटेन में सर्जरी की जरूरत होगी। पीटीआई को बीसीसीआई सूत्र ने इस बात की जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि, शमी जनवरी के आखिरी सप्ताह में एंकल यानी टखने का स्पेशल इंजेक्शन लेने के लिए लंदन गए थे, वहां उन्हें बताया गया था कि तीन सप्ताह के बाद, वो हल्की दौड़ शुरू कर सकते हैं और इसके बाद इस इंजेक्शन को ले सकते हैं।

शमी वर्ल्ड कप के बाद से ही भारतीय टीम के लिए एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। 33 साल के शमी वर्तमान में भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से भी बाहर हैं।

शमी ने आईपीएल 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन किया। शमी ने कुल 17 मैचों में 18.64 के एवरेज से सर्वाधिक 28 विकेट अपने नाम किए थे। शमी का आईपीएल करियर काफी बेहतरीन रहा है। शमी ने अब तक 110 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 26.87 के एवरेज और 8.44 की इकोनॉमी रेट से 127 विकेट अपने नाम किए हैं। शणी ने दो मौकों पर पारी में चार विकेट भी झटके हैं।

## आज शाम तक जारी होगा आईपीएल 17वें सीजन का शेड्यूल, 22 मार्च को खेला जाएगा पहला मैच

इंडियन प्रीमियर लगी के 17वें सीजन का शेड्यूल जारी होने वाला है। एक लाइव कार्यक्रम में टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी होगा। हालांकि, शुरुआत में टूर्नामेंट के पहले दो हफ्ते का कार्यक्रम जारी होने की संभावना है, क्योंकि मार्च से मई तक लोकसभा चुनाव होने हैं तो ऐसे बीसीसीआई दो या तीन चरण में टूर्नामेंट का शेड्यूल घोषित कर सकती है। 22 फरवरी यानी गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लगी के 17वें सीजन का शेड्यूल जारी होने वाला है। एक लाइव कार्यक्रम में टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी होगा। हालांकि, शुरुआत में टूर्नामेंट के पहले दो हफ्ते का कार्यक्रम जारी होने की संभावना है, क्योंकि मार्च से मई तक लोकसभा चुनाव होने हैं तो ऐसे बीसीसीआई दो या तीन चरण में टूर्नामेंट का शेड्यूल घोषित कर सकती है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च से होने की संभावना है। शाम पांच बजे आईपीएल के शेड्यूल का ऐलान होगा।

# बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का बयान, कहा रांची की पिच लेगी टर्न



विक्रम राठौर ने कहा कि, जब भी हम भारत में खेलते हैं तो पिच पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। यह आम भारतीय विकेट जैसा है जिसमें दरार है। इस विकट में हमेशा दरार होती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि, यह टर्न लेगा लेकिन कितना और कब टर्न मिलेगा इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन हमारी टीम काफी संतुलित है।

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने गुरुवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के लिए तैयार किए गए विकेट में पर्याप्त दरार हैं और इससे स्पिनरों को मदद मिलेगी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने वर्तमान सीरीज में सर्वाधिक विकेट लिए हैं लेकिन उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत चौथे टेस्ट मैच से विश्राम दिया गया है।

भारत के इस फैसले के बाद माना जा रहा है कि शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार किया जाएगा। राठौड़ ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा,जब भी हम भारत में खेलते हैं तो पिच पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। यह आम भारतीय विकेट जैसा है जिसमें दरार है। इस विकट में हमेशा दरार होती हैं। उन्होंने कहा, यह टर्न लेगा लेकिन कितना और कब टर्न मिलेगा इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन हमारी टीम काफी संतुलित है।

राठौड़ ने कहा कि बुमराह पूरी तरह से फिट हैं लेकिन इस तेज गेंदबाज को लगातार खिलाना सही नहीं होता। भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ बुमराह ने पहले तीन मैच में 80.5 ओवर किए जिनमें उन्होंने 13.64 की औसत से 17 विकेट लिए। राठौड़ ने कहा,''ईमानदारी से कहूं तो प्रत्येक टेस्ट मैच महत्वपूर्ण है। प्रत्येक मैच से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक जुड़े हुए हैं। यहां तक कि हम भी चाहते हैं कि बुमराह प्रत्येक मैच में खेले।

उन्होंने कहा, लेकिन यह उचित नहीं होगा विशेषकर तब जबकि उन्होंने पिछले तीन मैच में काफी गेंदबाजी की। उन्होंने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की है। हमारे आगे के कार्यक्रम और आईपीएल को देखते हुए हमें लगा कि उन्हें विश्राम दिया जाना चाहिए। अन्यथा वह पूरी तरह से फिट हैं। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज केएल राहुल भी चोटिल होने के कारण चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे और उनका धर्मशाला में होने वाले पांचवें टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है।

राठौड़ ने कहा, अभी वह फिट नहीं है। मुझे पूरा पता नहीं है कि वह अभी कितने प्रतिशत फिट है। इसके बारे में चिकित्सा टीम ही सही बता पाएगी। जहां तक हमारा सवाल है तो वह फिट नहीं है और मैच के लिए उपलब्ध नहीं है इसलिए हमारे पास जो टीम है हम उस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# भारत ने पहले दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता



मलेशिया ने स्वर्ण (52.284 सेकेंड) जीता, जबकि सऊदी अरब को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए दिन का दूसरा रजत पदक जूनियर टीम स्प्रिंट स्पर्धा में नारायण महतो, सैयद खालिद बागी और मयंगलमबाम वट्टाबा मैतेई ने जीता।

भारत की महिला जूनियर टीम ने बुधवार को यहां एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के पहले दिन स्प्रिंट स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

सरिता कुमारी, निया सेबेस्टियन और ज़ैना मोहम्मद अली पीरखान की भारतीय टीम ने अपने कौशल और टीमवर्क का शानदार नमूना पेश करते हुए कोरिया की टीम को पीछे छोड़ा और 53.383 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत ने इसके बाद दो रजत पदक भी जीते। पहला रजत पैरा टीम स्प्रिंट स्पर्धा में आया, जब अरशद शेख, जलालुद्दीन अंसारी और बसवराज होराड्डी की टीम 1: 02.661 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही।

मलेशिया ने स्वर्ण (52.284 सेकेंड) जीता, जबकि सऊदी अरब को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए दिन का दूसरा रजत पदक जूनियर टीम स्प्रिंट स्पर्धा में नारायण महतो, सैयद खालिद बागी और मयंगलमबाम वट्टाबा मैतेई ने जीता। हर्षिता जाखड़, सुहानी कुमारी, धन्यधा जेपी और भूमिका की महिला जूनियर टीम ने चीनी ताइपे को पछाड़ते हुए टीम परस्यूट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

## रांची टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 का ऐलान, वुड की जगह बशिर और रॉबिन्सन को मौका



वहीं चौथे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इस दौरान इंग्लिश टीम ने अपनी गेदंबाजी विभाग में बदलाव किए हैं। बेन स्टोक्स की कप्तानी में टीम ने तेज गेंदबाज मार्क वुड को बाहर बिठाया है जबकि उनकी जगह शोएब बशीर को टीम में वापस लाया गया है।

भारत और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से रांची में चौथा टेस्ट मैच खेला जाएगा। वहीं चौथे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इस दौरान इंग्लिश टीम ने अपनी गेदंबाजी विभाग में बदलाव किए हैं। बेन स्टोक्स की कप्तानी में टीम ने तेज गेंदबाज मार्क वुड को बाहर बिठाया है जबकि उनकी जगह शोएब बशीर को टीम में वापस लाया गया है। इंग्लैंड ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में कोई बदलाव नहीं किया है। साथ ही टीम रांची में दो पेसर और तीन स्पिनरों के साथ उतरेगी। टीम ने गेदंबाजी विभाग में बदलाव करते हुए मार्क वुड को बाहर करते हुए ओली रॉबिन्सन को शामिल किया है। इसके अलावा रेहान अहमद की जगह युवा शोएब बाशिर को जगह दी गई है।

फिलहाल, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अभी तक तीन टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से महज एक टेस्ट में इंग्लिश टीम को जीत मिली है जबकि दो में उसे हार झेलनी पड़ी है। इसी कारण इंग्लैंड 1-2 से भारत से सीरीज में पीछे है।

# गॉफ, स्वियातेक और रयबाकिना क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे



कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-5 से हराया

कोको गॉफ ने धीमी शुरुआत और दूसरे सेट में चेयर अंपायर के साथ बहस के बावजूद करोलिना प्लिस्कोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज करके प्लिस्कोवा के 11 मैच से चले आ रहे विजय अभियान पर भी रोक लगाई।

अमेरिका की इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला रूस की अन्ना कलिंस्काया से होगा जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-5 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 7-6 (5), 3-6, 6-4 से हराया। स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त क्वीनवेन झेंग से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पोटापोवा को 6-3, 6-2 से हराया। रयबाकिना क्वार्टर फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी से भिड़ेंगी जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को 6-4, 6-2 से पराजित किया। अन्य क्वार्टरफाइनल मैच सातवीं वरीयता प्राप्त मार्केटा वोंड्रोसोवा और सोराना क्रिस्टिया के बीच खेला जाएगा।

# अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने बढ़ते वजन को लेकर तोड़ी चुप्पी, सुबह के व्यायाम की दिनचर्या की शेयर की तस्वीरें



मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने त्वचा विकार, मायोसिटिस पर काबू पाने के बाद सिनेमा में फिर से वापसी की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बीमारी के साथ अपने अनुभव पर चर्चा करने और स्वास्थ्य और इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की कोशिश करने के लिए पॉडकास्टिंग का सहारा लिया।

मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने त्वचा विकार, मायोसिटिस पर काबू पाने के बाद सिनेमा में फिर से वापसी की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बीमारी के साथ अपने अनुभव पर चर्चा करने और स्वास्थ्य और इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की कोशिश करने के लिए पॉडकास्टिंग का सहारा लिया। सोशल मीडिया पर अपनी सक्रिय उपस्थिति के लिए भी जानी जाने वाली अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी फिटनेस क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अपनी सुबह की दिनचर्या की तस्वीरें पोस्ट कीं।

22 फरवरी की सुबह, सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी धूप भरी सुबह को कैद करते हुए तस्वीरों की एक श्रृंखला पोस्ट की। पहली तस्वीर में उन्हें अज्ञात स्थान के डेक पर लेटे हुए दिखाया गया है, जो हालांकि हरे-भरे वातावरण से घिरा हुआ प्रतीत होता है। इसके बाद उन्होंने पक्षियों और फूलों को प्रदर्शित करते हुए आसपास के जंगल की चार तस्वीरें साझा कीं। हालाँकि, एक छवि थी जिसने प्रशंसकों का ध्यान खींचा, जिसमें उनके शरीर के अनुपात का विस्तृत विवरण था, जो उनकी स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच भी उनकी उल्लेखनीय फिटनेस को उजागर करता था।

36 साल की उम्र में और 50.1 किलोग्राम वजन वाली अभिनेत्री ने एक पर्ची का खुलासा किया, जिसमें उनकी मेटाबोलिक उम्र 23 बताई गई है। उन लोगों के लिए जो अपरिचित हैं, मेटाबोलिक उम्र उम्र की कार्यात्मक उम्र का एक संकेतक है। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा, सबसे अच्छी तरह की सुबह। हमेशा सुबह के सूरज की तलाश में। प्रशंसक इस विकास का बहुत समर्थन कर रहे हैं। एक ने लिखा, आयरन लेडी। अपने स्वास्थ्य पॉडकास्ट, टेक 20 में आते हुए, अभिनेत्री पहले एपिसोड के लिए वेलनेस कोच और पोषण विशेषज्ञ अलकेश शारोत्री के साथ बातचीत करने बैठी, जिसमें उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह इस तरह का प्रोजेक्ट क्यों करना चाहती थीं।

# बीग बॉस 16 के प्रतियोगी शिव ठाकरे और अब्दु रोज़िक को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने किया तलब, रिपोर्ट में हुआ खुलासा



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ड्रग माफिया अली असगर शिराज़ी से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में अभिनेता और बिग बॉस 16 के प्रतियोगी शिव ठाकरे को तलब किया था और उनसे पूछताछ की थी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ड्रग माफिया अली असगर शिराज़ी से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में अभिनेता और बिग बॉस 16 के प्रतियोगी शिव ठाकरे को तलब किया था और उनसे पूछताछ की थी। फ्री प्रेस जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले में गवाह के तौर पर शिव का बयान दर्ज किया गया था। ईडी ने उनके बिग बॉस 16 के सह-प्रतियोगी अब्दु रोज़िक को भी उनके सामने पेश होने के लिए बुलाया।

पोर्टल के अनुसार, अली असगर शिराज़ी ने हसलर्स हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की थी, जिसने शिव ठाकरे और अब्दु रोज़िक सहित कई स्टार्टअप को वित्तपोषित किया था। कंपनी ने स्पष्ट रूप से कई स्टार्टअप परियोजनाओं में नार्को-फंडिंग के माध्यम से पैसा कमाया, जिसमें ठाकरे चाय और स्नैक्स, एक खाद्य और स्नैक ब्रांड और एक रेस्तरां शामिल हैं।

हसलर्स के साथ साझेदारी में बर्गर ब्रांड, बर्गिर के साथ फास्ट फूड स्टार्टअप परिदृश्य में भी कदम रखा। कथित तौर पर, अली असगर शिराज़ी ने बर्गिर में पर्याप्त निवेश किया। फ्री प्रेस जर्नल के सूत्रों के अनुसार, अली असगर शिराज़ी की नार्को व्यवसाय में कथित संलिप्तता के बारे में जानने के बाद शिव और अब्दु दोनों ने अपने अनुबंध समाप्त कर दिए। इससे पहले 2023 में, अब्दु ने मुंबई में अपना बर्गर रेस्तरां खोला था। उद्घाटन समारोह में सोनू सूद समेत कई सेलेब्स शामिल हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, ईडी को दिए अपने बयान में शिव ठाकरे ने खुलासा किया कि 2022-23 में किसी के जरिए उनकी मुलाकात हसलर्स हॉस्पिटैलिटी के डायरेक्टर क्रुणाल ओझा से हुई थी। क्रुणाल ने उन्हें ठाकरे चाय और स्नैक्स के लिए पार्टनरशिप डील की पेशकश की। अनुबंध के अनुसार, हसलर्स हॉस्पिटैलिटी ने ठाकरे चाय एंड स्नैक्स में अच्छी खासी रकम निवेश की।

# तृषा ने पूर्व अन्नाद्रमुक नेता पर किया मानहानि का मुकदमा, अपमानजनक टिप्पणी पर की कार्रवाई



साउथ अभिनेत्री तृषा इन दिनों मेगास्टार चिरंजीवी के साथ अपनी आने वाली फिल्म विश्वंभरा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री पूर्व एआईएडीएमके नेता एवी राजू के बयान को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल हाल ही में एवी राजू का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने तृषा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। वहीं अब अभिनेत्री तृषा ने अपने खिलाफ अपमानजनक बयान के बाद एवी राजू के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

तृषा ने आज गुरुवार, 22 फरवरी को अपने सोशल मीडिया हैंडल से बयान साझा किया। राजनेता पर भड़कने के कुछ दिनों बाद तृषा आज अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर उन डॉक्यूमेंट की तस्वीरें साझा कीं, जो उनकी कानूनी टीम ने राजू को भेजी थीं। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में तृषा ने उन पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए राजनेता की आलोचना की थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में राजू ने दावा किया था कि तृषा को एक अन्य राजनेता ने एक रिसॉर्ट में बुलाया था और उन्हें 25 लाख रुपये दिए थे। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद राजनेता पर तृषा समेत साउथ सितारों का भी गुस्सा फूट पड़ा।

हालांकि, विवाद बढ़ने पर राजनेता ने तृषा ने माफी भी मांगी थी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें राजनेता माफी मांगते हुए नजर आए थे। उन्होंने कहा था कि उनके बयानों का गलत मतलब निकाला गया है और उनका इरादा तृषा को निशाना बनाने का नहीं था। उन्होंने आगे कहा था कि यदि उनकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो उन्हें इसके लिए खेद है। हालांकि, उनकी माफी के बाद यह मामला शांत नहीं हुआ, बल्कि तृषा ने अब उनपर मानहानि का मुकदमा कर दिया है।

एवी राजू के अपमानजनक टिप्पणी की तृषा ने निंदा की थी। इससे पहले तृषा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए उन्हें फटकार लगाई थी। उन्होंने लिखा था, घृणित इंसानों को बार-बार देखना घृणित है, जो ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। निश्चिंत रहें, आवश्यक और गंभीर कार्रवाई की जाएगी। अब से जो कुछ भी कहा और किया जाना है, वह मेरे कानूनी विभाग से होगा।

इससे पहले तृषा पर लियो के सह-कलाकार मंसूर अली खान ने भी अभद्र टिप्पणी की थी, जिसे लेकर खूब बवाल हुआ था। उन्होंने कहा था कि लियो में काम करते हुए उन्हें ऐसा लगा कि तृषा के साथ उनका दुष्कर्म वाला सीन होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उनके इस बयान पर कई सितारों ने उन्हें फटकार भी लगाई थी। वहीं बात करें तृषा की आने वाली फिल्मों के बारे में तो ठग लाइफ,विदा मुयार्ची और विश्वंभरा में नजर आएंगी।

# रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी का शादी का जोड़ा था बेहद खास, हाथीदांत का किया गया इस्तेमाल

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी 21 फरवरी को गोवा में हुई। इस जोड़े ने अपने बड़े दिन के लिए तरुण तहिलियानी को चुना। अपनी सिंधी शादी के लिए, रकुल ने हाथ से कढ़ाई किया हुआ लहंगा पहना था।

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी 21 फरवरी को गोवा में हुई। इस जोड़े ने अपने बड़े दिन के लिए तरुण तहिलियानी को चुना। अपनी सिंधी शादी के लिए, रकुल ने हाथ से कढ़ाई किया हुआ लहंगा पहना था, जो हाथीदांत और पेस्टल गुलाबी रंगों में त्रि-आयामी पुष्प रूपांकनों से सुसज्जित था। इसे एक ब्लाउज के साथ जोड़ा गया था जिसमें श्रेणीबद्ध मोती, क्रिस्टल विवरण और एक संरचित ट्यूल घूंघट से सजी सरासर ट्यूल आस्तीन थी।



इस बीच, जैकी भगनानी भी तरूण ताहिलियानी के दूल्हे थे। जैकी की शादी की पोशाक का केंद्रीय विषय चिनार का पत्ता था। उनकी चिकनकारी शेरवानी जटिल चिनार रूपांकनों से सजी हुई थी। अपनी अंतरंग शादी के बाद, रकुल और जैकी अपने उद्योग मित्रों के लिए मुंबई में एक भव्य रिसेप्शन की योजना बना रहे हैं। इसमें बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज शामिल होंगे। हालांकि तारीखों की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह 22 फरवरी के बाद होने की संभावना है। दूसरी ओर, जैकी अपने अगले प्रोडक्शन बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित, फिल्म में अक्षय, टाइगर, सोनाक्षी सिन्हा और पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में हैं और यह ईद 2024 के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# राष्ट्रीय पशुधन मिशन के विस्तार को मंजूरी

## पशुधन बीमा कार्यक्रम को भी सरल बनाया गया

**मिशन**

केंद्र सरकार घोड़े, गधे और ऊंट के लिए वीर्य स्टेशन और न्यूक्लियस प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये देगी

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रामीण आबादी तक लाभ पहुंचाने के लिए अतिरिक्त गतिविधियों को शामिल करके राष्ट्रीय पशुधन मिशन में और संशोधन को मंजूरी दे दी।

योजना में नई गतिविधियों में व्यक्तियों, एफपीओ, एसएचजी, जेएलजी, एफसीओ और धारा 8 कंपनियों को प्रदान की जाने वाली 50 लाख रुपये तक की 50 प्रतिशत पूंजी सब्सिडी के साथ घोड़े, गधे, खच्चर, ऊंट के लिए उद्यमिता की स्थापना शामिल है। साथ ही घोड़े, गधे और ऊंट के नस्ल संरक्षण के लिए राज्य सरकारों को सहायता दी जाएगी। केंद्र सरकार घोड़े, गधे और ऊंट के लिए वीर्य स्टेशन और न्यूक्लियस प्रजनन फार्म की स्थापना के लिए 10 करोड़ रुपये देगी।

यह राशि निजी कंपनियों, स्टार्टअप/एसएचजी/एफपीओ/एफसीओ/जेएलजी/किसान सहकारी समितियों (एफसीओ) को 50 लाख रुपये तक 50 प्रतिशत पूंजी सब्सिडी के साथ चारा बीज प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे (प्रसंस्करण और ग्रेडिंग इकाई/चारा भंडारण गोदाम) के लिए उद्यमियों की स्थापना, धारा 8 कंपनियां, ग्रेडिंग संयंत्रों के साथ-साथ बीज भंडारण गोदामों सहित भवन निर्माण, रिसीविंग शेड, सुखाने का प्लेटफार्म और मशीनरी जैसे बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए है।

परियोजना की शेष लागत की व्यवस्था लाभार्थी द्वारा बैंक वित्त या स्व-वित्तपोषण के माध्यम से की जानी चाहिए। चारा खेती के क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को गैर-वन भूमि, बंजर भूमि/रेंज भूमि/गैर-कृषि योग्य भूमि के साथ-साथ वन भूमि में चारे की खेती और वन भूमि के साथ-साथ वनों से चारा उत्पादन के लिए सहायता दी जाएगी। इससे देश में चारे की उपलब्धता बढ़ेगी।

पशुधन बीमा कार्यक्रम को भी सरल बनाया गया है। किसानों के लिए प्रीमियम में लाभार्थी का हिस्सा कम कर दिया गया है और यह 15 प्रतिशत होगा, जबकि मौजूदा लाभार्थी हिस्सा 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 40 प्रतिशत और 50 प्रतिशत है। प्रीमियम की शेष राशि केंद्र और राज्य द्वारा सभी राज्यों के लिए 60.40 के अनुपात में साझा की जाएगी। बीमा किए जाने वाले पशुओं की संख्या भी भेड़ और बकरी के लिए 5 मवेशी इकाई के बजाय 10 मवेशी इकाई तक बढ़ा दी गई है। इससे पशुपालकों को न्यूनतम राशि चुकाकर अपने पशुओं का बीमा कराने में सुविधा होगी।

# जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के 30 ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**तलाशी**

किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट केस में एक्शन

**एजेंसी**




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने गुरुवार सुबह पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के दिल्ली स्थित आवास और दफ्तर की तलाशी ली। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में भी 30 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह मामला किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर प्रस्तावित किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए 2019 में 2200 करोड़ रुपये के सिविल वर्क का कॉन्ट्रैक्ट देने में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है।

बता दें कि सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया था कि उन्हें राज्य का गवर्नर रहते परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश की गई थी। बता दें कि वह 23 अगस्त, 2018 से 30 अक्टूबर, 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पिछले महीने भी इस केस में चल रही जांच के सिलसिले में दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग 8 स्थानों पर छापा मारा था।

सीबीआई ने पिछले महीने अपनी रेड में 21 लाख रुपये (लगभग) से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति दस्तावेज बरामद किए थे। केंद्रीय एजेंसी ने चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (प्राइवेट) लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारियों एमएस बाबू, एमके मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा और पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

**क्विक न्यूज**

### कैबिनेट ने महिला सुरक्षा पर अम्ब्रेला योजना जारी रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सरकार ने महिला सुरक्षा' पर अम्ब्रेला योजना को 2025-26 तक जारी रखने का फैसला किया है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान 1179.72 करोड़ रुपये की कुल लागत पर %महिलाओं की सुरक्षा' पर अंब्रेला योजना का कार्यान्वयन जारी रखने के गृह मंत्रालय (एमएचए) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 1179.72 करोड़ रुपये के कुल परियोजना परिव्यय में से 885.49 करोड़ रुपये गृह मंत्रालय द्वारा अपने बजट से प्रदान किए जाएंगे, जबकि शेष 294.23 करोड़ रुपये निर्भया फंड से वित्त पोषित किए जाएंगे।

### भारतीय सेना की बहादुरी ने फिर जीता दिल, मौत के मुंह में फंसे 500 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के जवान कठिन परिस्थितियों में भी ड्यूटी देकर देश की अमन-शांति को बहाल करते हैं। इसके अलावा देश को दुश्मनों से बचाना हो या देशवासियों को परेशानियों से निकालना हो, सेना हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आती है। इसी कड़ी में सेना के बहादुर जवानों ने जान की बाजी लगाकर बर्फ में फंसे 500 लोगों को सुरक्षित निकासा। जानकारी के अनुसार सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर नाथुला में भारी बर्फबारी में 500 से अधिक पर्यटक फंस गए, जिन्हें भारतीय सेना के जवानों ने सुरक्षित बाहर निकाला। सेना ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि त्रिशक्ति कोर के जवानों को बचाव के लिए वहां भेजा गया और उन्होंने फंसे हुए पर्यटकों को मदद प्रदान की। बयान में कहा है कि पर्यटकों को गर्म भोजन और त्वरित चिकित्सा प्रदान की गई और उन्हें सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराया गया।

# भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

## ब्रह्मोस मिसाइल खरीद के लिए 19 हजार करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी मिली

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत में और इजाफा होने जा रहा है। नौसोना को बड़ा प्रोत्साहन देने के लिए सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने युद्धपोतों पर तैनाती के लिए 200 से अधिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि बुधवार शाम को हुई बैठक में लगभग 19,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस और रक्षा मंत्रालय के बीच मार्च के पहले सप्ताह में अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की तैयारी है।

ब्रह्मोस भारतीय नौसेना के युद्धपोतों के लिए जहाज-रोधी और हमले के संचालन के लिए मुख्य हथियार है, जो नियमित रूप से हथियार प्रणाली से फायर करते हैं। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उद्यम है और सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है, जिन्हें पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या भूमि प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है।

ब्रह्मोस कॉर्पोरेशन द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल का बड़े पैमाने पर स्वदेशीकरण किया गया है और इसके ज्यादातर पार्ट्स का का स्वदेशीकरण किया जा रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को जल्द ही फिलीपींस को भी निर्यात करने की तैयारी है, जो इसका पहला वैश्विक ग्राहक है। बता दें कि कई देश ब्रह्मोस मिसाइल में रुचि दिखा रहे हैं। दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र के कई देशों ने कई तरीकों से तैनाती के लिए इस मिसाइल प्रणाली में गंभीर रुचि दिखाई है।

# आय के बिना गारंटी' लागू करने के लिए कर्नाटक दिवालियापन की ओर बढ़ रहा: बोम्मई

**एजेंसी**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बसवराज बोम्मई ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने विकास पर ध्यान दिए बिना 15वां राज्य बजट पेश किया है, बल्कि इसे गारंटी के नाम पर कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया है। उन्होंने कहा, %कायाका' (कार्य) के बिना कोई भी %दसोहा' (दान) विकास नहीं लाएगा। बुधवार को यहां विधानसभा में राज्य के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक भाजपा इकाई यह देखने का इंतजार कर रही है कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया 15वें राज्य बजट का प्रबंधन कैसे करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा सिद्दरामैया 1.0 और सिद्दरामैया 2.0 के बीच बहुत अंतर था। 1994 में वह राज्य के वित्त मंत्री थे और यह घाटे का बजट था। उस समय उन्होंने योजना का आकार कम कर दिया और वित्तीय अनुशासन लाया गया। लेकिन, सिद्दरामैया 2.0 को कल्याणकारी योजनाओं के लिए संसाधन जुटाने चाहिए थे और पूंजीगत व्यय को प्रभावित किए बिना पांच गारंटी लागू करनी चाहिए थी।

बोम्मई ने पूछा, इस साल, राज्य सरकार ने 1.5 लाख करोड़ रुपये उधार लिए हैं और इसमें से केवल 1,000 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय में जाते हैं और यह विकास के लिए बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं था। सातवें वेतन आयोग का गठन पहले ही हो चुका है और इसके लिए 20,000 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। इस उद्देश्य के लिए कोई पैसा आवंटित नहीं किया गया है। अगर सरकार गारंटी देती रहेगी, तो धन कहां से आएगा? उन्होंने कहा, मौजूदा सरकार में कर्नाटक में 2.8 अरब डॉलर का एफडीआई आया है, जबकि पिछली भाजपा सरकार के दौरान 10 अरब डॉलर का एफडीआई आया था।

# संदेशखाली में एक और गैंगरेप से दहला पश्चिम बंगाल

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के कथित रेप और उत्पीडऩ के मामले पर हंगामा बरपा हुआ है। इस बीच एक और बड़ी खबर सामने आ रही है कि कल एक और महिला ने गैंगरेप का मामला दर्ज कराया है। यानी दो महिलाओं ने अब तक मामला दर्ज कराया है। इस बीच बंगाल छ्वत्रक्क राजीव कुमार ने संदेशखाली का दौरा किया है। शाहजहां को लेकर पूछे गए सवाल पर डीजीपी ने कहा कि जिन्होंने भी कानून तोड़ा है सभी गिरफ्तार होंगे। बता दें कि संदेशखाली लगातार सुर्खियों में है और आरोप हैं कि यहां टीएमसी नेताओं द्वारा किसानों-गरीबों की जमीनों पर कब्जा किया गया है और महिलाओं का यौन उत्पीडऩ किया गया है। क्रछ्वक्क टीएमसी नेता शाहजहां समेत सभी आरोपी नेताओं की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। संदेशखाली मामले में आरोप है कि यहां महिलाओं के खिलाफ जितने भी अपराध हुए हैं, उन सबको टीएमसी नेताओं ने अंजाम दिया है और इन सबका सरगना शाहजहां शेख है, जिसके पीछे ईडी पड़ी हुई है। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उन खबरों को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस भेजा है, जिनमें संदेशखालि में जारी हिंसा के कारण मानवाधिकारों के लगातार उल्लंघन' का आरोप लगाया गया है।

गौरतलब है कि संदेशखाली मामले की जांच करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग के बाद अब नेशनल एसटी आयोग की टीम भी संदेशखाली जा रही है। नेशनल एसटी आयोग का तीन सदस्यीय दल उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में आदिवासी महिलाओं के यौन उत्पीडऩ की शिकायतों की जांच के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचा है।

# सरकार का बड़ा फैसला- अब मंदिरों से वसूला जाएगा 10 प्रतिशत टैक्स

**एजेंसी**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ एक बार फिर भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। सिद्धारमैया सरकार ने बुधवार को %कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक 2024' पारित कर दिया है। इस विधेयक के पारित होने के बाद भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को %एंटी हिंदू' बता दिया है। दरअसल, कर्नाटक में 1 करोड़ रुपये से अधिक कमाई करने वाले मंदिरों से 10 फीसदी टैक्स वसूली करने का फैसला किया गया है। वहीं, जिन मंदिरों की इनकम 10 लाख से 1 करोड़ के बीच है, उन्हें पांच प्रतिशत टैक्स देना होगा।

कर्नाटक सरकार के इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कहा कि सिद्धारमैया सरकार हिंदू विरोधी नीतियां अपनाकर अपना खाली खजाना भरना चाहती है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा, कांग्रेस सरकार राज्य में लगातार हिंदू विरोधी नीतियां अपना रही है। कांग्रेस ने अब हिंदू मंदिरों के राजस्व पर भी अपनी टेढ़ी नजर डाल दी है। येदियुरप्पा ने आगे कहा,कांग्रेस अपने खाली खजाने को भरने के लिए हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पारित किया है। इस धन का इस्तेमाल कांग्रेस दूसरे उद्देश्य के लिए करना चाहती है।

भाजपा नेता ने आगे कहा कि केवल हिंदू मंदिरों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है, अन्य धर्मों को क्यों नहीं। भाजपा नेता के सवालों पर कांग्रेस नेता और कर्नाटक सरकार के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भाजपा पर कांग्रेस को हिंदू विरोधी बताकर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया। रेड्डी ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस ने वर्षों से लगातार मंदिरों और हिंदू हितों की रक्षा की है। उन्होंने कहा,विजयेंद्र येदियुरप्पा, यह स्पष्ट है कि भाजपा हमेशा यह दावा करके राजनीतिक लाभ लेती है कि कांग्रेस हिंदू विरोधी है। हालांकि, हम, कांग्रेस, खुद को हिंदू धर्म का सच्चा समर्थक मानते हैं क्योंकि, वर्षों से कांग्रेस सरकारों ने लगातार मंदिरों और हिंदू के हितों की रक्षा की है।

### भारत से अचानक यूक्रेन पहुंचे जापान के प्रधानमंत्री किशिदा

**कीव।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 21 मार्च को अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। दोनों देशों ने द्विपक्षीय वार्ता की और व्यापक मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बीच जापान के पीएम ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा की। किशिदा का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग शांतिदूत बनकर रूस पहुंचे है। बता दें कि यह पहली बार है कि जापान के पीएम एक युद्धग्रस्त देश का दौरा कर रहे है। संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता कानून के शासन पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की नींव को कमजोर कर रही है। यह न केवल यूरो-अटलांटिक क्षेत्र में बल्कि भारत-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, शांति और स्थिरता के लिए सीधा खतरा पैदा कर रहा है।

# मंदिरों से सांस्कृतिक मूल्यों का निर्माण: भजन लाल

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने चालकनेची माता मंदिर में किए दर्शन

**एजेंसी**



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मंदिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने वाले आस्था के केन्द्र हैं तथा मंदिरों से सांस्कृतिक मूल्यों का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में मंदिरों से जुड़ी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए महती प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष के बजट (लेखानुदान) में गोविन्द देव जी, पूंछरी का लौठा, तेजाजी का मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों के सौन्दर्यीकरण के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। शर्मा बाड़मेर के गुढ़ामालानी में आलपुरा स्थित श्री आलमजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संस्कृति और सभ्यता को पूरे विश्व में एक अलग पहचान मिली है तथा आस्था केन्द्रों को विकसित करने की दिशा में अभूतपूर्व काम हुआ है। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ व केदारनाथ को जोडऩे वाली सड़कों का निर्माण जैसे विकास कार्य देश के सांस्कृतिक स्थलों को पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

शर्मा ने कहा कि पशुपालन और खेती बाड़मेर की रीढ़ हैं। इन दोनों पर आलम जी महाराज की विशेष कृपा है। जब फसल की कटाई होती है, तो किसान सबसे पहले आलम जी महाराज के नाम से माणा भरके निकालते हैं और महाराज का आशीर्वाद उन्हें मिलता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने श्री आलमजी मंदिर में दर्शन किए एवं श्री विष्णु यज्ञ आयोजन में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चालकना में श्री चालकनेची माता मंदिर महासम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि चालकनेची माता के पैनोरमा सहित विभिन्न पैनोरमा का निर्माण हमारी पिछली सरकार ने करवाया था।

# बुशरा को आदियाला जेल शिफ्ट करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाईकोर्ट को आदियाला जेल के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को सुरक्षा खतरे के कारण जेल में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि कोर्ट बुशरा बीबी द्वारा बानी गाला उप जेल से अदियाला में स्थानांतरण की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आदियाला जेल के अधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट में दी गई रिपोर्ट के मुताबिक, जेल में जगह की कमी है। इस जेल के परिसर में 250 महिलाएं कैद हैं। अगर बुशरा बीबी को यहां शिफ्ट किया जाता है तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। पिछले महीने तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में एक अदालत द्वारा दंपति को 14 साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद बुशरा को इमरान खान के बानी गाला निवास में कैद किया गया है। वहीं पूर्व पीएम इमरान खान रावलपिंडी की कड़ी सुरक्षा के बीच आदियाला जेल में बंद हैं। तोशखाना मामले और इद्दत मामले में दोनों को कई वर्षों की सजा सुनाई गई है, जिसने चलते उनकी शादी को गैर-इस्लामिक घोषित किया था।

इस बीच, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने हाल ही में बानी गाला में कैद के दौरान बुशरा बीबी को कथित तौर पर जहरीला भोजन खिलाने के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की है, जिसमें कहा गया है कि वह पिछले छह वर्षों से गंभीर दर्द से जूझ रही हैं। पीटीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, बुशरा बीबी को चिकित्सा जांच के संवैधानिक अधिकार से वंचित किए जाने से उनका स्वास्थ्य और जीवन गंभीर रूप से खतरे में पड़ रहा है। पार्टी पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया है कि बुशरा के परिवार को उनसे मिलने से रोक दिया गया था, इस कदम को उन्होंने संविधान और जेल नियमों दोनों का उल्लंघन माना।

# पंजाब प्रांत में पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी मरियम नवाज

## नौकरशाहों के साथ बैठकें कर रही हैं मरियम

**जानकारी**

पंजाब प्रांत की विधानसभा में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ

**एजेंसी**



**लाहौर।** पाकिस्तान की राजनीति में बड़ा बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं। पहली बार पंजाब प्रांत में मुख्यमंत्री पद महिला को मिलेगा। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी और पीएमएल-एन नेता मरियम नवाज पंजाब प्रांत में मुख्यमंत्री बनेंगी। बता दें कि बीते आठ फरवरी को पाकिस्तान में संसदीय और प्रांतीय चुनाव के लिए मतदान कराए गए थे। केंद्र में भी पीएमएल-एन गठबंधन सरकार बना रही है। पंजाब प्रांत में मरियम नवाज को सीएम पद की शपथ दिलाई जाएगी। इसी के साथ मरियम मुख्यमंत्री का पद संभालने वाली देश की पहली महिला नेता होने का गौरव भी हासिल करेंगी।

50 वर्षीय नेता मरियम पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। मरियम के शपथ ग्रहण की चर्चा इसलिए भी अधिक हो रही है क्योंकि आठ फरवरी को चुनावी नतीजों की घोषणा के बाद देश के पांच प्रांतों में पंजाब पहली प्रांतीय विधानसभा है, जिसका उद्घाटन सत्र बुलाने की घोषणा हो चुकी है। शुक्रवार को विधानसभा सत्र की शुरुआत के बाद नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इसी के साथ नई सरकार का गठन शुरू होगा।

गवर्नर हाउस के प्रवक्ता ने गुरुवार को जारी बयान में कहा, पंजाब प्रांत के गवर्नर बालीघुर रहमान ने शुक्रवार को पंजाब विधानसभा का सत्र आहूत किया है। खबरों के मुताबिक मरियम को पहले ही मुख्यमंत्री को मिलने वाली सुरक्षा दी जा चुकी है। आमतौर पर मुख्यमंत्री को मिलने वाला प्रोटोकॉल मरियम को दे दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने प्रांत में अलग-अलग पदों पर सेवा दे रहे नौकरशाहों के साथ बैठकें भी शुरू कर दी हैं।

बता दें कि पीएमएल-एन ने नवाज के भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री नामित किया है। पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन को 137 सीटें मिली हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से समर्थन पाने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने 113 सीटें जीतीं।

बता दें कि पाकिस्तान में बीते आठ फरवरी को कराए गए चुनाव काफी दिलचस्प रहे। इमरान खान का समर्थन हासिल कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सबसे अधिक संख्या में जीते, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वियों ने गठबंधन कर सरकार बनाने का दावा किया। पूर्व पीएम नवाज शरीफ और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साथ आने के बाद पीएमएल-एन और पीपीपी-पी के साथ कुछ और नेताओं ने मिलकर सरकार बनाने की पहल की है। पाकिस्तान चुनाव आयोग की तरफ से घोषित अंतिम चुनाव परिणाम के मुताबिक इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार 101, नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को 75 और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी को 54 सीटों पर जीत मिली।

# प्रयागराज में सौर ऊर्जा से अब रोशन होंगे 42 गाँव

- ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का विस्तार कर रही है योगी सरकार
- बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के दूसरे चरण में सौर ऊर्जा का हुआ प्रसार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का अधिकाधिक उपयोग और विस्तार करने का प्रयास कर रही है। शहरी क्षेत्र में साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने के लिए शुरू की गई बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के अंतर्गत इसका विस्तार हो रहा है। प्रयागराज जनपद में भी इसी क्रम में जिले की 20 ग्राम पंचायतों को सौर ऊर्जा के माध्यम से रोशन किया गया है। जिले में इसके दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। प्रयागराज जिले के 20 गांव अब शहर की तरह ही दूधिया रोशनी से जगमगा रहे हैं । अगले चरण में जिले के 42 गांव में सोलर स्ट्रीट लगाई जायेगी। प्रयागराज के यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी कुमार गौरव बताते हैं कि बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना के तहत इन गावों को जगमग करने के लिए इस योजना के पहले चरण का काम पूरा कर लिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना में प्रयागराज जनपद में 20 ग्राम पंचायतों का आच्छादन कर लिया गया है। जिले की हर विधानसभा से दो -दो ग्राम पंचायतो का चयन होना था जिसमे सरकार द्वारा स्ट्रीट सोलर लाइट लगाने की योजना थी। इस योजना के पहले चरण में जन प्रतिनिधियों द्वारा इन गावों का चयन किया गया था। जनपद प्रयागराज में इस चरण को पूरा करते हुए शासन ने इन 20 गांव की सूची जारी की थी। अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की ओर से ये गांव सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे हैं। इन ग्राम पंचायतों में कोरांव विधानसभा से घूंघा और गजाघर, मेजा विधानसभा से बरी और सोनाई, करछना विधानसभा से से पुरैनी और लवायन, बारा विधानसभा से पांडर और गोइसरा, फाफामऊ विधानसभा से बमनपुर और सेमरा, हंडिया विधानसभा से झिरहिरी और असंवा, सोरांव विधानसभा से बीबीपुर और उधौपुर, फूलपुर विधानसभा से कनेहती, प्रतापपुर से कपसा, शहर दक्षिणी से डांडी, शहर पश्चिमी विधानसभा से चिल्ला और मदारीपुर शामिल हैं।

### सोलर लाइटों का पांच वर्ष तक होगा रख-रखाव

**प्रयागराज।** यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी बताते हैं कि इन चयनित गांवों में स्ट्रीट सोलर लाइट लगने का सिलसिला जनवरी 2023 से शुरू हुआ था। सभी चयनित ग्रामों में स्ट्रीट सोलर लाइट लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया है कि चयनित की गई ग्राम पंचायत में हर 30 घर पर एक लाइट का औसत मानक रखा गया है, जिससे कि प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो सके। इस तरह चयन किये एक ग्राम पंचायत में 10 लाइट लगाई जाएगी। लाइटों को लगाए जाने में यह भी ध्यान रखा गया है कि किसी की निजी भूमि अथवा बाउंड्री के अंदर सोलर लाइट न लगे। इन सोलर लाइटों का पांच वर्ष तक रख-रखाव भी कार्यदायी संस्था ही करेगी। इसी आधार पर उस संस्था से अनुबंध किया गया है। वारंटी की अवधि पूरा होने के बाद ग्राम पंचायत संयंत्रों की क्रिया शीलता और रखरखाव की जिम्मेदारी उठाएगा।

## तेज बारिश के साथ जमकर पड़े ओले

**प्रयागराज।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर बृहस्पतिवार को प्रयागराज में दिखा। प्रयागराज में जगह- जगह बारिश, बादल, तेज हवा संग ओले भी पड़े। कई जगहों में भारी बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक प्रयागराज और चित्रकूट में ओलावृष्टि दर्ज की गई है। कई इलाकों में अच्छी बरसात भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार प्रयागराज में 28 मिमी.बरसात दर्ज की गई। चित्रकूट में 5 मिमी. से अधिक बारिश हुई, जबकि प्रयागराज व चित्रकूट में ओले भी पड़े। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक बारिश का दौर शुक्रवार को भी जारी रहेगा, पर ओले पड़ने के आसार नहीं हैं। प्रयागराज के आसपास के इलाकों के लिए बारिश आदि का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# इं अभिषेक बने सपा छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अध्यक्षता में बैठक कर इंजीनियर अभिषेक यादव आराजी कनैथा थाना सरायमीर निवासी वेद प्रकाश यादव के पुत्र को समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के राज कार्यकारिणी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में व पदाधिकारीओ ने बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया वही इंजीनियर अभिषेक यादव ने बताया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जो हमें जिम्मेदारी दी गई है इस जिम्मेदारी को प्रदेश के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीओ के साथ मिलकर समाजवादी विचारधाराओं के साथ चलने का काम करेंगे वही बधाई देने वालों का गृह आवास पर सुबह से बधाई देने का ताता लगा रहा है।

# पेपर लीक मामला: सछास के छात्रों ने डीएम का किया घेराव

- डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति भारत गणराज्य को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज में समाजवादी छात्र सभा के छात्रों ने उत्तर प्रदेश में हुई समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश पुलिस पेपर लीक के विरोध में परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय का घेराव किया और डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति भारत गणराज्य को ज्ञापन सौंपा। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश गुप्ता ने कहा बीजेपी सरकार पूर्ण रूप से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उत्तर प्रदेश में समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती हुए पेपर तत्काल प्रभाव से निरस्त नहीं करती है तो आने वाले समय में हम लोग सड़कों पर व्यापक आंदोलन करने के बाध्य होंगे। इलाहाबाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष आदिल हमजा ने कहा डबल इंजन की सरकार नौजवानों की कमर तोड़ दी है बेरोजगारी चरम सीमा पर है ना तो नौजवानों को नौकरी देने में सक्षम और ना ही कोई अर्थव्यवस्था बीजेपी सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने पर आमादा है। इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सिंह ÷सम्राट÷ छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद सैफ, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सरोज छात्र नेता आशुतोष मौर्या, हरेंद्र यादव, नवनीत कुमार, अजय राज त्रिपाठी, विकास यादव, आकाश, प्रियांशु, त्रयंबक नाथ, सूरज सरोज, मान सिंह पटेल, आयुष गुप्ता, शिवबली अभिषेक समेत सैकड़ो की तादाद में छात्र उपस्थित रहे।

# सिपाही ने फांसी लगाकर दी जान, धूमनगंज थाने में था तैनात



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाने में तैनात सिपाही ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। फोरेंसिक टीम बुलाकर कमरे की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से फिरोजाबाद के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला घनश्याम यादव (28) पुत्र इंदल यादव यूपी पुलिस में सिपाही था। उसकी तैनात धूमनगंज थाने में थी। दो महीने पहले ही उसकी तैनाती की गई थी। वह थाने के पास ही हरवारा मुहल्ले में किराए पर कमरा लेकर रहता था। थाने के अन्य सिपाही भी आसपास के कमरों में रहते थे। सिपाही घनश्याम बुधवार को रात में ड्यूटी करके कमरे पर लौटा था। सुबह साथी पुलिसकर्मी जगाने पहुंचे तो दरवाजा नहीं खुला। करीब दो घंटे बाद दोबारा जाकर आवाज दी फिर भी जवाब नहीं मिला तो किसी तरह भीतर झांक कर देखने पर सिपाही फंदे पर लटका मिला। अब तक कोई सुसाइड नोट कमरे से बरामद नहीं हुआ है। पुलिस कमरे की जांच पड़ताल कर रही है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर बुला ली गई है।

# माघ मेला क्षेत्र में माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर वाहन पार्किंग एवं आवागमन मार्ग निर्धारित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं सुरक्षा कारणों से मेला क्षेत्र में आने वाले समस्त वाहनों हेतु यातायात डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 23 फरवरी को सायं 08.00 बजे से 25 फरवरी को दोपहर 02:00 बजे तक अथवा भीड़ समाप्ति तक संगम क्षेत्र में प्रशासनिक व चिकित्सीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों का संचरण प्रतिबंधित रहेगा। माघ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन प्लाट नं0 17 पार्किंग, गल्ला मण्डी दारागंज पार्किंग, हेलीपैड पार्किंग, काली सड़क पर दाहिने एवं बाऐ बनी पार्किंग, ओल्ड जी.टी. कछार पार्किंग में वाहन पार्क किए जाएंगे

मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होने पर मिर्जापुर और रीवा की ओर से आने वाले समस्त दो पहिया व चार पहिया वाहनों को लेप्रोसी चौराहे के बगल में नवप्रयागम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। जौनपुर और वाराणसी की ओर से आने वाले वाहनों को कटका तिराहे से ओल्ड जीटी रोड़ पर कछार भूमि पार्किंग व त्रिवेणीपुरम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को सीएमपी डिग्री कालेज,केपी इण्टर कालेज व विद्या वाहिनी मैदान व सीएवी इंटर कॉलेज पार्किंग में पार्क कराया जाएगा।

लखनऊ तथा प्रतापगढ़ की ओर से आने वाले वाहनों को कर्नलगंज इंटर कॉलेज, एनसीसी मैदान एवं नागवासुकी मंदिर के पास बने बघाड़ा एसटीपी पार्किंग में भी पार्क कराया जाएगा।

संगम आने वाले पैदल श्रद्धालुओं व स्नानार्थियों को जी0टी0 जवाहर से प्रवेश कर काली सड़क आकर काली रैम्प से होते हुए संगम अपर मार्ग से संगम तक जा सकेंगे। संगम से वापसी का पैदल मार्ग- संगम क्षेत्र से अक्षयवट मार्ग से होते हुए इण्टर लाकिंग मार्ग से जगदीश रैम्प मार्ग एवं त्रिवेणी मार्ग चौराहे से वापस परेड क्षेत्र में स्थित पार्किंग स्थल पहुँच सकेंगे। उल्लेखनीय है कि संगम मेला क्षेत्र में जाने हेतु प्रवेश मार्ग जी0टी0 जवाहर चौराहे से एवं निकास मार्ग हर्षवर्धन चौराहे से प्रस्तावित है। हासिमपुर फ्लाई ओवर से होकर बक्शी बाँध के रास्ते नागवासुकी मंदिर इंटरलॉकिंग मार्ग से मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालु पाण्टुन पुल नम्बर 05 के रास्ते झूंसी की ओर पाण्टुन पुल नम्बर 5 और पाण्टुन पुल नम्बर 6 के बीच बने स्नान घाटों तक जा सकेंगे।

# आशा कार्यकत्रियों ने पीएचसी परिसर में दिया धरना

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** आशा बहू कल्याण समिति के बैनर तले गुरुवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पूरा दिन गहमागहमी रहा। विभिन्न मांगों को लेकर अध्यक्ष कल्पना मौर्य की नेतृत्व में आशा कार्यकत्रियों ने जमकर प्रदर्शन कर नारे बाजी की।और कलम बंद हड़ताल करने का ऐलान किया। प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकत्रियों ने सरकार से विभिन्न मांगो को लेकर कहा कि आशा व आशा संगिनी को एक श्रेणी में रखते हुए उन्हें कर्मचारी संविदा कर्मचारियों के रूप में रखा जाए। आशाओं का वेतन राज्यकर्मचारी का दर्जा दिया जाए। जिसमें आशा संगिनी को 24000 तथा आशाओं को 18000 प्रति माह वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में किए गए कार्यों एवं आयुष्मान कार्ड बनाने में किए गए ड्यूटी का रूका भुगतान किया जाए। सरकार टुकड़ों में प्रोत्साहन राशि जो दे रही है उसे एक मुश्त करके दिया जाए। अध्यक्ष कल्पना मौर्य ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक सरकार द्वारा उक्त मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक आशाएं सारी डिलीवरी सरकारी अस्पताल के बजाय प्राइवेट अस्पताल में कराएंगी और अनिश्चितकाल तक बंद करने पर मजबूर हो जाएगी। इस अवसर पर दुर्गावती पटेल, सीमा पटेल, कृष्णा देवी, जय त्रिपाठी, शीला देवी, राधिका मौर्य, रीता देवी, अनीता देवी, सुनीता, राशि, कल्पना ,चंदा, विमल, सितारा, बिंदु व प्रमिला आदि मौजूद रही।

## पत्रकारिता जोखिम भरा व चुनौती पूर्ण कार्य है: सुरेंद्र

**लालगंज,आजमगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 आजमगढ़ के तत्वाधान में जिलास्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह तहसील सभागार लालगंज में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय कुमार व संचालन जिला संरक्षकध् मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी लालगंज सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता जोखिम भरा और चुनौती पूर्ण कार्य है। पत्रकार समाज को जगाने का काम करता है, अगर पीड़ित को न्याय नहीं मिलता है, तो पत्रकार उसकी आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का काम करते हैं। पत्रकार आंधी तूफन,बरसात में भी कड़ी मेहनत करके खबरों का संकलन करके जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं। माफ्यिा, दबंग के खिलाफ खबरें लिखी जाती है उनको भी भय रहता है ऐसे में उनकी सुरक्षा का प्रशासन का दायित्व होता है। पत्रकार समाज का आईना होता है। समाज में फैले बुराइयों,कुरूतियों को दूर करने का भी कार्य करते हैं।

# डीएम ने समीक्षा बैठक में दिये दिशा निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जहां उन्होंने विद्युत विभाग, सड़क निर्माण, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सहित अन्य विभाग जिनकी सीएम डैशबोर्ड पर ग्रेडिंग खराब थी उसकी समीक्षा की। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विवेक खन्ना को निर्देशित किया कि मुख्य बाजारों में एक्सएलपी केबल लगाने तथा जर्जर तारों को बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी जगहे चिन्हित करें जहॉ जर्जर पोल है और उसको बदलने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने दैनिक विद्युत आपूर्ति, विद्युत बिल तथा आरडीएसएस स्कीम के संदर्भ में जानकारी लेते हुये पोल की रंगाई कराने का निर्देश दिया।

उपनिदेशक कृषि से बीज डीबीटी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, नामांकित किसानों, पीएम फसल बीमा, जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाड़ी द्वारा संचालित कार्यक्रमों व निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र, सैम, मैम बच्चों के संदर्भ में जानकारी ली। जिलापूर्ति अधिकारी से राशन की दुकानों, राशन कार्ड, अंत्योदय योजना सहित सम्बन्धित विभाग की अधिकारियों से कन्या विवाह सहायता योजना, वृद्धा पेंशन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, सिल्ट सफाई, मत्स्य उत्पादन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से अण्डा उत्पादन, कृत्रिम गर्भाधान आदि के संदर्भ में जानकारी लेते हुए सीवीओ को निर्देशित किया कि चारागाहों में पशुओं को ससमय चारा व पेयजल मिले। समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी 75 मॉडल शॉप समय से बनाया जाय। इस प्रकार जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग की योजनाओं, ग्रेडिंग सहित अन्य आवश्यक बिन्दुओं के संदर्भ में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। कार्यालयों में साफ-सफाई रखे, जनहितकारी योजनाओं के प्रति गम्भीरता दिखाते हुए पात्रों एवं वंचितो का चयनकर योजनाओं का लाभ दिलाये।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी.के. यादव, पीडी जयकेश त्रिपाठी, उपनिदेशक कृषि हिमान्शु पाण्डेय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नाटक के माध्यम से दिया वसुधैव कुटुम्बकम् और वंदेभारत का संदेश

- खत्म हुई अब दुःख की घड़ियां जोड़ेंगे सब टूटी कड़ियां

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भारत रंग महोत्सव की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जन भारत रंग कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसके तहत रंगमंडल विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर द्वारा चन्द्रभाष सिंह के निर्देशन में लो आई वापस सोने की चिड़िया नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन 21 फरवरी को भूतनाथ मार्केट में थाने के सामने किया गया। इसके लेखक ललित प्रकाश थे। कार्यक्रम में ढोलक की थाप और गायन के माध्यम से दर्शकों की इकट्ठा किया गया फिर तेरी मिट्टी में मिल जावा देश भक्ति गाने पर नृत्य किया गया जिससे कि दर्शकों का जमावड़ा हो गया तत्पश्चात वसुधैव कुटुंबकम् पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया गया। इसके साथ ही पंचम वेद नाट्यशास्त्र के बारे में भी जानकारी दी गई। इस संगीतमय प्रस्तुति में सूत्रधार की भूमिका निहारिका कश्यप, सुंदरम मिश्रा एवं अन्य भूमिका में जुही कुमारी, कोमल प्रजापति, करन दीक्षित, अभय प्रताप सिंह, अनामिका रावत, चंद्रभाष सिंह एवं ढोलक वादान बृजेश कुमार चौबे ने किया। इस अवसर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

चंद्रभाष सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने बुधवार को देशभर में एक साथ 1500 नाटकों का प्रदर्शन कर एक नया विश्व रिकार्ड बनाया है। भारतीय रंगमंच ही नहीं विश्व रंगमंच के इतिहास में यह पहला मौका था जब एक साथ देश के विभिन्न शहरों में 1500 रंग मंडलियों ने एक समय पर एक साथ नाटकों की प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुतियां शाम 4 बजे हुई जिसका सजीव प्रसारण भी किया गया।

## लाभार्थीपरक योजनाओं में पात्रता की क्रास चेकिंग करायें: मण्डलायुक्त

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने वृहस्पतिवार को आयुक्त सभागार में आयोजित विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की मण्डलीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए तीनों जनपद के जिलाधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं जैसे शादी अनुदान योजना, मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, बुनकरों हेतु संचालित योजनाओं आदि हेतु प्राप्त आवेदनों की क्रास चेकिंग जनपद स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से करा लें, ताकि बाद में किसी भी विषम परिस्थिति उत्पन्न होने से बचा जा सके। मण्डलायुक्त चौहान ने बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान कहा कि उपजिलाधिकारियों द्वारा प्रायः आईजीआरएस सन्दर्भो की निस्तारण आख्या का परीक्षण किए ही निम्न स्तर से प्राप्त आख्याओं को अपलोड कर दिया जाता है, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

## देश की सेवा का भाव जाग्रति करती है स्काउट गाइड: अनिल

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज बीटीसी जौनपुर में तीसरे दिन स्काउट गाइड प्रशिक्षण हुआ जिसमें सर्वप्रथम स्काउट गाइड झंडारोहण डीएलएड एचओडी आर.पी सिंह में किया आज के कार्यक्रम के की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने की एवंम मुख्य अतिथि राजस्थान के उद्योगपति अनिल सिंह रहे विशिष्ट अतिथि कर्नल आर.एस मोनी रहे। मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड से हम सब देश की सेवा के साथ-साथ गरीबों की सेवा भी करने का अवसर देती है देश की बड़ी आपदाओं में स्काउट गाइड सहारा बनती है। विशिष्ट अतिथि कर्नल आर.एस मोनी ने अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड,एनसीसी हम सब को देश की सेवा के प्रति हमेशा समर्पित रहने का भाव उत्पन्न करती है।

# विद्युत बकायादारों पर चला वसूली अभियान

- एक लाख पच्चीस हजार राजस्व की वसूली

अवधनामा संवाददाता



**अतरौलिया आजमगढ़।** स्थानीय विद्युतउपखण्ड 33।11अतरौलिया अन्तर्गत अतरौलिया टाउन क्षेत्र व आस पास के गावो में बकायादारों के खिलाफ अभियान चला कर विधुत विच्छेदन की कार्यवाही कि गयी अतरौलिया नगर पंचायत में लगभग एक लाख पच्चीस हजार की वसूली तथा 25 बकायादारो कनेक्शन विच्छेदन किया गया।विजली विभाग के इस कार्यवाही से बाजार में हड़कंप मच गया। कुछ बडे बकायेदार दुकान बंद कर फ़रार हो गए। बिजली विभाग के एसडीओ.बृजेश राव ने बताया कि अतरौलिया नगर पंचायत में लगभग दो करोड रुपए का बिजली बकाया है। कुछ दुकानदार कई कई महीनों से अपने काम से कनेक्शन का भुगतान नहीं कर रही है उन्होंने बताया कि एल एम वी 2 (कमर्शियल) कनेक्शन धारी अपना समस्त बकाया 27 फ़रवरी तक हर हाल में जमा कर दे।

तथा एल एम वी1 (घरेलू) उपभोक्ता अपने बकाए का से का 30: या 3000 से अधिक जमा कर दें नहीं तो उनके खिलाफविद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी। उन्हों ने बताया कि विभाग द्वारा ब्याज में भारी छूट मिलने प्रचार प्रसार के बाद भी विद्युत बकायादार उपभोक्तावो द्वारा सहयोग नही किया जा रहा था । इस लिए मजबूरन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में मुख रुप से सुरेश मौर्य राहुल कुमार राम अवतार कमलेश अभिनाश हरेंद्र कुमार थे।

# मौनी बाबा की प्रतिमा का अनावरण



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** नगर के गुरुघाट स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में ब्रह्मलीन सिद्ध संत दुर्वासा महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री मौनी बाबा रामलाल दास जी महाराज के प्रतिमा का अनावरण गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम मॅ हुआ । इस अवसर पर पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन द्वारा रचित गायक कलाकार गंगा गुंजन के स्वर में श्री मौनीबाबा की आरती का भी लोकार्पण किया गया। प्रारंभ में श्री श्री 108 श्री शुभम दास जी महाराज के मार्गदर्शन में सुभाष शास्त्री एवं अन्य ब्राह्मणों ने मुख्य यजमान पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन के हाथों वैदिकरीति से प्रतिमा पूजन कराया , इस दौरान मौनीबाबा और देवी देवताओं का जयकारा गूँजता रहा। इस मौके पर दैवग्य दुर्वासा मंडल मुन्ना बाबा और व्यास कौशल किशोर जी महाराज ने मौनी बाबा के महिमा का बखान करते हुए कहा कि संत शिरोमणि श्री मौनीबाबा तपोमूर्ति थे , ऐसे सन्त मिल जाएं तो भगवंत के मिलने में विलम्ब नहीं । उन्होंने अपने साधना और चमत्कारी सिद्धियों के बल पर सदैव लोगों के कल्याण का कार्य किया। उनके आदर्शों का जीवन में अनुसरण करके आध्यात्मिक साधना के समस्त लक्षण सिद्ध होते रहेंगे। सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस, महंत संजय पांडेय, अजय अग्रवाल, राम मिलन सिंह,गंगा गुंजन, अनीता द्विवेदी ,सुभाष श्रीवास्तव, जवाहर पाठक, रवि प्रताप सिंह, रणविजय सिंह, धनुष धारी तिवारी, विनयगुप्ता,मनोज पांडे, सतीश मिश्रा , रविशंकर पांडेय सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय मूल्यों पर आधारित हो शिक्षा: ए. विनोद

अवधनामा संवाददाता

- शिक्षा में नए विकल्प की जरूरत: डॉ. विवेकानंद
- इतिहास की शिक्षा भारतीय दृष्टि पर आधारित हो: डॉ. विनोद
- शिक्षकों के साथ शिक्षा में परिवर्तन प्रक्रिया पर हुआ संवाद



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सहसंयोजक और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा निगरानी समिति के सदस्य ए. विनोद ने गुरुवार को विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ संवाद किया। मुख्य अतिथि ए. विनोद ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था भारतीय मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। कहा कि देश को बदलने के लिए समाज को बदलना होगा, इसके लिए शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव कर भारतीयता को लाना होगा। इसी उद्देश्य के साथ शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय विचारों को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। उनका मानना है कि जब शिक्षा जगत में भारतीयता की सोच होगी तभी देश उन्नति कर सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत विश्वगुरु तभी बनेगा जब हम मॉं, मातृभूमि, और मातृभाषा को अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा सिर्फ ज्ञान के लिए नहीं होनी चाहिए। यह तभी पूर्ण होगी जब इसमें मूल्य, कौशल और भारत की ज्ञान परंपरा का समावेश हो। इस अवसर पर न्यास के काशी प्रांत के संयोजक डॉ विवेकानंद उपाध्याय ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि हमारे न्यास का लक्ष्य है शिक्षा के क्षेत्र में मूल्यों और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना और समाज को एक सामूहिक और साथी बनाना। हम अपनी पहचान इस बात में ढूंढ रहे हैं कि हम अपने शिक्षा प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विभिन्न समुदायों को शिक्षा के महत्व को समझाने, समृद्धि के माध्यम से स्वतंत्रता को बढ़ाने और संस्कृति को समृद्ध बनाने में सहायता कर सकें। कहा कि शिक्षा में नए विकल्प की जरूरत है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के डॉ. विनोद जायसवाल ने कहा कि देश की शिक्षा को भारतीय जनमानस के अनुरूप बनाने के लिए हमें चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास, मूल्यपरक शिक्षा के साथ ङ्कसाथ वैदिक गणित, शिक्षा में स्वायत्तता, तकनीक शिक्षा के साथ-साथ इतिहास शिक्षा की भारतीय दृष्टि पर चिंतन करना होगा। इसके पूर्व रज्जू भैया भौतिकीय शोध संस्थान में निदेशक प्रो. प्रमोद यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. राजकुमार, प्रो. मिथिलेश सिंह, , डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. श्याम कन्हैया, मंगला प्रसाद, डॉ. आलोक दास, डॉ. इंद्रजीत, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, अमित मिश्र, रोशन राय, मणि राय आदि उपस्थित थे।

# वीवो ने लॉन्च किया प्रीमियम वाई-सीरीज़ स्मार्टफोन वाई 200ई 5जी




**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने अपनी प्रीमियम वाई सीरीज़ में लेटेस्ट स्मार्टफोन वाई 200ई 5जी लॉन्च किया है। वाई 200ई 5जी भारत का पहला ऐसा इ्-सीरीज़ स्मार्टफोन है जिसमें इ्यूरेबल इको-फाइबर लेदर और पेटेंटेड एंटी-स्टेन कोटिंग शामिल है, जो शानदार ड्यूरेबिलिटी के साथ-साथ बेहतरीन ऑडियो-विजुअल अनुभव और इमेजिंग क्षमताएँ प्रदान करता है। स्मार्टफोन में 50 एमपी प्राइमरी कैमरा, 2एमपी बोकेह कैमरा और 5000 एम ए एच की बैटरी से लैस वाई 200 ई 44 वाट की फास्ट चार्जिंग मौजूद है।वीवो वाई 200ई 5जी दो शानदार रंगों - सैफ्रॉन(केसरिया) डिलाइट और ब्लैक डायमंड में आता है। स्मार्टफोन के 6जीबी + 128जीबी वेरिएंट की कीमत 19,999 और 8जीबी + 128जीबी वेरिएंट की कीमत 20,999 है। आज से ही फ्लिपकार्ट, वीवो इंडिया ई-स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर इसकी प्री-बुकिंग शुरू हो जाएगी।ग्राहक आज से ही स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग कर सकते हैं और एसबीआई, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, बैंक ऑफ बरोडा, इंडसइंड, फेडरल बैंक और येस बैंक का उपयोग करके 1500 तक के इंस्टेंट कैशबैक सहित विभिन्न ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं।वीवो इंडिया की कॉरपोरेट स्ट्रेटेजी हेड गीताज चन्नाना ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, ÷टेक्नोलॉजी और स्टाइल के संगम के लिए वीवो के समर्पण का प्रतिनिधित्व करते हुए, हम बेहद खुश है कि अपनी वाई 200ई 5जी सीरीज लाइनअप को बढ़ाते हुए, वीवो वाई 200ई 5जी लॉन्च कर रहे हैं। वाई 200ई 5जी को अलग करता है इसका सौंदर्यपूर्ण और आकर्षक डिज़ाइन - इकोफाइबर लेदर एक्सटेरियर, जो टूट-फूट से बचाने के लिए बेहतरीन ड्यूरेबिलिटी और लचीलापन प्रदान करता है। आकर्षक डिजाइन के अलावा, इस डिवाइस में एक पावरफुल कैमरा सेटअप है, जिसमें 50एमपी का प्राइमरी कैमरा, 2एमपी का बोकेह कैमरा और एक फ्लिकर सेंसर शामिल है, जो एक डायनेमिक और वर्सेटाइल फोटोग्राफी देता है।

# जुनिपर होटल्स लिमिटेड (कंपनी) लक्जरी होटल विकास और स्वामित्व कंपनी है

- न्यूनतम बिड लॉट 40 इक्विटी शेयर और उसके बाद 40 इक्विटी शेयरों के गुणक में है।
- फ्लोर प्राइस इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य का 34.2 गुना है, और कैप प्राइस इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य का 36.0 गुना है।



**मुंबई।** जुनिपर होटल्स लिमिटेड (कंपनी) एक लक्जरी होटल विकास और स्वामित्व कंपनी है, और 30 सितंबर, 2023 तक भारत में हयात से संबद्ध होटलों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़ी मालिक है। (स्रोत होरवाथ रिपोर्ट), इसने अपने प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ या निर्गम) के लिए प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य बैंड 342 से 360 निर्धारित किया है। कंपनी का निर्गम 21 फरवरी, 2024 को बोली के लिए खुला और शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024 को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 40 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 40 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। यह निर्गम पूरी तरह से 18,000.00 मिलियन तक के नए निर्गम का है जिसमें बिक्री के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है। इस निर्गम के माध्यम से जुटाई जाने वाली कुल शुद्ध आय में से कंपनी अपनी और सहायक कंपनियों, अर्थात् चार्टर्ड होटल्स प्राइवेट लिमिटेड और चार्टर्ड हम्पी होटल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधार के पूर्ण या आंशिक पुनः भुगतान / पूर्व भुगतान / मोचन और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए 15,000.00 मिलियन तक का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है। कंपनी का प्रचार सर्राफ होटल्स लिमिटेड और उसके सहयोगी, जुनिपर इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड और टू सीज़ होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा किया जाता है, जो एक वैश्विक आतिथ्य कंपनी, हयात होटल्स कॉर्पोरेशन की अप्रत्यक्ष सहायक कंपनी है। यह कंपनी सात होटलों और सर्विस्ड अपार्टमेंट को मिला कर एक पोर्टफोलियो का स्वामित्व और प्रबंधन करती है और 30 सितंबर, 2023 तक भारत में कुल 1,836 हयात संबद्ध होटलों को संचालित करती है।

## लाडो, माशूका के बाद एमसी स्क्वायर ने हरियाणवी शैली में हाई ऑक्टेन "टेढ़े चालक" पेश किया

**नई दिल्ली।** अपनी आकर्षक बोली और बेहतरीन गीत कौशल के साथ भावपूर्ण शब्दकार, एमसी स्क्वायर ने अपना अगली गीत, ''टेढ़े चालक'' रिलीज़ किया है। इसमें भावनाओं को हार्ड कोर रैप में पिरोया गया है। यह गीत श्रोताओं को हरियाणा की सड़कों के एक रोमांचक सफर पर ले जाता है, जिसमें अपनी जमीन से एमसी स्क्वायर का प्रेम और अपने सपनों के पीछे उनकी निरंतर उड़ान प्रदर्शित होती है। जर्सी बीट के साथ एमसी स्क्वायर श्रोताओं को बचपन की अपनी महत्वाकांक्षाओं से लेकर पूरे विश्व में सफलता हासिल करने के अपने प्रेरक सफर का अनुभव लेने के लिए, आमंत्रित करते हैं। ''टेढ़े चालक'' के शक्तिशाली बोलों के साथ वो अपनी महत्वाकांक्षा की ओर निरंतर बढ़ते रहने की अभिव्यक्ति द्वारा हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का एक जीवंत चित्र पेश करते हैं। गीत के परफॉर्मर-लेखक, एमसी स्क्वायर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''टेढ़े चालक मेरी अपनी कहानी में लौटने का अनुभव था, इस सफर ने सपनों को सच कर दिया। इस गीत की हर पंक्ति हमारी जड़ों और संस्कृति का अभिवादन करती है, और मेरे हरियाणा के निरंतर उत्साह का आभार व्यक्त करती है। मैं चाहता हूँ कि यह ट्रैक हमारी मातृभूमि की शक्ति और जीवंतता को प्रतिबिंबित करे। ''टेढ़े चालक'' उन सभी के लिए है, जो सपने देखने की हिम्मत करते हैं। मैं एक ऐसा गीत बनाना चाहता था, जो हर उस व्यक्ति के साथ प्रतिध्वनित हो, जिसे अपनी विरासत पर गर्व है, और जो महानता की ओर बढ़ना चाहता है। मुझे उम्मीद है कि यह सभी श्रोताओं को कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करेगा।''

व्यक्तिगत कहानियों में बुनी हरियाणा की हृदयस्पर्शी बीट्स के साथ, ''टेढ़े चालक'' पहले स्वर से ही बेहतरीन चार्ट-टॉपिंग गीत होगा, जो लाडो और माशूका के बाद सफलता की कहानी को आगे बढ़ाएगा। एमसी स्क्वायर का अद्वितीय कहानी वाचन और संगीत का कौशल हरियाणवी रैप को नई ऊँचाई पर ले जाएगा।

## शंकराचार्य की अगुवाई में ब्रह्मसागर के अधिवेशन में जुटेंगे ब्रह्म समाज के दिग्गज



**लखनऊ।** जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जी की प्रेरणा से भारत की सनातन संस्कृति, ज्ञान, और गौरवशाली मूल्यों की पुनर्स्थापना, ब्रह्मसमाज का एकीकरण तथा इस शक्ति को महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य के साथ श्रीमद्जगद्गुरु शंकराचार्य अनंत श्रीविभूषित अमृतानंद देवतीर्थ, शारदा सर्वग्य पीठम श्रीनगर कश्मीर की प्रेरणा व् अध्यक्षता में शेषावतार लक्ष्मण की नगरी लखनऊ के उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी विपिन खंड गोमती नगर में आगामी 24 फ़रवरी दिन शनिवार को ब्रह्मसागर अपने द्वितीय अधिवेशन का आयोजन करने जा रहा है। इसी सन्दर्भ में ब्रह्मसागर के राष्टीय अध्यक्ष व् पूर्व प्रशाशनिक अधिकारी कैप्टन एस के द्विवेदी ने आज 22 फ़रवरी 2024 को यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में एक प्रेस-वार्ता का आयोजन किया उन्होंने बताया कि आगामी 24 फ़रवरी को ब्रह्मसागर अपने द्वितीय वार्षिक अधिवेशन के अंतर्गत एक मंथन शिविर, ब्रह्मसागर-सन्देश नामक स्मारिका का विमोचन तथा देश के विभिन्न अंचलों से पधारे ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधि विप्रजनों को सम्मानित करने का का कार्यक्रम किया जायेगा। हमारा उक्त कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी, भारत सरकार में राज्यसभा सांसद तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, माननीय उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी जी और मुख्य वक्ता के रूप में चिन्मय मिशन के प्रमुख संत ब्रह्मचारी कौशिक चैतन्य जी महाराज को आमंत्रित किया गया है।

# आईकू ने लॉन्च किया नियो 9 प्रो: स्नैपड्रैगन 8 जेन 2 और सुपरकंप्यूटिंग चिप Q1 के साथ डुअल चिप पावर

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज भारत में अपनी नियो सीरीज़ की एक और पावर-पैक ऑफरिंग - आईकू नियो 9 प्रो लॉन्च करने की घोषणा की है।

आईकू नियो 9 प्रो एक पावर-पैक डिवाइस है, यानि कि यह डुअल चिप पावर से लैस है - यह अत्याधुनिक क्वालकॉम स्नैपड्रैगन0 8 जनरल 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ सुपरकंप्यूटिंग चिप क्त्१ के साथ चलता है जो नियो 9 प्रो के प्रदर्शन को बढ़ाता और तेज करता है, एक इमर्सिव गेमिंग के अनुभव और सीमलेस कनेक्टिविटी देता है। इसका वाइब्रेंट डुअल-टोन और प्रीमियम लेदर डिज़ाइन न केवल शानदार क्राफ्टमेनशिप को दिखाता है बल्कि एक आरामदायक ग्रिप और एक प्रीमियम अनुभव सुनिश्चित करते हुए बेहतरीन टच देता है। साथ ही स्मार्टफोन एक अत्याधुनिक फ्लैगशिप 50 MP सोनी IMX920 कैमरा से लैस है, जो शानदार नाइट फोटोग्राफी के लिए कम रोशनी में भी बेहतरीन प्रदर्शन करता है। इसके




अलावा, एंड्रॉइड 14 पर आधारित फनटच ओएस 14 के साथ तीन साल के एंड्रॉइड अपडेट और चार साल के सुरक्षा अपडेट स्मार्टफोन ग्राहकों को लुभा रहा है। आईकू नियो 9 प्रो आज दोपहर 1 बजे से प्री-बुक करने वालों के लिए अमेज़न.इन और आईकू ई-स्टोर पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। 8GB+256GB वेरिएंट की प्रभावी कीमत ? 34,999 (MOP: ? 37,999) और 12GB+256GB वेरिएंट की प्रभावी कीमत ? 36,999 (MOP: 39,999) होगी। 8GB+128GB वेरिएंट की प्रभावी कीमत 33,999 (MOP: ? 35,999) होगी और यह 21 मार्च 2024 से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। आईकू नियो9 प्रो दो रंग विकल्पों- फीरी रेड और कॉन्करर ब्लैक में उपलब्ध होगा। आईकू इंडिया के सीईओ, श्री निपुन मार्या ने लॉन्च के अवसर पर कहा, आईकू नियो 9 प्रो के लॉन्च के साथ, हम एक दमदार स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखे हुए हैं। आज की तकनीक-प्रेमी पीढ़ी की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया, नियो सीरीज़ उच्च प्रदर्शन और अत्याधुनिक गेमिंग क्षमताओं का प्रतीक है। हमें पूरा विश्वास है कि यह डिवाइस पिछले नियो सीरीज़ उपकरणों की तरह ही हमारे उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय होगा, जो उन्हें पॉवर, स्टाइल और प्रीमियम अनुभवों का एक शानदार मिश्रण प्रदान करेगा। अमेज़ॅन इंडिया के डायरेक्टर वायरलेस और होम एंटरटेनमेंट रंजीत बाबू ने कहा, पॉवरफुल चिपसेट से लेकर आकर्षक डुअल टोन डिज़ाइन तक, बिल्कुल नया आईकू नियो 9 प्रो एक ऐसा डिवाइस है जो परफॉरमेंस, स्टाइल और कार्यक्षमता को नई परिभाषा देता है। हम सफल नियो सीरीज़ में एक और शक्तिशाली स्मार्टफोन पेश करने के लिए आईकू इंडिया के साथ जुड़कर प्रसन्न हैं। आज का लॉन्च सभी प्राइस सेगमेंट में अच्छे ब्रांडों के नए और सबसे इनोवेटिव प्रोडक्ट ग्राहकों को प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है।

# ओला ईलेकट्रिक के दाम में कटोती पश्चात बिक्री में भारी उछाल

**मुंबई:** ओला ईलेकट्रिक के पीछले सप्ताह अपने एस1 प्रो, एस1 एर और एस1 एक्स + स्कुटर्स के दाम में रू. 25,000 तक की कटोती करने के पश्चात उन की ब्रिकी में जबरदस्त बढोतरी होने की खबरे प्राप्त हो रही है। जानकार सूत्रो के मुताबिक अलग



अलग मीडिया की खबरों के अनुसार, कंपनी ने सिर्फ तिन दिन में 10,000 स्कुटर्स की जबरदस्त ब्रिकी की है, जो उस की एवरेज दैनिक ब्रिकी में तीन गुना बढोतरी के बराबर है । बिक्री में यह उछाल ईस बात के संकेत माने जा सकते है की दाम में यह व्यूहात्मक कटोती ओला की ईलेकट्रिक व्हिकल्स की महत्त्वाकांक्षा में गेम चेन्जर बन सकती है. कंपनी ने अगस्त 2021 में अपनी प्रथम प्रोडक्ट की घोषणा के पश्चात अब तक ग्राहको को 400,000 से ज्यादा व्हिकल डिलिवर किए है. कंपनी ने अपने डीआरएचपी में बताया था उस के मुताबिक अपनी मोटर साईकिल मोडेल्स की डिलिवरी वित्तिय वर्ष 2026 के शुरूआती हिस्से में प्रारंभ करने की कंपनी की योजना है । ओला ने नियामको के समक्ष अपने आईपीओ के लीए दिसम्बर 2023 में फाईलिंग की थी । यह प्योर प्ले ईवी कंपनी ईवी तथा बैटरी पेक्स, मोटर्स एवं व्हिकल फ्रेम्स जैसे ईवी के अति महत्त्व के कोम्पोनेन्ट्स का उत्पादन तमिलनाडु राज्य के क्रिष्नागिरि स्थित अपनी फ्युचर फैकटरी में कर रही है । ईस के पूर्व, कंपनी ने ईसी महिने में अपने ओला स्कूटर में एक नई रेन्ज के मोडल की प्रस्तुती भी की थी और कंपनी ने ऐसा भी जाहिर किया है की वह अपना सर्विस नेटवर्क मौजुदा 400 केन्द्र से बढाकर 600 केन्द्र तक ले जाने के प्रयास कर रही है।

## स्टार हेल्थ ने उत्तर प्रदेश में क्लेम सेटलमेंट के लिए कुल 345 करोड़ रुपये का भुगतान किया

**लखनऊः** भारत की जानीमानी स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस ने घोषणा की है उसने पिछले 10 महीनों में यानी अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के बीच उत्तर प्रदेश में करीब 345 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा के क्लेम्स को मंज़ूरी दे दी है। कंपनी ने उनके नेटवर्क में आने वाले अस्पतालों को क्लेम सेटलमेंट के लिए लगभग 310 करोड़ रुपये दिए और जो इस क्षेत्र में उनके नेटवर्क में नहीं आते हैं, उन अस्पतालों को भी क्लेम सेटलमेंट के लिए 35 करोड़ रुपये दिए गए। स्टार हेल्थ ने उत्तर प्रदेश में कैशलेस क्लेम सेटलमेंट में 296 करोड़ रुपये और रियंबर्समेंट क्लेम में 49 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा का भुगतान किया है। अपने ग्राहकों के विश्वास को बरकरार रखते हुए कंपनी ने सभी कैशलेस दावों को 4 घंटे के अंदर - अंदर निपटा दिया और 90त्न मामलों में, कैशलेस इलाज के लिए अनुमति 2 घंटे के अंदर- अंदर दे दी। कंपनी ने क्लेम करने के 7 दिनों के अंदर- अंदर रियंबर्समेंट क्लेम का भुगतान करने का भरपुर प्रयास किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों को रियंबर्समेंट द्वारा क्लेम सेटलमेंट में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक 10 महीनों के दौरान, उत्तर प्रदेश में ज़्यादातर क्लेम मेडिकल ट्रीटमेंट के थे, उन क्लेम का



भुगतान 175 करोड़ रुपये था। जिसमें सिर्फ सर्जिकल ट्रीटमेंट में क्लेम सेटलमेंट की राशि 170 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा थी। उत्तर प्रदेश में भुगतान किए गए कुल क्लेम में से महिलाओं द्वारा किए गए क्लेम के लिए लगभग 155 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा का भुगतान किया गया और पुरुषों द्वारा किए गए क्लेम के लिए कुल 190 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। क्लेम सेटलमेंट के बारे में बताते हुए, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ़ क्लेम ऑफिसर श्री सनथ कुमार ने कहा कि - ÷हमें यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि उत्तर प्रदेश में स्टार हेल्थ ने क्लेम सेटलमेंट करने और कैशलेस इलाज को मंज़ूरी देने में तेजी दिखाई है। हमने अपने ग्राहकों की सभी स्वास्थ्य कवर ज़रूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेटिव उत्पाद लॉन्च किए हैं और एक मजबूत क्लेम मैनेजमेंट प्रक्रिया को बनाए रखने की कोशिश की है। फिलहाल हमारे पास राज्य में लगभग 1800 से भी ज़्यादा सूचीबद्ध अस्पताल हैं और आगे भी हम अपने ग्राहकों को सही लागत पर बेहतरीन इलाज देने के लिए अपने अस्पताल नेटवर्क को और मजबूत करना जारी रखेंगे। स्टार हेल्थ ग्राहक को सबसे पहले रखने में विश्वास रखता है। सर्विसिंग और पहुंच को आसान करने के लिए कंपनी के 51 शाखा कार्यालय उत्तर प्रदेश के मुख्य क्षेत्रों में फैले हुए हैं। राज्य में 66000 से भी ज़्यादा एजेंटों का एक मजबूत नेटवर्क है, जो ग्राहकों को विशेषज्ञ सहायता देता है, पॉलिसी खरीदने से लेकर क्लेम प्रस्तुत करने और सेटलमेंट तक हर कदम में उनकी सहायता करता है। ग्राहक अनुभव को और भी बेहतर बनाने के लिए कंपनी स्टार हेल्थ की टेलीमेडिसिन सुविधा, वैलनेस प्रोग्राम जैसे फायदे देती है जो ग्राहकों को स्वस्थ रहने में मदद करती है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने की संभावना कम हो जाती है। साथ ही मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच के साथ अन्य सुविधाएं देती है। इन सभी सुविधाओं को स्टार हेल्थ ऐप की मदद से देश के किसी भी कोने में प्राप्त किया जा सकता है। यह ऐप एक वन स्टॉप सॉल्यूशन है जो ग्राहकों को पॉलिसियां खरीदने या रिन्यू करने, क्लेम करने और क्लेम दस्तावेज जमा करने के साथ- साथ स्टार हेल्थ की सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाता है, जिसमें व्यक्तिगत वैलनेस कार्यक्रमों, मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच, निकटतम नेटवर्क अस्पतालों का पता लगाने और ग्राहक सहायता कर्मियों से जुड़ने का मौका मिलता है।

# इफको दुनिया की नं. 1 सहकारी संस्था

**लखनऊ।** इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को पुनः दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। यह रैंकिंग प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर कारोबार के अनुपात पर आधारित है। यह दर्शाता है कि इफको राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस की 12वीं वार्षिक वर्ल्ड कोआपरेटिव मॉनीटर रिपोर्ट के 2023 संस्करण के अनुसार यह देश के सकल घरेलु उत्पाद एवं आर्थिक विकास में इफको के कारोबारी योगदान को दर्शाता है। कुल कारोबार के मामले में इफको पिछले वित्तीय वर्ष के अपने 97वें स्थान के मुकाबले 72वें स्थान पर पहुंच गया है। अपनी 35,500 सदस्य




सहकारी समितियों, 25,000 पैक्स और 52,400 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों के साथ इफको आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर कृषि की ओर अग्रसर सहकार से समृद्धि का सशक्त उदाहरण है। इफको ने पिछले कई वर्षों से अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जो इफको और इसके प्रबंधन के सहकारी सिद्धांतों में अटूट भरोसे का प्रमाण है। इसे देश में मजबूत सहकारी आंदोलन के प्रतीक के रूप में भी देखा जा सकता है, जिसे केंद्र द्वारा सहकारिता मंत्रालय के गठन और श्री अमित शाह जी, माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार के कुशल नेतृत्व से गति मिली है। मंत्रालय द्वारा की गई पहल से अनुकूल माहौल बना है और भारत में सहकारिता आंदोलन को फलने-फूलने में मदद मिली है। माननीय प्रधानमंत्री के ध्येय सहकार से समृद्धि से प्रेरणा लेते हुए और विभिन्न फसलों पर वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुसंधान और प्रयोग की बदौलत इफको ने किसानों के लिए दुनिया का पहला नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किया। इफको नैनो उर्वरकों के साथ-साथ जैव-उर्वरक, सागरिका जैसे जैव-उत्तेजक और कृषि-रसायन आदि के छिड़काव के लिए सहायक उपकरण और स्पेयर के साथ 2,500 कृषि ड्रोन खरीद रहा है। इफको 5000 से अधिक ग्रामीण उद्यमियों को प्रशिक्षण देगा और 2500 कृषि ड्रोन का वितरण करेगा। साथ ही, इफको ग्रामीण स्तर पर योग्य उद्यमियों की पहचान करने में लगा है जिन्हें प्रमाणिक चालक के रूप में ड्रोन उड़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

## सीक्रेट्स ऑफ द बुद्धा रेलिक्स क्यों देखी जानी जरूरी है?

**लखनऊः** गौतम बुद्ध की शिक्षाएँ समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं और इन शिक्षाओं ने दुनिया भर में अनगिनत व्यक्तियों की आध्यात्मिक विरासत को आकार दिया है। उनके ज्ञान के आकर्षण को सीक्रेट्स फ्रैंचाइज़ के नवीनतम संस्करण - सीक्रेट्स ऑफ द बुद्धा रेलिक्स में और अधिक विस्तार से खोजा गया है। 26 फरवरी, 2024 को रात 9:00 बजे डिस्कवरी चैनल पर प्रीमियर के लिए तैयार, यह डॉक्यूमेंट्री इस शो के संचालक नीरज पांडे द्वारा बनाई गई, प्रशंसित अभिनेता मनोज बाजपेयी द्वारा होस्ट की गई, और राघव जैरथ द्वारा निर्देशित है- यह सीरीज़ बुद्ध के अवशेषों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व में एक दिलचस्प यात्रा का वादा करती है. यहां पांच ठोस कारण बताए गए हैं कि क्यों आपको इस ज्ञानवर्धक अनुभव के लिए अपने कैलेंडर को चिह्नित कर लेना चाहिए। क्या आपने कभी सोचा है कि गौतम बुद्ध ने अपने अंतिम दिन कैसे बिताए और कैसे उन्होंने अपने अवशेषों के माध्यम से दुनिया भर में अपनी शिक्षाओं को फैलाने की नींव रखी?

# मेधा शंकर को आईएमडीबी स्टारमीटर पुरस्कार मिला



**मुंबई।** भारत - फरवरी 22, 2024 - फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया का सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत, आईएमडीबीने 12वीं फेल स्टार मेधा शंकर को आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर अवार्ड प्रदान किया।यह पुरस्कार उन सितारों को मान्यता देता है जो आईएमडीबी ऐप पर लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अच्छा प्रदर्शन करते हैं।यह दुनिया भर में आईएमडीबी पर 200 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकोके पेज व्यू को चार्ट करता है और ये उन सितारों के लिए बेहद सटीक भविष्यवक्ता साबित हुआ है जिनके करियर में एक नया मोड़ आने वाला है। शंकर को वर्तमान में विधु विनोद चोपड़ा की जीवनी ड्रामा फिल्म 12वीं फेल में देखा जा सकता है, जो आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा (विक्रांत मैसी द्वारा अभिनीत) और आईआरएस अधिकारी श्रद्धा जोशी (शंकर द्वारा अभिनीत) की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है।फिल्म की स्ट्रीमिंग रिलीज के बाद, शंकर को जनवरी में तीन बार लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में शीर्ष 10 में स्थान मिला, जिसमें दो सप्ताह तक नंबर 01 स्थान भी शामिल था। 12वीं फेल वर्तमान में टॉप-रेटेड भारतीय फिल्मों के चार्ट की शीर्ष 250 सूची में शीर्ष स्थान पर है, और आईएमडीबी उपयोगकर्ता रेटिंग 9.1 है। शंकर के पहले क्रेडिट में दिल बेकरार, मैक्स, मिन, और मेवज़ाकी, और शादीस्थान शामिल हैं। मैं आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर पुरस्कार पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

# नए अध्ययन से सामने आया कि बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद मसल रिकवरी तेजी से होती है और परफॉर्मेंस में सुधार आता है



**लखनऊः** नए अध्ययन से सामने आया है कि बादाम खाने से एक्सरसाइज करने के बाद मांसपेशियों के होने वाले दर्द में कमी आती है जिससे वर्टिकल जंप (हवा की दिशा में ऊपर कूदना) जैसी एक्सरसाइज में मांसपेशियों की परफॉर्मेंस और बेहतर होती है। यह नतीजे पिछली रिसर्च का विस्तार है, जिसमें दिखाया गया था कि एक्सरसाइज के बाद बादाम किस तरह मांसपेशियों में होने वाले दर्द को कम कर प्रभाव डालते हैं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्त पोषित और फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित नई रिसर्च स्टडी में पाया गया कि लंबाई के हिसाब से वजन में थोड़े ज्यादा मध्य आयु के 25 पुरुषों और महिलाओं का आठ हफ्ते तक रोजाना 57 ग्राम (दो औंस) कच्चे और साबुत बादाम रोज खाने के लिए देने के बाद बाद 30 मिनट का डाउन हिल ट्रेडमिल टेस्ट किया गया। नियंत्रण समूह ने उसी कैलोरी (86 ग्राम, तीन आउंस) के मीठे और कुरकुरे बिस्कुट का नाश्ता किया। यह ट्रेड मिल टेस्ट यह देखने के लिए डिजाइन किया गया था कि एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द और थकान को बादाम से किस हद तक कम किया जा सकता है। दिल्ली के मैक्स हेल्थ केयर हॉस्पिटल में डाइटेटिक्सन की रीजनल हेड रितिका समद्दर ने कहा, इन सालों में मैं अपने मरीजों को लगातार रोजाना बादाम खाने की सलाह देती हूं।

# अपने परिचालन में ग्रीन एनर्जी का प्रयोग लगातार बढ़ा रही है रेनॉ निसान

**चेन्नई।** 2045 तक कार्बन न्यूट्रल ऑपरेशंस के अपने लक्ष्य को पाने की



प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आरएनएआईपीएल) ने ग्रीन एनर्जी (हरित ऊर्जा) के प्रयोग की दिशा में अपनी उपलब्धि का एलान किया है। कंपनी का कारखाना ओरागदम, चेन्नई में है। कंपनी ने बताया कि 2023 की दूसरी छमाही में उसने अपने परिचालन में ग्रीन एनर्जी के प्रयोग में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जुलाई से दिसंबर, 2023 के दौरान कंपनी ने अपने परिचालन में औसतन हर महीने 85 प्रतिशत से ज्यादा ग्रीन एनर्जी का प्रयोग किया। सितंबर, 2023 में कंपनी ने 100 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी का प्रयोग किया था। आरएनआईपीएल कारें बनाने के लिए अपने संयंत्र में उत्पादित और बाहर से खरीदी हुई ग्रीन एनर्जी का प्रयोग करती है। आरएनएआईपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर कीर्ति प्रकाश ने कहा, आरएनएआईपीएल अपने परिचालन के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले साल हमने 2045 तक कार्बन न्यूट्रल ऑपरेशंस का लक्ष्य पाने और 2030 तक वाटर पॉजिटिव बनने की योजना सामने रखी थी। 2023 की दूसरी छमाही में औसतन 85 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी का प्रयोग करते हुए हमने इस दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह सस्टेनेबिलिटी की दिशा में हमारे समर्पण को दिखाता है।

## एयरो एंड ऐथर 2024- महिन्द्रा युनिवर्सिटी का वार्षिक खेल एवं प्रौद्योगिकी-सांस्कृतिक उत्सव

**नई दिल्ली।** महिन्द्रा युनिवर्सिटी का वार्षिक उत्सव एयरो एंड ऐथर हाल ही में शानदार ढंग से संपन्न हुआ जिसमें विद्यार्थियों और प्रबंधन के बीच खेल की भावना, रचनात्मकता, प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सात दिनों तक चले इस उत्सव में कई प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई जैसे फुटबॉल, बास्केटबॉल और लॉन टेनिस। साथ ही कई सांस्कृतिक आयोजन भी हुए जैसे




जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। इन उत्सवों को परिभाषित करने वाले जबरदस्त तालमेल पूरे कैंपस में देखने को मिला जहां विभिन्न संकायों से विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच पर आए। इस उत्सव के तहत कैंपस ऊर्जा से भरपूर रहा जहां बिट्स पिलानी, हैदराबाद, विज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमें सहित पूरे क्षेत्र के कॉलेजों से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वाद विवाद प्रतियोगिता और स्टैंड-अप कमेडी आदि। विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों में समुदाय की भावना को प्रोत्साहन मिला। हाल ही में उद्घाटन होने वाली फीफा प्रमाणित फुटबॉल फील्ड में मैच का आयोजन किया गया जिसमें बिट्स पिलानी, हैदराबाद विजेता रही। जहां महिन्द्रा युनिवर्सिटी की लॉन टेनिस टीम ने दोनों सिंगल्स टूर्नामेंट जीतकर अपनी ताकत दिखाई, वहीं, बास्केटबॉल टीम ने शानदार टीमवर्क का प्रदर्शन कर जीत हासिल की।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष शान्तिपूर्ण पारदर्शी ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने जाने हेतु बुधवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि जनपद में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 सम्बन्धी सम्पूर्ण व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी को समस्त व्यवस्थाओं का यथासमय सुनिश्चित करने हेतु दायित्व सौंपे गये है। जिनका निष्पादन पूर्ण निष्ठा से करने के साथ ही कार्यो से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त कार्यो के लिए नोडल अधिकारी अपनी आवश्यकतानुसार अपने अधीनस्थों की ड्यूटी लगायेंगे एवं उसकी सूची नोडल अधिकारी कार्मिक को उपलब्ध करायेंगे जिससे उनकी ड्यूटी अन्य कार्यो में न लगाया जाये तथा समस्त नोडल सहायक नोडल अधिकारी निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी से सम्पर्क कर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के निर्देशानुसार शान्तिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु उत्तरदायी होंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि और पशुपालन एक दूसरे के पूरक : धर्मपाल सिंह



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सूबे की सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को एचएएल में आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए संबंधित को दिशा निर्देश देने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कृषि और पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। जहां कृषि को उन्नत बनाने का प्रयास किया जा रहा है वहीं पशुपालन के दृष्टिकोण से भी किसानों की आय दोगुनी करने का प्रयास प्रधानमंत्री का है इस दृष्टिकोण से गायों की नस्ल में सुधार और उन्नत प्रजाति की गायों के पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहन देने की बात कहते हुए कहा कि आवारा पशुओं की समस्या से किसानों को शीघ्र छुटकारा दिलाए जाने के लिए गो आश्रय स्थलों में सड़क और सिवानो में घूम रहे छुट्टा जानवरों को पहुंचाने का शीघ्र निर्देश दिया गया है। गांव में चरागाह आदि स्थलों के चिन्हांकन और हरे चारे के उत्पादन की व्यवस्था कराकर उसे पर पशु आश्रय स्थलों में पहुंचने के लिए संबंधित को दिशा निर्देश जारी किया जा रहा है। उन्होंने किसानो की आय दोगुनी करने की बात पर फिर प्रतिबद्धता दोहराई। जाहिर है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकारआवारा पशुओं की समस्या से शीघ्र निपटने के लिए तैयारी कर रही है लेकिन यह अभियान एक लंबे समय से चलाया जा रहा है जो अभी तक कारगर साबित नहीं हो रहा है आवारा पशुओं की समस्या से किसानों की नींद आज भी गायब है। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार का प्रयास कहां तक कारगर साबित होता है।

## मौसम के बिगड़े मिजाज से किसान परेशान

**अमेठी।** जिले में पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश हो रही है ऐसे में अगेती फसलों के लिए तेज हवाएं काफी नुकसानदायक साबित हो रही हैं। सीवान में इन दिनों सरसों फूली हुई है कहीं-कहीं गेहूं की बाल भी निकल आई है हल्की बारिश और तेज हवा के कारण गेहूं की फसले कहीं-कहीं गिर गई है। जिससे उनकी उपज पर इसका सीधा प्रभाव पड़ने वाला है वही सरसों भी कहीं-कहीं गिरी है और सरसों में आए हुए फूल तेज हवाओं के कारण गिर रहे हैं।

फूलदार फसलों के लिए तेज हवा और बारिश नुकसानदायक साबित हो रही है। मौसम का मिजाज पिछले कई दिनों से बिगड़ा हुआ है बीती रात भी रिमझिम बारिश हुई गुरुवार को दोपहर में भी रिमझिम बरसात हुई तेज हवाएं चल रही है। बुधवार की रात हवाएं काफी तेज थी जिसके कारण कहीं-कहीं पेड़ों की डाल भी टूट कर गिरी ज्यादातर फसलों को गिराने का काम इसी रात की हवा ने किया है। मंहगाई के इस दौर में बदलता मौसम विपरीत प्रभाव डाल रहा है। जिसे लेकर किसान चिंतित हैं।

## केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर अम्बेडकर स्टेडियम में

**अमेठी।** क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2024-25 में सूचीबद्ध खेलों में बालक बालिकाओं के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु विभिन्न खेलों के जिला मण्डल राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन निर्धारित किया गया है। जिसमें सभी खेलों के चयन ट्रायल्स डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में निर्धारित तिथियों में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयु के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को विद्यालय द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए यदि किसी कारणवश चयन ट्रायल्स के समय जन्मतिथि सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित करवाना सम्भव न हो तो विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रधानाचार्या द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के माता-पिता द्वारा जन्मतिथि के सम्बन्ध में नोटरी शपथ पत्र देना होगा तथा चयन के बाद छात्रावास में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित टी सी लाना अनिवार्य होगा। आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को खेल साथ पोर्टल पर लागिन कर आनलाइन आवेदन करना होगा एवं पूर्ण रूप से आवेदन प्रपत्रों को भरकर डैशबोर्ड पर उपलब्ध माध्यम से निर्धारित शुल्क को बैंक कोषागार में जमा किया जायेगा।

## दो ट्रकों में भिड़ंत में चालक और खलासी घायल



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कप्तानगंज पिपराइच मार्ग पर स्थित महुआ खुर्द और घोघरा के बीच बुधवार की देर रात दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें चालक रमेश राजभर उम्र 35 वर्ष निवास खेसरादी भरपटिया थाना कोठीभार जनपद महाराजगंज और एक खलासी विभुति निवासी बिरभार थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ट्रैकों की भिड़ंत इतनी तेज थी कि पास के स्थित मकान के लोग जागे और देखा दोनों के अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुके थे और चालक तथा खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए तभी किसी ने घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजवाया।

## जागरूकता वाहन को बीडीओ ने दिखाई हरी झंडी



**सुकरौली, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश के तहत गुरुवार को सुकरौली ब्लॉक परिसर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्राम में जल जागरूकता की समस्त टीमों की वाहनों को बीडीओ गोपीनाथ पाठक व एडीओ राम आशीष ने संयुक्त रूप से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। वही इस मौके पर डीपीसी अंकुश सिंह, एडीपीसी मानवेंद्र सिंह, सहायक विक्की सिंह, हरिओम सिंह, विवेक सिंह, सौरभ, अमित, प्रिया, अभिनव, पप्पू, श्वेता, अंकिता आदि उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के बनकटियां निवासी एक युवती जिसकी शादी तय हो चुकी है। गांव का आरोपी अपने सहयोगियों के साथ युवती के कमरे में घुसकर कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। विरोध करने पर शादी तोड़वाने और जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के बनकटियाँ निवासी एक युवती का 15 फरवरी को मंगनी थी। उसी रात्रि को गांव का एक युवक अपने कुछ सहयोगियों के साथ युवती के कमरे में घुसकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा था। शोर मचाने पर युवती की मां पहुंची तो वह उसे शादी तोड़ने व युवती को बर्बाद कर देने का धमकी दिया। और पीड़िता के भाई के मोबाइल पर भी जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस ने पीड़िता के मां की शिकायत पर आरोपी विजय,और कुछ अज्ञात साथी निवासी बनकटिया के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## दिव्यांग की भूमि का करा लिया वसीयत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के दरघाट निवासी एक दिव्यांग वृद्ध महिला को गांव का एक जालसाज ने उसका आधार कार्ड बनवाने के नाम पर उसी भूमि को अपने और पत्नी के नाम से वसीयत करा लिया है। पुत्रवधू ने उपजिलाधिकारी सहजनवा से शिकायत कर कारवाई करने की मांग किया है। तहसील क्षेत्र के दरघाट निवासी गेना देवी पत्नी जगदीश ने आरोप लगाया है की सास दोनो आंख की अंधी थी। पड़ोस का एक जालसाज ने उसे झांसे में लेकर आधार कार्ड बनवाने के लिए सहजनवा लाया था। और उनके नाम से जो भूमि दर्ज था। उस भूमि का अपने और पत्नी के नाम से वसीयत का लिया। दिव्यांग वृद्ध महिला के मौत के बाद मामले की जानकारी हुई। और न्यायालय में वाद दाखिल किया। आए दिन जालसाज द्वारा भूमि कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। विरोध करने पर जान माल की भी धमकी दे रहा है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने कहा की मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जाएगी।

# कुशीनगर में मिड-डे-मिल खाने से 17 बच्चे बीमार, मचा हड़कंप

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र के शिवदत्त छपरा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में गुरुवार की दोपहर मिड डे मिल भोजन खाने से दर्जनों बच्चे बीमार हो गए। बच्चों की स्थिति देख जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया। स्कूल से सभी 17 बच्चो की स्थिति गम्भीर देख कोटवां स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ बच्चों की हालत स्थिर है जबकि कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया एवं बीएस राम जियावन मोर्या ने शिवदत्त छपरा में मिड डे मिल खाने से बीमार हुए बच्चों को स्थिति जाना और बच्चों के स्वास्थ्य की बराबर देखभाल का निर्देश दिया।

गुरुवार की शिवदत्त छपरा कम्पोजिट विद्यालय में रसोइया द्वारा दोपहर में बच्चों को मिड डे मील भोजन परोसा गया। कुछ देर के बाद भोजन किए बच्चों कि हालत बिगड़ने लगी और उल्टी दस्त से कुल 17 बच्चों की हालत बिगड़ गई। भोजन में फुड प्वाइजनिंग की वजह से सभी 17 छात्रों को नजदीकी कोटवा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उनका दवा ईलाज जारी है। आधा दर्जन छात्रों की स्थिति अभी भी गम्भीर बनी हुई है। फुड प्वाइजनिंग के प्रभाव में उर्षषा पुत्री लालबहादुर, सरिता पुत्री पंकज, सुमन पुत्री अजय, सुमन पुत्री अजय, सीमा पुत्री राकेश, गनेश पुत्र लालबहादुर, रिताशु पुत्र पलटू, सबिता पुत्री राधा किशुन, नन्दनी पुत्री राकेश, रेशम पुत्री मुन्ना, संगम पुत्र रामप्रवेश, अंकित पुत्र रामू 12 वर्ष, प्रिंस पुत्र विनोद 11 वर्ष, ज्योति पुत्री अर्जुन आदि बच्चों की हालत मिल गए मिल खाने के बाद बिगड़ गई है। बच्चों के स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद स्कूल के जिम्मेदारों एवं अभिभावकों के हाथ पांव फूलने लगे। सभी बीमार बच्चों को कोटवा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां अभी भी कुछ बच्चों की हालत गम्भीर बनी हुई है। पूरे प्रकरण पर सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया एवं बीएस राम जियावन मोर्या नजर बनाए हुए हैं। सभी बीमार बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है। उधर घटना की जानकारी होते ही सांसद विजय कुमार दुबे, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने बच्चों का हाल जाना।

> सांसद, विधायक व सीडीओ ने बच्चों की स्थिति जाना

## युवक का छत की कुंडी में लटका मिला शव

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के लुचुई वार्ड 10 में एक 23 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में छत की कुंडी में लटके मिले शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का नमूने लेकर प्रयोगशाला के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड 10 लुचूई निवासी मृतक आकाश पुत्र संजय 23 वर्ष दो भाई है। छोटा भाई अपने मौसी के घर रह कर पढ़ाई करता है। मृतक पेंट पालिस का कार्य करने के साथ शराब का आदी था। और यह घर में अकेले रहता था। दिन में 11 बजे के करीब दरवाजे का शटर खुला हुआ था। जब सुबह से वह दिखाई नही तो उसकी चाची घर के अंदर गई तो देखा की फाटक पर लगा पर्दा फटा हुआ था। फटे पर्दे के सहारे युवक छत की कुंडी से लटक रहा था। उसके द्वारा शोर मचाने पर पड़ोस के लोग जुट गए। और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर सीओ गीडा अनुराग सिंह, एसओ मदन मोहन मिश्र हमराहियो के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम को सूचना दिए।

# देवरिया सहित प्रदेश की सभी सीटें जीतेगी भाजपा : केशव

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जनपद दौरे पर आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, जिला प्रभारी संतराज यादव, विधायक दीपक मिश्र शाका, सुरेंद्र चौरसिया, सभाकुंवर कुशवाहा, ने उप मुख्यमंत्री को बड़ी माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके पहले डिप्टी सी एम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन तथा सरकार के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि गण संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं और मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि देवरिया जनपद की सभी लोकसभा सीटों को प्रचंड बहुमत के साथ जीता कर पार्टी की झोली में डालने का कार्य हम सभी कार्यकर्ता करेंगे। कहा कि मेरे लिए कार्यकर्ता प्रथम है, इतना कहते ही कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया तथा कार्यकर्ताओं ने जोरदार ताली बजाकर उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में भ्रष्टाचारियों की बल्ले बल्ले थी तथा आम जनता इनके डर से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती थी लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में दलित, शोषित, वंचित सभी वर्ग के लोगों का सामान रूप से विकास हो रहा है।

# साइकिल रथ लेकर पद यात्रा पर निकले सपा नेता कन्हैया निषाद

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार, कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक के असना निवासी सपा पिछड़ा वर्ग के कार्य समिति सदस्य कन्हैया निषाद लोक सभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार में सायकिल रथ लेकर मैनपुरी तक की पद यात्रा पर निकले। असना महुई चौराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने इनको फुल माला पहनाकर कर यात्रा के लिए रवाना किया। साइकिल यात्री के रूप में समाजवादी पार्टी में विख्यात कन्हैया निषाद ने विकास खण्ड मोतीचक के असना महुई चौराहे पर पद यात्रा शुरू करने के पहले कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा अपने गृहनगर से दर्जनों लोक सभा क्षेत्र में साइकिल रथ लेकर पार्टी प्रचार में मैनपुरी तक की यात्रा करूंगा। जगह जगह रुककर जनता से संवाद कर समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताऊंगा तथा लोगों से पार्टी के पक्ष में मतदान का अपील करूगां। इसके पहले हमने सायकिल से कई बार लखनऊ तक की यात्रा की है। मैनपुरी में हुए लोकसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी डिंपल यादव के पक्ष में सायकिल से प्रचार किया था। इस बार हमने रथ लेकर प्रतिदिन 35 किमी पद यात्रा कर 20 दिन में 700 किमी दूरी तय कर मैनपुरी लोक सभा क्षेत्र तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। जुझारू तेवर के धनी सपा के कर्मठ नेता श्री निषाद ने कहा हमने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्य मंत्री बनाने तक पूरे प्रदेश में पद यात्रा व सायकिल यात्रा कर पार्टी प्रचार का बीड़ा उठाया है। इस दौरान सपा विधान सभा उपाध्यक्ष हाटा नन्हें चौहान, सुखदेव निषाद, मो खलील, रामशीष गुप्त, अंगद निषाद एल, अमेरिका यादव, राम कृपाल वर्मा, आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

# 2024 में उड़ जाएगा विपक्षः केशव प्रसाद मौर्य

## लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा व कांग्रेस की जब्त होगी जमानत

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कुछ दिनों बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। जिसमें सपा, बसपा व कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। यूपी की 80 की 80 सीटें भाजपा को जीतनी है। विपक्षी दलों में भगदड़ मच गई है। आने वाले दिनों में सपा समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। कहा कि यूपी से कांग्रेस लगभग साफ हो चुकी है। इस बार रायबरेली से में रिकार्ड मत से भाजपा जीतेगी। परिवारवाद की राजनीति करने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव के परिवार का एक भी व्यक्ति इस बार लोकसभा का मुंह नहीं देख पाएगा। भाटपाररानी के बेलपार में 5.25 करोड़ की लागत से बनने वाले विकास खंड के अनावासीय व आवासीय भवनों के शिलान्यास करने के बाद बीआरडी इंटर कालेज में आयोजित जनसभा को गुरुवार को उप मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सपा व कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि इन दिनों सपा व कांग्रेस के लोग गांवों में नजर नहीं आते, वह खुद ही हार मान चुके हैं। यह देवरहा बाबा की धरती है, उन्होंने विहिप प्रमुख अशोक सिंघल से कहा था कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनेगा। उनके आशीर्वाद से यह कार्य पूरा हो गया है। 2024 में विपक्ष उड़ जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि हर बूथ पर 500 नए कमल के बटन दबने चाहिए। प्रधानमंत्री का नारा सबका साथ, सबका विकास है। सभी योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। पहले की सरकारों में गरीब को अमीर तो अमीर को गरीब बनाकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था, लेकिन भाजपा की सरकार में ऐसा नहीं होगा, गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है कि गरीबों को ही योजनाओं लाभ दिया जाए। गरीबों को पक्का मकान, 12 करोड़ शौचालय, 10 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन दिया गया है। गरीबों के घरों में बिजली नहीं थी, उन घरों में भी उजाला बिजली से हो रहा है। पहले गरीबों को उपचार कराने के लिए लोगों से कर्ज लेने पड़ते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना की शुरूआत से किसी भी गरीब को उपचार के लिए कर्ज नहीं लेता पड़ता और पांच लाख रुपये तक का उपचार निश्शुल्क होता है। उन्होंने कहा कि आज कोई भूख से देश में नहीं मरता। गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न दिए जा रहे हैं। राहुल गांधी, अखिलेश यादव तो चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, उनको गरीबों की समस्या से क्या लेना देना है। किसान सम्मान निधि आज किसानों के सीधे खाते में जा रहा है। 52 करोड़ लोगों का देश में खाता खोला गया है। भ्रष्टाचार को कुचलने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए बिजली बिल नहीं दिया ताजा। आप 100 दिन का समय दें, सभी बूथों पर भाजपा का कमल खिलाएं। सपा व बसपा का झंडा लगाने वाले भी भाजपा को मत देने को तैयार हैं। मुस्लिम महिलाएं भी प्रधानमंत्री की योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा के साथ खड़ी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी ने की। इस दौरान सांसद रविन्दर कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, जयनाथ कुशवाहा, अमित सिंह, अजय कुमार दुबे, डा.अरविंद कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख बिंदा कुशवाहा, पूर्व विधायक संजय यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सलेमपुर श्रीराम यादव मौजूद रहे।

> बेलपार में 5.25 करोड़ की लागत से बनने वाले विकास खंड के अनावासीय व आवासीय भवनों का शिलान्यास किया

# बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 6029 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए जिले को छह जोन व 29 सेक्टरों में बांटा गया है

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र की तरफ से जिले में 150 केंद्रों पर शुरू हुई हाई स्कूल व इंटर कि परीक्षा में पहले दिन गुरुवार को सख्ती के चलते 6029 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का समाचार नही प्राप्त हुआ था।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में हाई स्कूल हिंदी विषय में पंजीकृत कुल परीक्षार्थियों की संख्या 61,460 थी जिसमें से बालक वर्ग से 2216 व बालिका वर्ग से 1359 ने परीक्षा छोड़ दिया। जबकि प्रथम पाली में ही इंटर सैन्य विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 22 छात्रों में से 3 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार हाई स्कूल में 3578 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। द्वितीय पाली में इंटर हिंदी/सामान्य विषय में कुल 50468 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें बालक वर्ग से 1672 व बालिका वर्ग से 779 यानी कुल 2451 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल नहीं हुए। द्वितीय पाली में ही हाई स्कूल वाणिज्य विषय में 53 पंजीकृत थे। उक्त विषय में अनुपस्थितों की संख्या शून्य रही। कुल मिलाकर बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 6029 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 29 सेक्टर में बांटा गया है। हर केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिला मुख्यालय समेत चार जगहों से परीक्षा की हर गतिविधि की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है।

**प्रयागराज से भी की जा रही है परीक्षा केंद्रों की निगरानी:** डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष तक जिला मुख्यालय के अलावा जेडी कार्यालय गोरखपुर और प्रदेश लखनऊ से ही परीक्षा केंद्रों की लाइव निगरानी की जाती थी। इस बार बोर्ड ने भी प्रयागराज में कंट्रोल रूम बनाया है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम में 15 कंप्यूटर लगाए गए हैं। एक कंप्यूटर पर दस परीक्षा केंद्रों को कनेक्ट किया गया है।

> नकलविहीन बोर्ड परीक्षा के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की डिवाइस को कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। केंद्राध्यक्षों को बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा कराने के निर्देश दे दिए गए हैं।
>
> **रविंद्र सिंह, डीआईओएस, कुशीनगर**

> हर केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए

## डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**अमेठी।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से प्रारंभ हो गई पहले दिन डीएम और एसपी ने जिले के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की सुचिता बनाए रखने का जहां निर्देश दिया वहीं व्यवस्था की पड़ताल की।गुरुवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने थानाक्षेत्र मुंशीगंज अंतर्गत निषाद राज इंटर कॉलेज किटियावां शाहगढ़ परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया।

परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के लिये अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित स्थानों पर बैठने की व्यवस्था सीसीटीवी कैमरे व सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा केन्द्रों पर तैनात प्रशासनिक पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को बोर्ड के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश निर्देश दिये गये।

# डीएम ने नगर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का किया भ्रमण

**परीक्षा के लिए स्थापित कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 को शुचिता पूर्ण वातावरण में नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से प्रथम दिन की प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नगर क्षेत्र स्थित परीक्षा केन्द्रों पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज, आर्य कन्या इण्टर कालेज व तारा गर्ल्स इण्टर कालेज बहराइच का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अपने उत्तरदायित्वों का कड़ाई के साथ निर्वहन करें। डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी के सम्बन्ध में शासन व बोर्ड द्वारा जारी गाईड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में लगे हुए सभी अधिकारी/कर्मचारी व शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।

परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के उपरान्त डीएम मोनिका रानी ने बोर्ड परीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय कक्ष में स्थापित कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। डीएम ने यहां पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिया कि प्रभावी ढंग से परीक्षा केन्द्रों का पर्यवेक्षण करते रहें। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे प्रत्येक दशा में क्रियाशील रहने चाहिए।

## किसी भी राशन की दुकान पर न हो घटतौली: डीएम

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना प्राथमिकता है, जनपद में राशन कार्ड से छूटे हुए लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु लक्ष्य बढ़ाए जाने हेतु शासन से पत्राचार करें, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी उचित दर विक्रेता की दुकान पर घटतौली न होने पाए व पूरी पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराएं। जनपद में 27281 अन्त्योदय एवं 236181 पात्र गृहस्थी कुल 263462 नाशन कार्ड जारी है, जिसके अन्तर्गत 946266 यूनिट सदस्य लाभान्वित है।

# अफजाल अंसारी के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिले से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों का विवरण सुल्तानपुर से चलकर लखनऊ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर भारतीय जनता पार्टी में अपनी सहमति जताते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। अफजाल अंसारी, मौलाना इमाम दिलशाद कादरी, मोहम्मद नसीम पूर्व सपा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक, अनवर अल्वी जिला अध्यक्ष अल्वी समाज, मोहम्मद वसीर अहमद जिला अध्यक्ष अंसारी समाज, मोहम्मद अनीस उर्फ बाबू जिला अध्यक्ष अहजे कुरैशी,शब्बीर राइम जिला अध्यक्ष राईन बिरादरी, खलील मंसूरी जिला अध्यक्ष मंसूरी समाज, रईस सलमानी जिला अध्यक्ष सलमानी समाज, मोहम्मद गफ्फार घोसी जिला अध्यक्ष घोसी समाज,अब्बू उबैदा उर्फ बाबू सपा पूर्व अध्यक्ष इसौली,मोहम्मद कमाल सपा पूर्व जिला सचिव अल्पसंख्यक, सोहेल अहमद सपा पूर्व सचिव ईसौली हाजी अनवर समाजवादी पार्टी, इसरार हुसैन सपा पूर्व नगर अध्यक्ष यूजन सभा, अली असगर उर्फ़ गल्लू सपा पूर्व अध्यक्ष, श्रीमती गुलफूल बेगम वरिष्ठ समाज सेविका, अभिषेक सिंह सपा पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, प्रणय गुप्ता सपा जिला सचिव व्यापार सभा, अनुज दुबे पूर्व प्रत्याशी विधानसभा विधानसभा प्रभारी आम आदमी पार्टी, सैयद सफाअत हुसैन सपा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दोस्तपुर, रोशन सपा सुलतानपुर*, इन सभी लोगों ने अफजल अंसारी के नेतृत्व में लखनऊ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# ललितपुर में फार्मा पार्क स्थापना कार्य का श्री गणेश

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद में प्रस्तावित बल्क ड्रग फार्मा पार्क को विकसित करने के कार्य का जल्द ही श्री गणेश होने जा रहा है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने 25 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत करते हुए धनराशि जारी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे फार्मा पार्क के प्रथम चरण को विकसित करने के लिए सब स्टेशन एवं ट्रांसमिशन लाइन के साथ पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा, वहीं जल्द ही मास्टर प्लान के साथ ही डीपीआर बनाने के भी निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि जनपद ललितपुर को उत्तर प्रदेश में फार्मा इण्डस्ट्री का हब बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित करने की घोषणा की गई थी, जिसे अब आगे बढ़ाते हुए धरातल पर लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ललितपुर के 5 ग्रामों की चौदह सौ बाहत्तर एकड़ भूमि पर ड्रग फार्मा पार्क बनना है, जिसे दो फेज में विकसित कराया जायेगा। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन द्वारा सब स्टेशन एवं ट्रांसमिशन का कार्य, 17.37 करोड़ की धनाशि से उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य, वहीं 12 लाख 71 हजार की धनराशि से सर्वे एवं मृदा परीक्षण का कार्य कराया जाएगा, इसी के साथ जेनरिक दवाओं के उत्पादन हब के तौर पर ललितपुर के विकास का रास्ता साफ हो गया है।

# मूर्ति स्थापना दिवस की छठवीं वर्षगांठ पर मनाया महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

**भजन संध्या कार्यक्रम में गायिका राधा, निशा, अनुराग पंडित ने बिखेरा जलवा, सुबह से देर रात तक चंद्रकला में अधिकारियों व नामचीन हस्तियों का रहा जमावड़ा**



**कुड़वार,सुल्तानपुर।** बुधवार को क्षेत्र के चंद्रकला गांव में बने चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर की छठवीं मूर्ति स्थापना दिवस को महोत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें भजन गायिका, भोजपुरी गायिका,अवधी गायक ने मंच साझा करते हुए अपनी अपनी प्रतिभा दिखायाइस दौरान चंद्रकला गांव में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर सत्ता तथा विपक्षी दलों के नामचीन नेताओं का पहुंचना लगा रहा। सभी आगंतुकों का आदर सम्मान समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय तथा उनके पति ए आर टी ओ शांति भूषण पांडेय द्वारा किया गया।भजन संध्या कार्यक्रम के साथ साथ महाप्रसाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिले के कुड़वार ब्लाक के चंद्रकला भण्ड़रा गांव की निवासी चर्चित समाजसेविका व भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय के आवास चंद्रकला में बने चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर की छठवीं मूर्ति स्थापना दिवस पर सोमवार की सुबह रामचरित मानस का पाठ शुरू हुआ मंगलवार को पूर्णाहुति व हवन यज्ञ की गई। बुधवार की शाम अवधी गायक जौनपुर निवासी अनुराग पंडित, भजन गायिका राधा मौर्या, निशा उपाध्याय अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी गायिका द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का गायक कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से दिल जीत लिया।लोग अनुराग पंडित के अवधी गानों को खूब पसंद किया। वहीं भजन संध्या व महाप्रसाद भंडारे में जिले से लेकर अन्य जनपदों के अधिकारी व नामचीन नेताओं का आवागमन सुबह से ही लगा रहा। वीवीआईपी के आगमन पर सुरक्षा की दृष्टि से कुड़वार थाना के पुलिसकर्मी जगह जगह तैनात रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल खुद कार्यक्रम का जायजा लेते रहे।पत्रकार ऐशोसिएशन के अध्यक्ष डा0अवधेश शुक्ला भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

मूर्ति स्थापना दिवस महोत्सव में बीजेपी जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा, विधायक राजेश गौतम, धनपतगंज ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू, एआरटीओ नंद कुमार, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, आईजी सीआरपीएफ राजेन्द्र सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी,संघ प्रचारक श्री प्रकाश, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडेय,भाजपा नेता मनोज मिश्रा,राकेश द्विवेदी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व जिप सदस्य अवध कुमार सिंह पप्पू, भाजपा नेता बब्लू तिवारी, कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल, उपनिरीक्षक संजय प्रसाद, उपनिरीक्षक चंद्र कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक राम विलास यादव, बंधुआ कला थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, विकास त्रिपाठी, आशीष मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षित किये गये जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट



**बहराइच।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम दिन प्रथम सत्र में विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज तथा द्वितीय सत्र में विधानसभा क्षेत्र मटेरा एवं बहराइच सदर अन्तर्गत गठित ज़ोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा सहित अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा विभिन्न प्रकार के व्यवहारिक पक्ष के बारे में जानकारी प्रदान की। जबकि तकनीकी प्रशिक्षक सहा.अभि. जल निगम सौरभ वर्मा व अवर अभियन्ता संदीप जायसवाल द्वारा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संचालन की तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी।

### डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कार्यालय में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। कान्टेक्ट सेन्टर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि ज्यादा फोन काल्स ईपिक के सम्बन्ध में प्राप्त होती है। इस सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित तहसीलों से जारी होने वाले इपिक की सूची मंगाकर कर काल सेन्टर पर सुरक्षित रख ली जाय और जब भी ईपिक के बारे में कोई फोन काल प्राप्त को सूची देखकर सम्बन्धित को अग्रेत्तर जानकारी उपलब्ध करा दी जाय।

### न्यायाधीश ने जिला कारागार का निरीक्षण कर जानी हकीकत



**ललितपुर।** चन्द्रोदय कुमार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार कुलदीप सिंह अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार में जेल विजिट की गयी। कुलदीप सिंह अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला कारागार में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। भोजनशाला में साफसफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। जिला कारागार की विजिट के दौरान लाल रत्नाकर सिंह श्रीमती शकुन्तला देवी उपकारापाल एवं न्यायालय की ओर से रोहित राठौर उपस्थित रहे।

### डीएम ने जिला शिकायत समिति का किया गठन

**ललितपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दौरान नकदी एवं अन्य कीमती सामग्री के जब्ती एवं रिलीज हेतु जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है, जिसमें 226 ललितपुर एवं 227 महरौनी नियुक्त अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी के.के.पाण्डेय मो. 9455564960, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी मो. 9454417620, वरिष्ठ कोषाधिकारी सौरभ सिंह मो. 7355438639 व पुलिस विभाग, उड़नदस्ता टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा की गई प्रत्येक जब्ती की जांच कर उनके रिलीज के सम्बन्ध में आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करेंगे। अतः नियुक्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन के दौरान पुलिस विभाग, स्थैतिक निगरानी टीम, उड़नदस्ता टीम आदि के द्वारा पकड़ी गयी।

# नगर पालिका लिए 77 करोड़ 59 लाख का बजट पास

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मंगलवार को नगर पालिका सभा कक्ष में नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर अयोध्या धाम में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर लोकार्पण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित किया गया। इसके अलावा किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी,पूर्व पीएम नरसिंहराव,पूर्व मुख्यमंत्री बिहार कर्पूरी ठाकुर एवं हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित किए जाने पर ध्वनिमत से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। सदन द्वारा पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल को उत्तर प्रदेश नगर निकाय निर्वाचन 2023 में समस्त 199 नगर पालिका परिषद में सुल्तानपुर नगर पालिका को 11वें स्थान पर सर्वाधिक मतों से विजय होने पर माल्यार्पण कर बधाई दी गई। साथ ही पांच बार से निरंतर सभासद रहे रमेश सिंह को निर्विरोध चुने जाने पर सदन ने बधाई दी। नगर पालिका बोर्ड की बैठक में एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा के दौरान वित्तीय वर्ष 2024- 25 के प्रस्तावित बजट 77 करोड़ 59 लाख को ध्वनिमत से पारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न ठेको (टैक्सी-टेंपो पार्किंग शुल्क, शौचालय वसूली शुल्क, विज्ञापन शुल्क, आउटसोर्सिंग द्वारा मैनपॉवर आपूर्ति)को शीघ्रता से कराए जाने पर सदन द्वारा आम सहमति से स्वीकृत प्रदान की गई। शासन द्वारा विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि से जनहित के कार्यो हेतु सभासदगण द्वारा प्राप्त होने वाले प्रस्तावों को कार्यान्वित करने हेतु स्वीकृत प्रदान की गई। इसी के साथ नगर की साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने हेतु 2 ट्रैक्टर मय ट्राली, 5 मिनी टिपर, 2 ट्रैक्टर बेस्ड मिनी लोडर, नगर क्षेत्र के अंतर्गत मृत पशुओं के शव को उठाने हेतु 1 रिकवरी वाहन एवं प्रमुख स्थल व चौराहा पर गिरने वाले कूड़े हेतु 1 हुक लोडर वाहन मय 4 अदद कंटेनर, 5 ई रिक्शा टिपर,5 अदद फागिंग मशीन व समस्त वार्डो हेतु 25 ठेला रिक्शा गाड़ी को क्रय किए जाने तथा नगर की मार्ग प्रकाश व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 2000 एलइडी लाइटें एक अदद हाइड्रोलिक स्काई लिफ्ट क्रय किए जाने की स्वीकृति दी गई।

# संदीप बंसल का आगमन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पूरे प्रदेश में व्यवसायीयों के हितों हेतु सदैव तत्पर रहने वाला एकमात्र संगठन है।बीती शाम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री संदीप बंसल का आगमन सुल्तानपुर जनपद में हुआ। वह यहां एक निजी वैवाहिक कार्यक्रम में शरीक होने आए थे । किंतु जैसे ही जनपद कार्यकारिणी को उनके आगमन की सूचना मिली तत्काल प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह के दिशा निर्देशन में जिला अध्यक्ष विजय प्रधान की अगुवाई में पहले तो अलीगंज बाजार के प्रभारी एवं जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरी व अलीगंज बाजार अध्यक्ष के नेतृत्व में असरोगा टोल प्लाजा पर माननीय बंसल जी का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।तत्पश्चात अमहट चौराहे पर जिला एवं नगर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयों ने माननीय अध्यक्ष जी का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कुश कैटल मैरिज लॉन में सभी पदाधिकारी एवं व्यापारियों के साथ एक सूक्ष्म बैठक की। बंसल जी ने सभी व्यापारियों को निडर एवं निसंकोच होकर अपना व्यापार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा किसी भी व्यापारी का शोषण किसी भी संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया जा सकता है। जब तक हमारा संगठन सभी व्यापारियों के साथ है, जब तक हम एक हैं,हमारा कोई भी कुछ अनुचित नहीं कर सकता।

## डीएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाए देखी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुरूष बैरकों में पहुंच कर बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना तथा उसका प्रभावी निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुये उनकी समस्याओं को ससमय निस्तारित करने हेतु निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली तथा उन्हे उपलब्ध करायी जाने वाली विधिक सेवा के विषय मैं भी पूछा। जिलाधिकारी ने कैदियों के थैलों की जांच भी करायी जिसमें किसी भी प्रकार की प्रतिबन्धित सामग्री नही पायी गयी। कारागार में निरूद्ध बंदियों ने जिलाधिकारी को अपनी अपनी समस्याएं बतायी। जिस हेतु जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक मिजाजी लाल को उनकी समस्याओं को निस्तारण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, जेल अधीक्षक मिजाजी लाल, जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा शुरू हो रही है। जिसको लेकर शिक्षा विभाग के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरीके से मुस्तैद है, जनपद में इस बार 71 परीक्षा केंद्रों पर 1420 सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 40284 परीक्षार्थी पेपर देने सुबह 8-30 बजे परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेंगे, जिसको लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी पूरी कर ली गई है। उरई के राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, साथ ही पेपर को डबल लॉकर में रखा गया है, जिससे प्रश्न पत्र आउट न हो सके।

आपको बता दें कि जनपद में इस बार हाई स्कूल की परीक्षा में 21247 परीक्षार्थी, जबकि इंटर की परीक्षा में 19037 परीक्षार्थी शामिल होंगे, परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्वक, एवं नकलविहीन कराने को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट, रिजर्व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, की तैनाती की गई है, साथ ही बोर्ड परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण हेतु पांच सचल दलों का गठन किया गया है, जो सभी परीक्षा केंद्रों पर जाकर जांच करेंगे। इस दौरान प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गये हैं, जो नकल विहीन परीक्षा करा सके, इसके अलावा इन सीसीटीवी कैमरा की मॉनिटरिंग उरई की राजकीय इंटर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम से की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए शिक्षा विभाग के साथ-साथ पुलिस विभाग भी सतर्क है, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की दायरे में धारा 144 लागू की गई है, जिससे भीड़भाड़ एकत्रित न हो सके, इसके लिए भी विशेष निगरानी रखी गई है। उन्होंने बताया कि डबल लॉकर में प्रश्न पत्रों को रखा गया है, जिससे प्रश्न पत्र आउट न हो सके 9 मार्च तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए सभी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क सुरक्षा को लेकर हुई महापौर के आवास पर कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहाँपुर।** सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमो का पालन बहुत संवेदनशील विषय है। प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं बहुत अधिक चिंता जनक है।केंद्र और प्रदेश सरकार इस विषय में बहुत गंभीर है। उक्त उदगार अर्चना वर्मा महापौर नगर निगम ने राष्ट्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से स्वयं सेवी संस्था अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम जान है तो जहान है की जागरूकता/प्रचार सामग्री के विमोचन के अवसर पर व्यक्त किये। श्रीमती वर्मा ने कहा की सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागरूक करके सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाई जा सकती है, संस्था का प्रयास सराहनीय है। संस्था के अध्यक्ष कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा की संस्था द्वारा 22 फरवरी 2024 से 22 मार्च 2024 एक माह तक लगातार विभिन्न माध्यमो व गतिविधियो के द्वारा लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।जिसमे स्कूल के बच्चों के मध्य निबन्ध एवं कला प्रतियोगिता, सेमिनार, वर्कशॉप, नुक्कड़ नाटक, वॉल पेंटिंग, ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार और प्रसार किया जाएगा। संस्था जनपद से सुदूर क्षेत्र तक जाएगी।इस अवसर पर रामवरन सिंह चंदेल, पार्षद, विपिन यादव, पार्षद, उदय प्रताप सिंह चौहान, मुकेश सिंह परिहार, आदित्य प्रताप सिंह, देवीदीन वर्मा, सूरज सैनी, अतुल चतुर्वेदी, राममूर्ति कश्यप, आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाघ के हमले से मजदूर घायल, भाग कर बचाई जान

**खुटार।** खेत में काम कर रहे मजदूरों पर अचानक बाघ ने हमला बोल दिया जिसे एक मजदूर मामूली रूप से घायल हो गया सभी मजदूर शोर मचाते हुए भागकर उन्होंने अपनी जान बचाई। थाना क्षेत्र के गांव नरौठा देवी दास में रहने वाले सकटे का 18 वर्षीय पुत्र दीपक साथी मजदूरों के साथ क्षेत्र के गांव सीतापुर साहरु के पास एक गन्ने के खेत में गन्ने की छिलाई करने गया था।जहां अचानक खेत के अंदर बैठे बाघ ने मजदूरों पर हमला बोल दिया जिससे दीपक बाघ के हमले से मामूली रूप से घायल हो गया बाकी सभी मजदूर शोर मचाते हुए वहां से भागे शोर सुनकर आसपास में रहने वाले ग्रामीण एकत्रित हो गए ग्रामीणों की सूचना पर बन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। खबर सुनकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। परिजन घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लेकर आए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी।

# ऋण ग्रहिताओं के लिए लागू की गयी एकमुश्त समाधान योजना

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा ऋण लाभार्थियों के हित के दृष्टिगत ऋण वसूली के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। यह योजना 31 मार्च 2024 तक प्रभावी रहेगी। इस योजना को लागू किये जाने से ऐसे ऋण ग्रहीतो को विशेष लाभ होगा जो किन्ही कारणवश अभी तक अपने देय किश्तों को समय से जमा नहीं कर सके थे और उन पर ऋण अवधि के उपरान्त मूलधन पर दण्ड एवं चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर कुल बकाया धनराशि अधिक हो गयी है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी (वि.) बहराइच श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि 31 मार्च 2024 तक प्रभावी एक मुश्त समाधान योजना अन्तर्गत लाभार्थी से देय अवधि तक साधारण ब्याज लेकर, देय अवधि के पश्चात लगाया गया समस्त दण्ड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज को माफ करते हुये सुविधा प्रदान की गयी है। उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. द्वारा संचालित मार्जिन-मनी, अनुविनि एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी योजनान्तर्गत समस्त ऋण बकायेदारों से अपेक्षा की है कि एकमुश्त धनराशि जमा करके देय अवधि के पश्चात सम्पूर्ण ब्याज में प्रदान की जा रही छूट की सुविधा लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि कोई भी इच्छुक ऋण बकायेदार किसी कार्यदिवस में उनके कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51245058 | Single Core Electron Beam Irradiation Curing Process | 1500 mtr | 04.04.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 51245058 दिनांक : 22.02.2024 576/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

| निविदा सं. | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाईट |
|---|---|---|---|---|
| 96245250 | 11.03.2024 | सप्लाई इंस्टॉलेशन एंड कमिश्निंग ऑफ एयर कम्प्रेशन ऑफ रोटरी स्क्रू। | 01 न. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक– Sr. DMM/NR/TENDER/AT/LKO2023
दिनांक– 21.02.2024
सहा0 मंडल सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, लखनऊ 569/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भीमसेन बाँदा रेलवे ट्रैक पर बनेंगे तीन नए अण्डरपास



अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** रेलवे प्रशासन यातायात को सुगम बनाने हेतु रेलवे क्रासिंगों आवश्यकतानुसार ओवर ब्रिज या तो अण्डरपास बना रहा है। झांसी मण्डल के भीमसेन -बाँदा रेलखण्ड में अकौना रागौल स्टेशन के मध्य समपार फाटक संख्या एस 17में अंडरपास बनाया जाएगा जिसके आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग एस 19 फाटक से दिया गया है। इसी प्रकार इचौली अकौना स्टेशन के मध्य एस 10में अंडर पास बनाया जाएगा। जिसमे वैकल्पिक रास्ता एस 9से दिया गया है। इसी क्रम में रागौल -इंगोहटा स्टेशन के मध्य फाटक संख्या एस 25में अण्डरपास बनाया जाएगा। जिसमे वैकल्पिक रास्ता एस 26से दिया गया है। इसी प्रकार रागौल इंगोहटा के मध्य फाटक संख्या एस 23में अंडरपास बनेगा। रेलवे मण्डल झांसी के जनसम्पर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस सभी रेलवे क्रासिंगों को 25 फरवरी से बंद कर दी जायेगी। इन रेल फाटकों को आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ता दुरुस्त किए गए है।

# तबाह फसलों का उचित मुआवजा देने की समाजवादी पार्टी ने की मांग

अवधानामा संवाददाता



**किसानों के दुख की घड़ी में सपा उनके साथ जिलाध्यक्ष**

**हमीरपुर।** जिले मे कस्बो सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की शाम अचानक हुयी भीषण बारिश व ओला वृष्टि में फसलों को बुरी तरह बर्बाद कर दिया है। पकने की कगार पर खड़ी फसलें जमींदोज हो गई हैं। किसानों के सामने अन्धेरा और निराशा के सिवा कुछ नजर नही आ रहा है। कुरारा क्षेत्र के पारा , कंडौर, जखेला, जल्ला, चकोठी,ठिरी तथा सुमेरपुर के अनेक गांवों में बारिश के साथ-साथ ओला वृष्टि हुई। जिससे फसले बर्बाद हो गयी है। पकने के कगार पर खड़ी फसल तेज हवा चलने व ओला वृष्टि से जमींदोज हो गई है। आंधी के चलते पेड़ टूट गए हैं। दलहनी, तिलहनी फसल व गेंहू की फसल जमींदोज हो गई है। आंधी पानी से फसल बर्बाद हो गई है। हमीरपुर के कई गांवों में तेज आंधी के साथ बरसात व ओला वृष्टि हुई है। ऐसे में किसानो का भारी नुकसान हुआ है। फसल तबाह हो गई है। किसानों के फसल तबाह हो गई है। किसानों के इस कठिन समय मे समाजवादी पार्टी की हमीरपुर इकाई ने जिला अध्यक्ष इदरीस खान के नेर्तृत्व में जुम्मेरात के दिन जिले में हुई ओला वृष्टि से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा राशि दिलाए की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। सपाइयों ने मांग की कि किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए तथा किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लोन माफी व राजस्व वसूली स्थगित भी की जाए। इस के अलावा बिजली बिल भी माफ किया जाए और राशन कार्ड में मिलने वाली सामग्री को तीन गुना बढाया जाए उपर्युक्त की मांगों को लेकर सपाइयों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

## ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन का प्रशिक्षण समापन समारोह संपन्न

**मैनपुरी।** बैंक ऑफइण्डिया ग्रामीण स्व:रोजगार प्रशिक्षण संस्थान झिंझाई में 30 दिन से चल रहे ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन का प्रशिक्षण समापन समारोह अयोजन किया गया, प्रशिक्षण समापन समारोह में 12 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आगरा आंचल के आंचलिक प्रबंधक शशीकान्त सदाभारतीया व अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल प्रकाश तिवारी उपस्थित रहें। आंचलिक प्रबंधक ने सभी का परिचय लिया और बैंक द्वारा ऋण प्राप्त कर व्यवसाय करने की सलाह दी, सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके रूचि के अनुसार स्व:रोजगार से जोड़ने के लिए हुरनमंद बनाया जाये, आर.से.टी. में सभी प्रकार का प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते है, जिसमें ग्रामीण बेरोजगार व्यक्ति ट्रेनिंग लेकर अपना कोई स्व:रोजगार व्यवसाय शुरू कर सकता हैं।

# सड़क निर्माण न होने पर ज्ञापन देकर अनशन की दी चेतावनी



अवधानामा संवाददाता

**मौदहा-हमीरपुर।** बार बार जर्जर सड़क के निर्माण की मांग और चुनाव बहिष्कार के बाद अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी सड़क निर्माण नहीं होने से अब ग्रामीणों ने अनशन की चेतावनी दी है। बुन्देलखण्ड नवनिर्माण सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन लोगों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन मौदहा के उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र को सौंपा, जिसमें कहा गया है कि मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमना किशनपुर की सड़क बरसों से जर्जर हालत में है जिसमें चलना भी मुश्किल हो रही है।ज्ञापन में बताया गया है कि इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है और पिछले विधानसभा उपचुनाव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था जिसको लेकर जनपद के आलाधिकारियों ने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था लेकिन चुनावी वादे की तरह अधिकारियों के आश्वासन भी हो गए। जिसके चलते ग्रामीणों ने सड़क निर्माण नहीं होने पर छब्बीस फरवरी से अनशन की चेतावनी दी है इस दौरान देव यादव, ओमप्रकाश, प्यारेलाल, कल्लू यादव, राहुल, जयराम पाल, बिंदा सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**आज से धरने के साथ सुंदरकांड का भी होगा पाठ**

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ल ने अवगत कराया है कि परिवार न्यायालय हमीरपुर की पीठासीन अधिकारी कु.आराधना रानी के व्यवहार व कार्य गुजारी, अधिवक्ताओं व वादकारियों के प्रति क्रूरतापूर्ण दुर्व्यवहार व अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भिजवाने की धमकी देने तथा बगैर सुनवायी के बड़ी सख्या में मुकदमा खारिज करने व नये दायरे स्वीकार न करने के कारण हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसियेशन हमीरपुर व प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर के समस्त अधिवक्तागण 20 फरवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, जो लगातार जारी है। उन्होंने आगे बताया कि आज 23 फरवरी 2024 को धरने के साथ सुन्दर काण्ड का पाठ भी कराया जायेगा, जिससे प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर की पीठासीन अधिकारी कु. आराधना रानी को सद्बुद्धि प्राप्त हो सके।उक्त सुन्दर काण्ड की जिम्मेदारी राजकुमार सिंह व जितेन्द्र शुक्ला की रहेगी।आज धरना प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता रामदत्त पाठक, कृपाशंकर सिंह, मनीराम वर्मा, भगवानदास दीक्षित, महिपाल प्रजापति, महेश प्रजापति, धर्मेन्द्र दत्त बाजपेयी, अजय कुमार पाण्डेय, प्रदीप कुमार द्विवेदी, देवेन्द्र शुक्ला, लोकभूषण राजपूत, सुरेश कुमार शर्मा, महेश प्रसाद गुप्ता, दयाशंकर तिवारी आदि सैकड़ों अधिवक्तागण एवं दोनों बार संघ अध्यक्ष व महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आज की सभा का संचालन लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## स्काउट-गाइड ने जन्म दिवस पर प्रस्तुत किए कार्यक्रम



**बांदा।** सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त स्काउट मंडल चित्रकूट के आदेश पर प्राथमिक विद्यालय नंदवारा महुआ में गुरुवार को स्काउटिंग के जन्मदाता राबर्ट बेडेन पावेल और और लेडी बेडेन पावेल के जन्म दिवस के अवसर पर चिंतन दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य लड़कियों के बीच सिस्टर हुड और महिला सशक्तिकरण बढ़ाने की कोशिश है। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। बच्चों ने स्काउट, गाइड की गतिविधियां प्रस्तुत की समस्त स्टाफ मोहम्मद वसीम सहायक अध्यापक, अनंत राम शिक्षामित्र, रसोईया रानी, रामलली, सरोज आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# निःशुल्क प्रशिक्षण का शुभारंभ

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कृष्णशिला परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जिसके अंतर्गत निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग क्लाससेस तथा कोर्स ऑन कंप्युटर कॉन्सेप्ट्स (सीसीसी) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महाप्रबंधक कृष्णशिला क्षेत्र, श्री सुमन सौरभ ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होंने युवावर्ग को देश का भविष्य बताते हुए देश के विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला । साथ ही उन्होने सभी ग्रामीण युवाओं का प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उत्साहवर्धन करते हुए स्थानीय समाज के समग्र विकास को समर्पित कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 6 महीने की अवधि एवं कोर्स ऑन कंप्युटर कॉन्सेप्ट्स (सीसीसी) में 45 दिन की अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर कृष्णशिला परियोजना से स्टाफ अधिकारी (खनन) समुन्द्रगुप्त गोयल , क्षेत्रीय वित्त प्रबन्धक, सुनील कुमार, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक), प्रवीण कुमार मिश्रा, स्टाफ अधिकारी (सिविल) हुक्माराम सीरवी एवं नोडल अधिकारी (सीएसआर) ओमवीर सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक नें सदर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा द्वारा थाना कोतवाली सदर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, ई- मालखाना, मैस, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे व शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया गया, अभिलेखों को गहनता से चेक किया गया व समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तदोपरांत थाना परिसर की साफ-सफाई को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही प्रभारी निरिक्षक थाना कोतवाली सदर तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता व पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना कोतवाली सदर क्षेत्र से आए हुए ग्राम पहरी से संवाद कर संबंधित के क्षेत्र के बारे में जानकारी ली गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इस मौके पर थाना प्रभारी निरिक्षक थाना कोतवाली सदर व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### लापरवाह कनिष्क सहायक को बीएसए ने किया निलंबित

**हमीरपुर।** शिक्षकों ने सोमवार को एबीएसए कार्यालय में हंगामा करते वहां के कनिष्क सहायक श्रवण कुमार पर मानसिक रूप से परेशान करने वह रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। जिसका संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने मामले की जांच कर उसे निलंबित कर दिया है। शिक्षकों का आरोप था कि कनिष्क सहायक पारस्परिक मानव संपदा आईडी को स्वीकार न करने समेत अध्यापकों को मानसिक रूप से परेशान करता है साथ ही समय पर कार्य नहीं करते हैं। जिस पर मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एबीएसए कार्यालय पहुंचकर जांच की थी। इस दौरान कनिष्क सहायक श्रवण कुमार अनुपस्थित मिले थे। इसके बाद अध्यापकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिपिक की खराब कर शैली से अवगत कराया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कनिष्क सहायक को कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने, समय पर कार्य न करने और अपने दायित्व का निर्वाहन न करने पर ब्लॉक संसाधन केंद्र से तत्काल प्रभाव से निलंबन करने के आदेश दिए हैं।

### जिलाधिकारी नें की समीक्षा बैठक

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद के समस्त कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर (सी0एच0ओ0) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें ए0एम0एस0 व ओ0पी0डी0 टेलीमेडिसीन डी0ए0डी0 एम0एस0 तथा एम0सी0डी0 आदि बिन्दुओ की समीक्षा की गयी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री किसी दशा में न हो: जिलाधिकारी

अवधानामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि वृक्षारोपण स्थलवार नोडल अधिकारी नामित किये जाने के निर्देशों के बावजूद कृषि, पंचायती राज, उद्यान, उच्च शिक्षा, नगर निगम, जल शक्ति, परिवहन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, महिला एवं बाल विकास, आयुष, पर्यटन, आबकारी, अतिरिक्त ऊर्जा श्रोत, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा अभी तक नोडल अधिकारी नामित नहीं किये गये हैं, वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत रोपित किये गये पौधों की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग कर रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं करायी है। परिवहन विभाग द्वारा मात्र 40 प्रतिशत, राजस्व विभाग द्वारा 80.43 प्रतिशत, कृषि विभाग द्वारा 84.64 प्रतिशत, पशुपालन विभाग द्वारा 90.62 प्रतिशत पौधों की ही जियो टैगिंग की गयी है। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को सचेत करते हुये कहा कि 02 दिन में स्थलवार नोडल अधिकारी नामित कर, रोपित किये गये पौधों की जियो टैगिंग कर रिपोर्ट प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बावजूद भी नदियों के किनारे बसे ग्रामों में गठित गंगा समितियों की मासिक बैठक कराकर कार्यवृत्त उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं।

# नए पदाधिकारियों को सगठन की मिले जिम्मेदारी का करें निर्वहन

**कार्यकताओं ने नए पदाधिकारियों का किया स्वागत**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश प्रमुख महासचिव अमरेंद्र आर्य और समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे के प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह में नौजवानों के साथ बैठक हुई सम्पन्न।

वही गुरुवार को समाजवादी कार्यालय प्रभारी अनिल प्रधान ने बताया कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश प्रमुख महासचिव अमरेंद्र आर्य एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे के प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के नौजवानों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा परमेश्वर दयाल और लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कोल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी ने जनपद सोनभद्र के मन्नू पांडे को समाजवादी लोहिया वाहिनी का प्रदेश महासचिव बनाकर सोनभद्र के नौजवानों में जोश भरने का काम किया है। वही श्री अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि युवाओं से देश का भविष्य खड़ा है जिनको मिली जिम्मेदारी मिली है उनका निर्वहन करते हुए सगठन को मजबूत बनाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश से चलकर आए अमरेंद्र आर्य और मन्नू पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरण निर्मल ने हम नौजवानों को जो जिम्मेदारी दी है हम लोग गांव-गांव जाकर अपनी जिम्मेदारी को निभाएंगे और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे द्य कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल कुमार यादव निरंजन कनौजिया तौफीक विजय यादव अंकित राठौर सुरेश कुशवाहा अनिल प्रधान मोहम्मद सईद कुरैशी त्रिपुरारी सुनील गौड़ ज्युतेष गौतम हिदायत उल्ला खान पवन पटेल परमेश्वर हिमांशु कुमारी मंदाकिनी पांडे कुमारी निधि पांडे मनोज सिंह सूरज चौरसिया मोहम्मद कलाम अजीत कनौजिया अशोक पटेल रमेश दिनेश सरोज अजय इमरान तौफीक , गुलाम यासिन,विनित सरोज,के साथ सैकड़ो नौजवान उपस्थित थे।

# गुणवत्ता संवर्धन हेतु एफएलएन उपयोगी: बीडीओ

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/करमा।** घोरावल तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आज गुरुवार को निपुण भारत मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे बैच का शुभारंभ ब्लाक संसाधन केंद्र, घोरावल के सभागार में हुआ ! खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पण कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया ! फाउण्डेशनल लिटरेसी एवं न्यूमैरेसी प्रशिक्षण के प्रथम दो दिवस भाषा के एवं 2 दिवस गणित के आधारित मूलभूत ज्ञान पर विस्तृत कार्य योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी गतिविधियों एवं क्रियाकलाप आधारित शिक्षा जिसे अभ्यास पत्रक व कार्य पत्रक के माध्यम से सिखाया जाएगा, शुभारंभ के पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में सभी शिक्षकों से अपील किया कि आप सभी अपने विद्यालयों में कमज़ोर बच्चो को चिन्हित कर उनके साथ बिना भेदभाव किये समान व्यवहार करते हुए उनको शिक्षा की मुख्य धारा में सम्मिलित करे जिस से उनके आत्मविश्वास में निरंतर अभिवृद्धि हो! साथ ही विद्यालय के सभी नामांकित बच्चे निपुण लक्ष्य को हासिल करे। इस दौरान प्रशिक्षण के सन्दर्भदाता एआरपी अखिलेश कुमार सिंह , अविनाश चंद्र शुक्ल, धर्मराज सिंह, डा मिथिलेश द्रिवेदी, ने प्रशिक्षण शिविर में विस्तृत जानकारी दीद्य प्रशिक्षण निर्धारित दो बैचों में 50- 50 के ग्रुप में कुल 100शिक्षकों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कियाद्य इस मौके पर वकील अहमद खान, रामरक्षा, श्याम सुंदर प्रजापति, अनिमेष सिंह, अंजू, रम्भा सिंह, अभिलाषा, गरिमा, उर्मिला किरन, पयंबर कहा, मन्नु,अंजु नरेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा अनुभव दुबे, सिद्ध नाथ, शौलेंद्र प्राक्रमण सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

## नाजायज असलाह के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा-हमीरपुर।** कस्बे में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अण्डरपासिंग ब्रिज के निकट से एक बाहरी जनपद के युवक को पुलिस ने नाजायज बंदूक के साथ साथ गिरफ्तार किया है।कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान अरतरा रेलवे क्रासिंग पर बने अण्डरपासिंग ब्रिज से महोबा जनपद के पहाड़ी निवासी मनमोहन अवस्थी को एक नाजायज अदधी बंदूक 315 बोर और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# बेटियां पढ़ेंगी तो आगे बढ़ेंगी: सांसद

अवधानामा संवाददाता

**विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**बदौसा।** गुरुवार को कस्बे में संचालित डा. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से समा बांधकर उपस्थिति जन समुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। बतौर मुख्य अतिथि बांदा-चित्रकूट भाजपा सांसद आरके पटेल ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कहा बच्चों को पढ़ाने की बात कहते हुए बोले बेटियां पढ़ेंगी तो आगे बढेगी, विद्यालय कमेटी को आभार ब्यक्ति किया। संचालक नें कहा कमजोर बतायी जाती है नारी मगर कमजोर नहीं होती है नारी। छात्र-छात्राओं की सानदार प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर जम कर तालियां बटोरीं। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों रुची, आकांक्षा, आयशा, वन्दना, शोभनी व रौनक नें अपना बुन्देलखण्ड न्यारो हमें लगत प्रानन से प्यारो सामूहिक गीत एवं लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण गीत, तेरी मिट्टी में, मेरे देश का तिरंगा, फिर भी दिल हिन्दुस्तानी, हम लोग हैं ऐसे दीवाने, हमरो गुलाबी चुनरिया लोक गीत में बच्चे जमकर नाचे और राधा-कृष्ण की बाल लीला का कुशल कस्बे में चर्चा का विषय बना गई। कार्यक्रम में राजेश गुप्ता पूर्व प्रधान बरछा (ब), लाल चन्द्र पूर्व प्रधान बदौसा, रमाशंकर सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी सन्तोष कुशवाहा, रियाजुद्दीन खान, राजकरन यादव, अवध पटेल, सुरेश कुमार वर्मा, स्कूल के प्रबंधक मुस्ताक अहमद, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे। स्कूल के संचालक एहशान अली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सपा छात्र सभा ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**राष्ट्रपति नामित ज्ञापन जिलाधिकारी ऑफिस में देखकर बुलंद की आवाज**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अमरेश यादव के नेतृत्व में गुरुवार को दर्जनों छात्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति नामित ज्ञापन डीएम ऑफिस में देखकर बुलंद की आवाज समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अमरेश यादव ने बताया कि विदित हो कि पिछले कुछ वर्षो से यूपी में छात्रों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में डेढ़ दर्जन से ज्यादा पेपर लीक होने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं एवं बीते 17 फरवरी 2024 की दूसरी शिफ्ट में आयोजित यू पी पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया द्वारा यूजर्स पेपर लीक होने का दावा कर रहे हैं, यह दर्शाता है कि छात्रों के भविष्य के साथ सरासर अन्याय हो रहा है।वही उन्हों ने बताया कि आज पूरे देश के गरीब, किसान, मजदूर का बच्चा विपरीत परिस्थितियों में किसी तरह परीक्षा की तैयारी कर प्रतियोगिता में भाग लेता है और उसे पेपर लीक होने या निरस्त हो जाने की सूचना मिलती है जो की अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वही, नौजवान इससे बहुत निराश और तनाव में है। छोटी बड़ी परीक्षाओं देने के बाद वह अवसाद में जाकर गलत कदम उठाने के लिए मजबूर है। पिछले एक माह में आईआईटी कानपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में एक माह में तीन आत्महत्याएं होना इस अवसाद को साबित करता है आईआईटी दिल्ली कोटा एवं अन्य संस्थाओं में भी इस तरीके की दुर्घटनाओं की खबरें लगातार आ रही है। डॉ ने राष्ट्रपति जी के नामित ज्ञापन देकर कहा कि सपा छात्र सभा इस पर आपका ध्यान आकृष्ट करा कर तुरंत जांच / प्रभावी कदम उठाने के उठाने की मांग करती हैं। अन्यथा छात्र विवश होकर गलत कदम उठाने पर मजबूर हो जाएगा। इस दौरान अमरेश यादव, मुकेश जायसवाल, नितेश सिंह, नरेंद्र यादव ,सोनू ,महेश कुमार, विजय, अभिषेक सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई खेतों में खड़ी फसल

**बांदा।** जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने तहसील बबेरू अंतर्गत ग्राम इंगुवा, मऊ, अरमार, पिण्डारन, भभुवा, जलालपुर, काजीटोला, शमसद्दीनपुर, अधांव तथा औगासी में हुई बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान नायब तहसीलदार बबेरू भी साथ रहे। इस दौरान पाया गया कि किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को भरोसा दिया कि हर संभव मदद की जाएगी। पिछले दिनों बारिश और ओलावृष्टि की वजह से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने कई गांवों में जाकर खेतों का जायजा लिया।

# मटौंध में आयोजित हुई लाभार्थी संपर्क कार्यशाला

**25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा लाभार्थी संपर्क अभियान, केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का किया गया बखान**

अवधानामा संवाददाता



**बांदा।** भाजपा के तत्वावधान में गांव-गांव, शहर-शहर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिसके संबंध में गुरुवार को बड़ोखर मंडल के मटौंध में लाभार्थी संपर्क कार्यशाला का आयोजन किया गया और लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से रूबरू कराया गया। बताया गया कि 25 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक घर-घर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा और जन-जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। गुरुवार को मटौंध नगर पंचायत सभागार में आयोजित लाभार्थी संपर्क कार्यशाला को संबोधित करते जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि डबल इंजन की सरकार में सभी वर्गों के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। जिससे समाज का स्तर पर ऊपर उठ रहा है और हर तबके के लोग समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि भाजपा के तत्वावधान में आगामी 25 फरवरी से 5 मार्च तक घर-घर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाना है। जिसमें संगठन के पदाधिकारी लाभार्थियों के घरों में जाकर उन्हें केंद्र और प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देंगे और लाभार्थियों के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। साथ ही लाभार्थी के अनुभव भी साझा करने होंगे। बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का दायरा इतना विस्तृत है कि हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है। ऐसे में सरकारी योजनाओं को लेकर आम जनता के अनुभव जानने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर काम किया जाएगा। डा.त्रिपाठी ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों को 40 लाभार्थी परिवारों से संपर्क स्थापित करना होगा।

# पूर्वांचल का होगा विकास, हजारों को मिलेगा रोजगार: ए.के. शर्मा

## परियोजनाओं की स्थापना से औद्योगिक क्षेत्र के रूप में मऊ की बनेगी पहचान: नगर विकास मंत्री

**रतनपुरा में 340 करोड़ की लागत से लगेगा 75 मेगा. का सोलर पावर प्लांट**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के साथ ही पूर्वांचल के विकास में भी निवेशकों ने निवेश में रूचि दिखाई है। मऊ जिले में 1084.50 करोड़ रुपये के निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में 52 प्रोजेक्ट स्थापित होंगे। विगत दिनों लखनऊ में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से मऊ जिले को 52 परियोजनाओं की सौगात मिली। इन परियोजनाओं के धरातल पर आने से 07 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से भी कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। जिले के विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा जी ने कहा कि इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से मऊ जिले की एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में पहचान बनेगी। मऊवासियों को रोजगार तलाशने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने जिले में ही भरपूर रोजगार और काम मिलेगा। मऊ के औद्योगिक हब बनने से क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा और लोगों की तरक्की के द्वारा खुलेंगे। उन्होंने निवेशकों को शुभकामनायें देते हुए निवेश को धरातल पर उतरने में हर संभव मदद का आश्वासन दिया है. साथ ही उन्होंने मऊ और पूर्वांचल वासियों को बधाई दी है।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मऊ जिले के एक दर्जन से अधिक विभिन्न सेक्टर के निवेशकों को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान मऊ जिले की 52 परियोजनाओं की मंजूरी के साथ 1084.50 करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतारा गया। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से मऊ की धरा पर हजारों करोड़ रुपये का निवेश उतरने से उद्यमियों समेत मऊ के युवाओं में काफी उत्साह है।

फरवरी 2023 में ग्लोबल इनवेस्टर समिट में हुए 126 इंटेंट फाइल के माध्यम से 7312 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को 19 फरवरी को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में धरातल पर उतारा गया। जिले में उद्यमी साधना गुप्ता, मधुसूदन त्रिपाठी, श्यामसुंदर सिंह, निर्मल गुप्ता, डॉ. मनीष कुमार राय, मनीष चौबे, अजीत कुमार सिंह, प्रभुनाथ सिंह, राजीव प्रकाश सिंह, रविशंकर, राजकुमार खंडेलवाल, प्रेम सिंह सहित 15 उद्यमियों को लखनऊ में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित ग्राउंड सेरेमनी में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया गया था।

सेरेमनी में नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक 340 करोड़ रूपये का निवेश हुआ है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान 52 परियोजनाओं में मुख्य रुप से रतनपुरा में सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। इसमें कंपनी द्वारा 340 करोड़ रुपये से 75 मेगा. क्षमता का सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जा रही है। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए से 150 बेड क्षमता का मेडिकल कालेज की स्थापना, 100 करोड़ रुपये से फूड एण्ड एग्रोपॉर्क, 50 करोड़ रुपये से बायो सीएनजी प्लाण्ड तथा 50 करोड़ रुपये से 45 बेड का सांई हास्पिटल आदि की स्थापना के लिए निवेश किया गया है। इसके अलावा अन्य उद्यमियों द्वारा गैस प्लाण्ड, फ्लोर मिल, प्रोसेसिंग प्लाण्ट, बेकरी आदि अन्य सेक्टरों में भी निवेश किया गया है, जिससे जिले के विकास के साथ ही रोजगार के अवसर भी खुले हैं।

## सरसावा स्टेशन पर ट्रेनों का एक मिनट का ठहराव 8 से 10 मार्च तक के लिये बढ़ा

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर रेलवे के सरसावा स्टेशन पर ट्रेनों का एक मिनट का ठहराव 8 से 10 मार्च तक दिये जाने का निर्णय लिया गया है। 15212 अमृतसर दरभंगा जननायक एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 1:07 बजे पहुंचकर 1:08 बजे छूटेगी। 14523 मुजफ्फरपुर अम्बाला एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 7:22 बजे पहुंचकर 7:23 बजे छूटेगी। 14649 जयनगर अमृतसर सरयू जमुना एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 10:38 बजे पहुंचकर 10:39 बजे छूटेगी। 14673 जयनगर अमृतसर शहीद एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 10:38 बजे पहुंचकर 10:39 बजे छूटेगी। 14617 बनमंखी अमृतसर एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 10:52 बजे पहुंचकर 10:53 बजे छूटेगी। 14618 अमृतसर बनमंखी जनसेवा एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 12:24 बजे पहुंचकर 12:25 बजे छूटेगी। 15011 लखनऊ जंक्शन चण्डीगढ़ एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 12:57 बजे पहुंचकर 12:58 बजे छूटेगी। 12408 अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 2:29 बजे पहुंचकर 2:30 बजे छूटेगी। 14603 सहरसा अमृतसर एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 8:47 बजे पहुंचकर 8:48 बजे छूटेगी। 15012 चण्डीगढ़ लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 7:09 बजे पहुंचकर 7:10 बजे छूटेगी। 14650 अमृतसर जयनगर सरयू जमुना एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 7:23 बजे पहुंचकर 7:24 बजे छूटेगी। 14673 अमृतसर जयनगर शहीद एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 7:23 बजे पहुंचकर 7:24 बजे छूटेगी। 15211 दरभंगा अमृतसर जननायक एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 7:32 बजे पहुंचकर 7:33 बजे छूटेगी। 14524 अम्बाला मुजफ्फरपुर हरिहर एक्सप्रेस सरसावा स्टेशन पर 11:17 बजे पहुंचकर 11:18 बजे छूटेगी।

## प्लेटफॉर्म बदले जाने पर गोमती छपरा एक्सप्रेस के यात्रियों को हुई परेशानी

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** छपरा जाने वाली गोमतीनगर छपरा एक्सप्रेस के यात्रियों को बीती रात प्लेटफॉर्म अचानक बदल दिये जाने से काफी दिक्कत हुई। गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के बाद यात्रियों ने पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन से शिकायत की जिस पर जांच का आश्वासन दिया गया है। मामला ट्रेन नम्बर 15113 गोमतीनगर छपरा एक्सप्रेस का है। यात्रियों ने पूवोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है कि ट्रेन प्लेटफॉर्म नम्बर चार से जानी थी। काफी देर तक ट्रेन के नहीं आने पर जब यात्रियों ने नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम एनटीईएस व 139 पर पड़ताल की तो ट्रेन के प्लेटफॉर्म को तीन नम्बर से रवाना होने की जानकारी दी गई।

# इरम गर्ल्स कॉलेज में देश के पहले शिक्षा मंत्री की जयंती पर संगोष्ठी

अवधनामा ब्यूरो

**मौलाना आजाद ने महिला शिक्षा पर बल दिया: कल्पना**

**लखनऊ।** मौलाना आजाद मेमोरियल अकादमी की ओर से देश के पहले शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की 66वीं पुण्यतिथि पर इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित हुई। मौलाना आजाद अपने पत्रों के आलोक के शिक्षक विषय पर पूर्व पुलिस महानिदेशक शैलेन्द्र सागर की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने मौलाना आजाद के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कल्पना श्रीवास्तव ने कहा कि मौलाना आजाद ने महिला शिक्षा पर बल दिया। वे देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में शिक्षित और आदर्श नारी के रूप में देखना चाहते थे। इरम एजूकेशनल सोसाइटी के सचिव ख्वाजा सैफी यूनुस ने कहा कि मौलाना आजाद जैसा व्यक्तित्व सदियों में पैदा होता है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका अतुलनीय योगदान है। देश में शैक्षिक, तकनीकी, वैज्ञानिक, साहित्यिक जो उपलब्धियां नजर आती हैं मौलाना आजाद की देन हैं। लेकिन देश का युवा उनके व्यक्तित्व से परिचित नहीं है। शरीक अल्वी ने कहा कि देश को अच्छी शिक्षा के साथ नैतिक और आदर्श मूल्य की बहुत जरूरत है। मौलाना आजाद का मानना था कि शिक्षा को ज्ञान के भण्डार के लिए अर्जित करना चाहिए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शैलेन्द्र सागर ने कहा कि देश को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक उन्नति के साथ वसुधैव कुटुम्बकम की परम्परा को मजबूत करना होगा। देश के 65 करोड़ युवा और छात्रों को किताबी शिक्षा के साथ ज्ञानवर्द्धन के लिए अध्ययन विकसित करना चाहिए। राष्ट्रीय एकता देश की मूल धरोहर है, उसे मजबूत करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने गोष्ठी का संचालन करते हुए कहा कि मौलाना आजाद एक निर्भीक पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी साप्ताहिक पत्रिका अल हिलाल से अंग्रेजों की बांटो और राज करो की नीति को उजागर कर हिंदू-मुस्लिम एकता पर बल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच सीट बटंवारे के बाद से ही अखिलेश यादव के यात्रा में शामिल होने के कयास लगने लगे थे। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सपा प्रदेश कार्यालय पहुंच यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़ेका आमंत्रण पत्र दिया। सपा मुख्यालय पर मौजूद राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने पत्र प्राप्त करने की पुष्टि की।

### मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने की मुतवल्ली की तारीफ



**लखनऊ।** वक्क मीर खुदा बक्श कर्बला ताल कटोरा में रोजा ए हजरत इमाम हुसैन (अ.स) के सामने बनी बरगाह में नवासे रसूल (स) व जवानाने जन्नत हजरत इमाम हसन (अ.स) व हजरत इमाम हुसैन (अ.स) की याद में दो चांदी के ताजों को सजा कर मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने रखा। अब अकीदतमंद इन ताजों की जियारत कर सकेंगे। मौलाना जव्वाद ने कर्बला में मुतवल्ली शादाब आगा दुआरा किये गए कामों की तारीफ की। कार्यक्रम का आयोजन कर्बला के मुतवल्ली शादाब आगा की ओर से किया गया था। इस मौके पर मुतवल्ली शादाब आग़ा ने मौलाना कल्बे जव्वाद सहित अन्य मौलानाओ की गुलपोशी की। इस मौके पर मौलाना रजा हुसैन, मौलाना फिरोज हुसैन, शबाहत हुसैन, तफसीर हुसैन अनवर मुर्तुजा मिंटू, सारिम मेहदी सहित अन्य उलमा व लोग मौजूद थे।

### सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर में 30 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली

**नई दिल्ली/लखनऊ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर में किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के सिविल कार्यों जिसे चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) द्वारा कार्यान्वित किया गया, के आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से संबंधित एक मामले की जारी जांच में आज 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 30 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली। ये तलाशी जम्मू, श्रीनगर, दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई, बागपत, नोएडा, पटना, जयपुर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर एवं चंडीगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर हो रही है। सीबीआई ने सीवीपीपीपीएल के कर्मियों; एक निजी कंपनी एवं अन्य अज्ञातों के विरुद्ध दिनाँक 20.04.2022 को तत्काल मामला दर्ज किया था। यह आरोप है कि किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट से संबंधित सिविल कार्यों के आवंटन में, ई-टेंडरिंग के संबंध में दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया था। यह भी आरोप है कि यद्यपि सीवीपीपीपीएल की 47वीं बोर्ड बैठक में जारी निविदा प्रक्रिया को रद्द करने के पश्चात, रिवर्स नीलामी के साथ ई-टेंडरिंग के माध्यम से पुनः निविदा हेतु एक निर्णय लिया गया था। लेकिन इसे लागू नहीं किया गया एवं 48वीं बोर्ड बैठक में 47वीं बोर्ड बैठक के निर्णय को उलट दिया गया। तलाशी के दौरान भारी नकदी जमा, सावधि जमा में निवेश, विभिन्न शहरों में संपत्तियों में निवेश, डिजिटल एवं दस्तावेजी साक्ष्य आदि के साक्ष्य बरामद किए गए हैं।

### जश्ने यूसुफे कर्बला मनाया

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के बेटे शहजादे अली अकबर (अ.स.) की विलादत के मौके पर अजाखाना रजा अब्बास मरहूम टापे वाली गली में जश्ने यूसुफ-ए-कर्बला शीर्षक से एक महफिल का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। महफिल का आगाज कारी फुरकान हुसैन ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन गुलरेज नकी ने किया। इसके बाद शयार एजाज जैदी, नय्यर मजीदी, हसन फराज,अंजुम गदीरी, फरीद मुस्तफा,शान आब्दी, दानिश जैदी, फरमान लकनवी,अंबर आब्दी,मोजिज अब्बास, फैजान लकनवी, मिर्जा सुरूर दबीरी,अली लकनवी, फैजान जाफर आदि ने हजरत अली अकबर (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। इसके अलावा अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में महफिल को मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने खिताब किया।


